रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 82,365.77 +231.16
डॉलर 83.870 -0.017
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,290
01 किलो 93,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 31 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 209, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 भारत की सबसे अमीर सेल्फ-मेड...






## पेरिस पैरालंपिक : भारत को एक स्वर्ण, एक रजत दो कांस्य, अवनि ने रिकार्ड के साथ जीता गोल्ड

**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक में भारत ने शुक्रवार को एक स्वर्ण एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। अवनि लेखरा ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। फाइनल में, अवनि ने टोक्यो खेलों में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए आठ खिलाड़ियों की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं भारत की युवा पैरा एथलीट प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर (टी35) दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। अपना पहला पैरालंपिक खेल रहीं 23 वर्षीय प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर (टी35) दौड़ स्पर्धा के फाइनल में 14.21 सेकंड में 100 मीटर की दूरी पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। यह पहला मौका है जब भारत ने ट्रैक एंड फिल्ड में पदक जीता है। वहीं पैरालंपिक शूटर मनीष नरवाल ने पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 फाइनल में रजत पदक हासिल किया। सभी को पदक जीतने पर प्रधनमंत्री ने बधाई दी है।



**प्रीति पाल** पैरालंपिक के ट्रैक इवेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय

## हेमंत कैबिनेट में मंत्री बने रामदास सोरेन, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन आज हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में शामिल हो गए। शुक्रवार सुबह 10.30 बजे राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके कैबिनेट के कई अन्य मंत्री मौजूद रहे। 61 वर्षीय रामदास सोरेन विधानसभा कि घाटशिला सीट से झामुमो के विधायक हैं। 28 अगस्त को चंपई सोरेन के मंत्री पद से इस्तीफे की वजह से कैबिनेट में एक मंत्रीपद की एक सीट खाली हुई थी। चंपई सोरेन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी और जल संसाधन विभाग में मंत्री थे। संभावना जताई जा रही है कि रामदास सोरेन को ये दोनों विभाग का ही कार्यभार दिया जाएगा। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से राज्य के कोल्हान इलाके में सियासी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में उनकी जगह रामदास सोरेन को मंत्री बनाए जाने के फैसले को सियासी डैमेज कंट्रोल की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

शेष पेज 11 पर



### तीन मंत्रियों के विभागों में **फेरबदल**

रामदास सोरेन के मंत्री बनने के बाद तीन मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मिला है। यह विभाग पहले हफीजुल हसन के पास है। उनके पास पहले से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पर्यटन विभाग है। वहीं, मंत्री हफीजुल हसन के पास अब अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और निबंधन विभाग है जबकि नये मंत्री रामदास सोरेन को जल संसाधन विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मिला है। यह विभाग पहले चंपाई सोरेन के पास था।

## शिवराज, हिमंता और बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में किया स्वागत

# अपमान से आहत होकर कोल्हान टाइगर ने थामा भाजपा का कमल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नासमझी भरे राजनीतिक अपमान से अंदर तक आहत राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को नए झारखंड के निर्माण के संकल्प के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। इसके साथ ही झामुमो के साथ साढ़े चार दशकों की राजनीतिक यात्रा को उन्होंने विराम दे दिया। चंपाई के साथ उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन और सरायकेला-खरसावां जिला परिषद के अध्यक्ष तथा पार्टी के कद्दावर नेता सोनाराम बोदरा सहित हजारों लोग भाजपा में शामिल हुए। रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित एक बड़ी जनसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इसके पहले चंपाई सोरेन ने कहा कि वह झारखंड के नवनिर्माण का संकल्प लेकर भारतीय जनता पार्टी में आए हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन उन नेताओं में शामिल रहे हैं, जिनके संघर्षों की बदौलत अलग झारखंड का निर्माण हुआ। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ऐसे नेता को अपमानित किया है। अब वे भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं और नए झारखंड के निर्माण का संकल्प लेकर आए हैं। बता दें कि चंपाई सोरेन ने 18 अगस्त को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट लिखकर झामुमो से अलग नया अध्याय शुरू करने का ऐलान किया था। उन्होंने लिखा था कि राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए झामुमो में उनका अपमान किया गया।

शेष पेज 11 पर



**68** वर्षीय चंपाई सोरेन सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रहे हैं

**05** महीने तक मुख्यमंत्री रहने के अलावा वह सरकार में तीन बार मंत्री भी रहे हैं

**45** वर्षों से झामुमो की राजनीति करने वाले चंपाई, शिबू के अनन्य सहयोगी रहे हैं

**18** अगस्त को झामुमो से अलग नया अध्याय शुरू करने का ऐलान किया था

**28** अगस्त को उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व सभी पदों से इस्तीफा दे दिया

### मेरे पीछे जासूस लगाए गए, अपमानित किया

#### सिदो-कान्हू की धरती बचाने के लिए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को भाजपा में शामिल होते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित सभा में सार्वजनिक तौर पर अपनी पीड़ा का इजहार किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा नेतृत्व के प्रति अपने विश्वास की वजह का जिक्र किया। चंपई सोरेन ने कहा, हमने झारखंड प्रदेश में लंबी लड़ाई लड़ी और जिस संगठन को खून-पसीने से सींचा, उससे आज निकल आया हूं। मेरा वहां अपमान हुआ। मुझे लगा कि अब संन्यास ले लूं, लेकिन जब इलाके के लोगों से मिला तो उनका प्यार और समर्थन देखकर राजनीतिक तौर सक्रिय रहने का फैसला लिया। झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ ने सब बदल दिया है। आदिवासी वहां नहीं मिलेंगे। एक-एक करके गांव मिटते जा रहे हैं। झारखंड अलग राज्य लड़ कर लिया है। तीर की नोक पर संथाल परगना बनाया है। लेकिन मां-बहन की इज्जत बचानी होगी। हम उस जमीन के पुत्र हैं तो घुसपैठिए को रोक के दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना सिदो-कान्हू की धरती है। इस धरती को बचाने के लिए हमने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर मेरा विश्वास जागा। संथाल परगना और आदिवासी को बचाने का काम सिर्फ भाजपा कर सकती है।



शेष पेज 11 पर

### घुसपैठ से झारखंड में ट्राईबल्स के धर्मांतरण का चल रहा खेल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर दोनों को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में घुसपैठ के माध्यम से ट्राईबल्स के धर्मांतरण का खेल चल रहा है। कोर्ट ने कहा कि राज सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए कई मौके दिए गए थे

▸ दिग्भ्रमित कर रहीं केंद्र और राज्य की सरकारें : हाईकोर्ट

शेष पेज 11 पर

### हेमंत सरकार का आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू

#### मुख्यमंत्री ने लोगों से लाभ उठाने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरूआत हुई। यह जनसंपर्क कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहेगा। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सभी जिलों के विशेष शिविर लगाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जेएमएम के विधायक व नेता और सभी जिलों के डीसी लोगों को अपने नजदीकी पंचायत,वार्ड में जाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील कर रहे हैं। हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आपकी सरकार आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए चौथी बार आपके द्वार पहुंच रही है। उन्होंने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे शिविरों से

शेष पेज 11 पर

## इंडिया | सभ्यता-संस्कृति के प्रतीकों को नष्ट करने का आत्मघाती प्रयास



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बांग्लादेश की अशांति से समूचा विश्व इस बात को लेकर चिंतित है कि वहशी भीड़ ने आखिर उन लोगों को क्यों निशाना बनाया, जो जिम्मेदार नागरिक होने के साथ देश के विकास में किसी न किसी रूप में अपना योगदान कर रहे थे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि उन्मादी अपनी ही धरोहर और संस्कृति को नष्ट करने पर आमादा हैं। इन्हें समझ नहीं है कि पुरातात्विक महत्व की अमूल्य वस्तुओं को जलाकर वे अपने ही देश का नुकसान कर रहे हैं। धरोहर, पर्यटन और अर्थ, तीनों एक-दूसरे से जुड़े हैं। कई देशों की अर्थव्यवस्था धरोहरों पर ही निर्भर है। इससे उन्हें क्या हासिल होने वाला है?प्रख्यात लोकगायक राहुल आनंद के 140 साल पुराने घर पर हमला कर और उनके तीन हजार से ज्यादा दुर्लभ वाद्ययंत्रों को जला देने से? कई देशों से ये वाद्ययंत्र उन्होंने संकलित किए थे। घर के एक कमरे को राहुल ने संग्रहालय में तब्दील कर दिया था। कमरे में ही उनका 'जोलेर गान' ग्रुप अभ्यास और रिकॉर्डिंग करता था। वह किसी तरह पत्नी और बेटे को लेकर पीछे के दरवाजे से निकल सके। अन्यथा भीड़ फिल्म निर्माता सलीम खान और उनके बेटे शांतो खान की तरह उनका भी वही हाल कर सकती थी। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को तोड़ दिया। जब हम किसी शहर में जाते हैं, तब किसी न किसी महान हस्ती की प्रतिमा देखने को मिल जाती है। यह कालांतर में धरोहर बन जाती है। भीड़ ने इंदिरा गांधी भारतीय सांस्कृतिक केंद्र पर हमला किया। सुनामगंज में बंगबंधु लिबरेशन वॉर म्यूजियम में रखीं दुर्लभ तस्वीरों और दस्तावेजों आदि को क्षति पहुंचाई। ढाका एक शहर ही नहीं, बल्कि दुनिया के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों में से एक रहा है। धन संपदा क्षति की भरपाई हो सकती है, लेकिन धरोहर और पुरातात्विक वस्तुओं की नहीं। सभ्यता और संस्कृति को तहस-नहस करने का सिलसिला दुनिया में सैकड़ों वर्षों पहले से चला आ रहा है। यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर गठित किए जाने के बाद भी इसे रोकने के ठोस उपाय नहीं किए गए। धरोहर नष्ट करने की पहली घटना इतिहास में 330 ईस्वी की मिलती है, जब सिकंदर ने फारस की राजधानी पर्सेपोलिस पर हमला कर वहां की सभ्यता को भारी क्षति पहुंचाई। भारत में खिलजी, गुलाम, तुगलक, मुगल और फिर अंग्रेज हुकूमत ने यही किया। अंग्रेजों ने तो मुगलों की कई इमारतों के प्रमुख हिस्सों को तोड़कर अपनी जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल किया। लाल किले में रंग महल को सैनिकों की रसोई में तब्दील कर दिया। वर्ष 1193 में दीन मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को तहस नहस कर दुर्लभ पुस्तकालय में आग लगाई थी ।ओपयम युद्ध के दौरान वर्ष 1860 में ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने चीन के युवानमिंगयुन स्थित ग्रीष्मकालीन शाही महल में आग लगा दी और यहां रखीं कलाकृतियां, स्वर्ण व चांदी जड़ित कलात्मक वस्तुएं लूट ले गईं। 14 अगस्त, 1900 को चीन में बॉक्सर विद्रोह को कुचलने के लिए ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रिया, हंगरी, इटली के 19 हजार सैनिकों ने बीजिंग पर कब्जा कर पुरातात्विक महत्व की हजारों वस्तुएं लूटीं। ऐसी कई घटनाओं के बाद 1899 में हेग सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मसौदा तैयार कर सभी देशों से अपील की गई कि युद्ध के दौरान ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक स्थलों और स्मारकों को क्षति नहीं पहुंचाएं। हालांकि इस समझौता पत्र पर बेनिन और चीन ने हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था।द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजियों ने सोवियत संघ और पोलैंड में कला व संस्कृति से संबंधित वस्तुएं लूटीं और जर्मनी ले जाकर तहस-नहस कर दीं। 1917 में रूस की बोल्शेविक हुकूमत ने महलों, संग्रहालयों, चर्चों से प्राचीन कलाकृतियां जब्त कर लीं। चीन में माओत्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्ट सत्ता ने 1966 में मठों, म्यूजियम आदि पर पहरा बिठा दिया। कम्युनिस्ट सत्ता ने सबसे ज्यादा क्षति तिब्बत में पहुंचाई। 1949 से पहले तक यहां छह हजार से अधिक मंदिर और मठ थे, अब केवल 13 बचे हैं। 2012 में इस्लामी आतंकियों ने माली के टिंबुकटू शहर पर हमला कर ज्यादातर समाधियां नष्ट कर दीं। अफगानिस्तान में बामियान स्थित बुद्ध की विशाल प्राचीन प्रतिमा को तालिबान ने विकृत कर दिया। रूस और फ्रांस क्रांति में भी यही हुआ। प्रश्न यह उठता है कि इन अमूल्य संपदाओं को कैसे स्थायी तौर पर संरक्षित किया जाए? वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर की भूमिका धरोहरों की सूची बनाने तक सीमित है। वहशी भीड़ का शिकार ये न बनें। संरक्षण का काम संबंधित देश की सरकारों का है। ध्यान देने की बात है कि जब हमलावर भारी पड़ते हैं, तब सरकारें भी लाचार हो जाती हैं। चूंकि इस मामले में सभी देश प्रभावित रहे हैं, इसलिए संयुक्त राष्ट्र को ठोस और प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए। धरोहरों को क्षति पहुंचाने के कृत्यों को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।घृणा और वर्चस्व का यह हिंसक कृत्य सभी के लिए आत्मघाती है।



### उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़

## प्रतियोगिता जानलेवा, बहाली में बेहोश होकर अबतक 3 मरे



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिले में उत्पाद विभाग के सिपाही पद पर बहाली के लिए हो रही दौड़ प्रतियोगिता जानलेवा साबित हो रही है। दौड़ लगाते हुए अभ्यर्थी लगातार बेहोश हो रहे हैं। शुक्रवार दोपहर तक तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई है, जबकि 100 से अधिक बीमार पड़ गए हैं। दो को रांची रिम्स भेजा गया है। बीमार अभ्यर्थी पागलों की तरफ व्यवहार कर रहे हैं। उनके हाथ-पांव बांधकर या पकड़कर इलाज किया जा रहा है। गुरुवार शाम को बिहार के गया जिले के परिरिया थाना क्षेत्र के बरैला लक्ष्मण बीघा के रहने वाले 20 वर्षीय अमरेश कुमार और शुक्रवार दोपहर में छतरपुर के अरुण कुमार की मौत हुई है। अरुण की मौत रांची रिम्स में हुई। उसे दो दिन पहले रेफर किया गया था। शाम तक तीसरे अभ्यर्थी ने दम तोड़ दिया।

शेष पेज 11 पर

# सरकार ने पिछले साढ़े 4 वर्षों में राज्य हित के कई अहम निर्णय लिये : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री का आभार जताया। पोषण सखी दीदियों ने 29 अगस्त को मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पुनर्बहाली की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से हम सभी पोषण सखी काफी हर्षित



राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचीं पोषण सखी दीदियों ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात

और उत्साहित हैं। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार समस्त राज्य वासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम निरंतर कर रही है। राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिया गया हर निर्णय सराहनीय है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पोषण सखी दीदियों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए हैं।

राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीति का निर्धारण भी किया गया है, जिसका लाभ राज्यवासियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य की नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार समर्पित रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडवासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आने वाले दिनों में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी।

इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक सुखराम उरांव, विधायक दशरथ गागराई, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक निरल पूर्ति, विधायक कल्पना सोरेन के अलावा विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियां उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### चेक बाउंस में सजायाफ्ता की क्रिमिनल अपील खारिज, सजा बरकरार

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की अदालत ने चेक बाउंस में सजायाफ्ता अपर चुटिया निवासी रामावतार सोनकर की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने शुक्रवार को रामावतार की ओर से दाखिल क्रिमिनल अपील याचिका को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। अदालत ने अपीलकर्ता के विरुद्ध दोषसिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की बरकरार रखा है। न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने 12 जून को चेक बाउंस के आरोप में दोषी पाकर रामावतार सोनकर को एक साल की सजा और 30 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। रामावतार ने लोअर चुटिया निवासी अरुण साहू से निर्माण कार्य के लिए फरवरी 2022 में 17.40 लाख कर्ज लिया था। इसके बदले उसने पोस्ट डेटेड चेक दिया था, वह बाउंस कर गया था।

### आरपीएफ ने 85 लोगों से वसूला जुर्माना

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में आरपीएफ इन्स्पेक्टर ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कुल 85 आरोपितों के खिलाफ रेल अधिनियम कि धारा 162 के तहत (45 मामले) तथा रेल अधिनियम कि धारा 147 के तहत (40 मामले) दर्ज किए गए। बाद में सभी से कुल 4,250 रुपये जुर्माना वसूला गया।

### हत्यारोपी को जेल में रहने के बाद मिली सशर्त जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पवन कुमार की अदालत ने शुक्रवार को हत्या के आरोपित संजय नायक की जमानत याचिका सुनवाई के बाद सशर्त स्वीकार किया। शर्त के तहत आरोपित को केस के ट्रायल पूरी होने तक प्रत्येक तारीख को कोर्ट में हाजिरी लगानी होगी। वह नामकुम कांड संख्या 215/2019 मामले में आरोपित है। उसमें उसको जमानत की सुविधा प्राप्त है लेकिन मामले की सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख को कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। इस पर अदालत ने उसका बंध पत्र रद्द करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

# चंपाई ने बागवान की तरह जेएमएम को सींचा लेकिन उन्हें अपमानित किया गया : शिवराज

- *चंपाई सोरेन ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की*
- *झारखंड को बचाने व माता-बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए साथ आए*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चम्पाई सोरेन ने झारखंड के निर्माण के लिए अपनी जिंदगी और जवानी खपा दी। राज्य की जनता की सेवा में दिन रात एक कर दी। ऐसे ही लोगों के परिश्रम का परिणाम है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड का निर्माण किया। शिवराज ने कहा कि चम्पाई सोरेन एक ऐसे नेता हैं, जो जीवन भर झारखंड के लिए लड़े और समर्पित भाव से जनता की सेवा की। झारखंड को बचाने के लिए, माता बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए इन्होंने भाजपा के साथ आने का निर्णय लिया है। उनके आने से निश्चित तौर पर पार्टी को ताकत और ऊर्जा मिलेगी। ऐसे नेता चम्पाई सोरेन और उनके साथियों का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत और अभिनंदन है। चौहान शुक्रवार को रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा, बाबूलाल मरांडी ने इन्हें सदस्यता दिलाई।

### भाजपा की सरकार आने पर चंपाई जासूसी प्रकरण का होगा हिसाब-किताब : हिमंता



असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड देश में एक ऐसा प्रदेश है, जहां के मुख्यमंत्री ही अपने मंत्री के पीछे जासूस लगाते हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने कहा कि सिक्योरिटी की वजह से ऐसा किया गया था तो सवाल है कि सिक्योरिटी वाले पुलिस के हाथ में बंदूक क्यों नहीं था। चम्पाई सोरेन झारखंड आंदोलन के नेता हैं और शिबू सोरेन के साथ इन्होंने संघर्ष किया है। इनकी जासूसी कराना शर्मनाक है। हिमंता ने कहा कि चम्पाई सोरेन की जासूसी पिछले छह महीने से कराई जा रही है। इससे संबंधित मेरे पास सबूत है। बीजेपी की सरकार आने पर इस जासूसी प्रकरण का सारा हिसाब-किताब किया जाएगा। आईजी प्रभात कुमार से भी इसका हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चंपई सोरेन को सम्मान दिया है और हमेशा सम्मान दिया जाएगा। बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा के साथ मिलकर चम्पाई झारखंड के विकास और उत्थान के लिए काम करेंगे।

### आदिवासियों को सबसे अधिक मान व सम्मान भाजपा ने दिया : बाबूलाल



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस प्रदेश में साढ़े चार वर्षों में जिस प्रकार से हेमंत सरकार ने काम किया है, वह किसी से छुपा नहीं है। हर मोर्चे पर हेमंत सरकार फिसड्डी साबित हुई है। जेएमएम के लोग और विधायक भी इस सरकार में अपमानित महसूस कर रहे हैं। जेएमएम के विधायक से बात होती है तो वे लोग कहते हैं कि बड़ा अपमानित महसूस कर रहे हैं। वे लोग कहते हैं कि हम लोग का कोई वजूद ही नहीं रह गया है। इस सरकार में दलाल बिचौलियों, भ्रष्ट अफसरों की पूछ है। सरकार को यही लोग चला रहे हैं। हेमंत सोरेन इसके सरगना हैं। बाबूलाल ने कहा कि चम्पाई सोरेन बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने समय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा ही आदिवासियों और मूलवासियों के दर्द को महसूस करती है। इसलिए इनका कोई भला कर सकता है तो वह भाजपा ही है। मरांडी ने कहा कि मोदी और भाजपा के दिल में झारखंड बसता है। भाजपा के दिलों में यहां के आदिवासी और मूलवासी बसते हैं। आदिवासियों का, मूलवासियों का, झारखंड का कोई विकास कर सकता है तो वह भाजपा है।

### चंपाई को भाजपा में शामिल होने पर किसी ने सराहा, किसी ने बताया गलत



चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होते ही जनता के बीच राजनीतिक चर्चा का माहौल गर्म है। कई लोग चंपाई सोरेन को बीजेपी में शामिल होने के फैसले को गलत मानते हैं। उनका कहना है कि जिस पार्टी ने चंपाई सोरेन को राजनीतिक कद दिया। मान- सम्मान पद प्रतिष्ठा दिया। उस पार्टी की उन्होंने कोई कदर नहीं की। जबकि कुछ लोगों का मानना है कि जिस जेएमएम पार्टी को चंपाई सोरेन ने खून पसीने से सींचा। उसने इस लायक बनाया कि कई बार झारखंड में जेएमएम की सरकार बनी। उस जेएमएम पार्टी ने चंपाई सोरेन की जासूसी कराई। रैली में शामिल ड्राइवर संतोष, गोपाल और राहुल बताते हैं कि भाजपा की रैली में हजारों लोग शामिल हुए। बस में अनेक आंगनबाड़ी सेविकाएं भी थी। वे सेविकाएं चंपाई सोरेन को गरीबों का नेता मानती है। उनका कहना था कि चंपाई सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं की दुख दर्द को समझा है। 2000 रूपए की मानदेय सेविकाओं को मिलती है, जिससे घर चलाना कठिन है। चंपाई को सीएम बने रहने दिया जाता तो आज उनको 10,000 रूपए की सम्मानपूर्ण मानदेय मिलती।

## सदस्यता लेने के बाद पूर्व सीएम चंपाई पहुंचे भाजपा कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की सदस्यता ग्रहण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहकोल्हान प्रमंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में हुए शामिल। विजय संकल्प को पूरा करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रमंडल प्रभारी एवं सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित कोल्हान प्रमंडल के सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों, योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

## झामुमो बांस की तरह है, जिसे कभी भी जड़ से उखाड़ा नहीं जा सकता : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा के आज धुर्वा में आयोजित समारोह का जिक्र किया। सुप्रियो ने कहा कि हमारे प्रमुख प्रतिद्वंदी दल भाजपा का एक समारोह धुर्वा में आयोजित हुआ। उस समारोह में भाजपा के विस चुनाव प्रभारी भारत के कृषि मंत्री एवं मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज चौहान, असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा उपस्थित थे, हमें लगता था कि ये आयोजन किसी राजनीतिक संदेश के लिए होगा, लेकिन बीते तीन-चार दिनों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मुख्य प्रतिद्वंदी दल भाजपा हमसे राजनैतिक तौर पर मुकाबले के लिए तैयार नहीं है। भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो बांस की तरह है, जिसे कभी भी जड़ से उखाड़ा नहीं जा सकता । भाजपा समाज को बांट कर राजनीति को दूषित कर रही है, यह पार्टी हमारी प्रतिद्वंदी है, उनका चरित्र अब पॉलिटिकल इश्यू का नहीं रहा। जो पार्टी और जो सरकार उच्चतम न्यायालय में यह मान चुकी है कि हम जासूसी करवाते थे पेगासस के द्वारा, जबकि उनका तो सबकुछ जासूस से ही जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि असम के सीएम यहां आते हैं तो क्या असम राज्य की पुलिस हमारे राज्य के पुलिस के संपर्क में नहीं रहती है, क्या वो जहां ठहर रहें वहां का जायजा और रूट की जानकारी वहां की पुलिस नहीं लेता, ये लेना पड़ता है, समन्वय बनाकर चलना पड़ता है। क्योंकि वे विशिष्ट जन हैं। लेकिन आजकल भाजपा को हर आदमी भूत दिखता है, कोई प्रणाम भी करे तो पीछे घूम जाते हैं कि सहीं ये जासूस तो नहीं, यह बस डर है।

## महिलाओं के लिए शी बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने और उनकी निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत मंच नया शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल के शुभारंभ का कार्यक्रम 29 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान मंत्रालय की नई वेबसाइट का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और सचिव, महिला और बाल विकास मंत्रालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नया शी-बॉक्स पोर्टल देश भर में गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीय समितियों (एलसी) से संबंधित सूचनाओं के केंद्रीकृत भंडार के रूप में कार्य करता है जिसमें सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। यह शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति को ट्रैक करने और आईसी द्वारा शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है। यह पोर्टल शिकायतों का सुनिश्चित निवारण और सभी हितधारकों के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रदान करता है। यह पोर्टल नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी करने की सुविधा प्रदान करेगा।

सीईओ ने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, बोले

# खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को चिह्नित करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने शुक्रवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से ऑनलाईन मध्यम से समीक्षा बैठक की। सीईओ ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को चिह्नित करने का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने कहा कि यदि बीएलओ अपने क्षेत्र में ठीक से कार्य नहीं करेंगे तो निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जिन जिलों में मतदाता पंजीकरण से जुड़े अधिक आवेदन लंबित है वे इसके लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी लंबित आवेदनों की संख्या शून्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने जिलों के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कराना सुनिश्चित कर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध कराएं। साथ ही यदि उनके द्वारा मतदाता सूची से संबंधी कोई त्रुटि प्रतिवेदित की जा रही हो तो उसे चिह्नित करते हुए उसका निराकरण करें।



### सभी बीएलओ से मतदाता सूची में गलत विलोपन न होने का पुष्टि कर लें

कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य ले लें कि उनके क्षेत्र में 18 वर्ष से कम उम्र का कोई भी मतदाता पंजीकृत नहीं किया गया है। मतदाता सूची में किसी प्रकार का गलत विलोपन न हुआ हो, इसकी पुष्टि के लिए भी सभी बीएलओ से इसका सर्टिफिकेशन अवश्य कर लें।

समीक्षा बैठक में राज्य में चल रहे इलेक्शन क्विज-2024 प्रतियोगिता परीक्षा के विस्तृत प्रचार के भी निर्देश दिए गए। साथ ही कहा गया कि मतदाताओं के बीच ईवीएम संबंधित जागरुकता अभियान चलाने के लिए भी कार्ययोजना तैयार कर लें। इसके अतरिक्त बैठक में नाम जांचो अभियान, एपिक पीडीएफ जेनरेशन, नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन, निर्वाचन संबंधी बकायों के ससमय भुगतान आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और निर्वाचन कार्य में लगे कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### शिबू सोरेन से सीएम हेमंत व नवनियुक्त मंत्री रामदास ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड राज्य समन्वय समिति-सह-राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन से शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित आवास में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं राज्य के नवनियुक्त मंत्री रामदास सोरेन ने मुलाकात की। मंत्री रामदास सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने राज्य के मंत्री के रूप में शपथ लेने पर रामदास सोरेन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कई मंत्री, विधायक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सीएम की कोर्ट में उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर सुनवाई 13 सितंबर को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समन की अवहेलना के मामले में उनकी दाखिल सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने इसकी सुनवाई की अगली तिथि 13 सितम्बर को निर्धारित की है। सुनवाई एमपी-एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में हुई। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट से समय की मांग करते हुए कहा कि इसी मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई होनी है। इसलिए समय दिया जाये। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी। इससे पूर्व ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल किया। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने पांच जुलाई को मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की थी। हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन ने सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी ने शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की है।

### हाईकोर्ट ने पेयजल व स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को किया तलब




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के शीघ्र चालू करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साहिबगंज के लोगों को अब तक पाइपलाइन से जलापूर्ति नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि पानी लोगों की मुख्य जरूरत होती है। राज्य सरकार साहिबगंज के लोगों को क्यों प्यासा रखना चाहती है। कोर्ट ने सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि साहिबगंज में पेयजल के लिए पाइपलाइन लाइन बिछाने के लिए रेलवे से एनओसी लेना था। इसके एवज में रेलवे को पैसे की भुगतान करने की प्रक्रिया जारी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2017 में ही रेलवे से एनओसी मांगी गई थी। इसके बाद सात साल तक सरकार की ओर से कोई आगे पहल नहीं की गई।

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य 31 को आएंगे रांची



**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर, सदस्य पूनम पासवान और प्रकाश जोशी 31 अगस्त को 2.30 बजे रांची पहुंचेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि रांची पहुंचने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी के पदधारी 31 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल नेता, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, झारखंड से आने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व सांसदों, विधायक दल उप नेता कांग्रेस के मंत्रियों पूर्व मंत्रियों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे। एक अगस्त को कांग्रेस भवन में समिति जिला अध्यक्षों, विभिन्न विभागों के अध्यक्षों, बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्षों तथा विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेगी। इस क्रम में समिति के सदस्य सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए राजनीतिक, सामाजिक, समीकरण भौगोलिक परिस्थितियों तथा अन्य पहलुओं की विस्तृत रूप से जानकारी लेकर उस पर समीक्षा करेंगे और सक्षम उम्मीदवारों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया करेंगे।

### यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने को ट्रैफिक एसपी खुद करें औचक निरीक्षण : हाई कोर्ट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था की लचर व्यवस्था पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि ट्रैफिक एसपी को खुद रांची शहर के मुख्य चौक चौराहों पर लगातार औचक निरीक्षण करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि ट्रैफिक पोस्ट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी वीआईपी मूवमेंट के समय ही केवल सजग रहते हैं। उनका ध्यान ट्रैफिक स्मूथ रखने की बजाय वसूली पर रहता है। ऐसे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के खिलाफ ट्रैफिक एसपी कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में सीसीटीवी केवल आईवास के लिए लगाए गए हैं। इनमें अधिकतर खराब हैं। ऐसे में अपराधी घटनाओं की रोकथाम कैसे हो सकेगी? कोर्ट ने यह भी कहा कि रांची के मुख्य चौक चौराहों के आसपास जो सब्जी बाजार लगते हैं उन्हें किसी दूसरे जगह में शिफ्ट किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। रांची नगर निगम फुटपाथ दुकानदारों की आजीविका को देखते हुए उनके लिए वैकल्पिक जगह तलाश करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि रांची शहर में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक सड़क को ही पार्किंग स्थल बना देते हैं और सड़क का अतिक्रमण करते हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। कोर्ट ने ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा चालकों के लिए निर्धारित किए गए ड्रेस कोड का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए सरकार को एक रेगुलेशन बनानी चाहिए ताकि जो ऑटो या ई रिक्शा चालक ड्रेस कोड का अनुपालन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ कानूनी रूप से कार्रवाई हो सके। मेन रोड में लोग सड़कों के किनारे अपने वाहन लगा देते हैं, जिससे रोज जाम की स्थिति देखने को मिलती है। जाम से निपटने के लिए लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा। उन्हें कोई भी खरीदारी करने के लिए मेन रोड में जाने की मानसिकता से बचना होगा।

# स्मार्ट सिटी में खुद की करें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में सीवरेज एवं ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की शुक्रवार को सुनवाई की। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा है कि एचईसी क्षेत्र में बने रहे स्मार्ट सिटी के अंदर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रोविजन किया गया है या नहीं? स्मार्ट सिटी के नक्शा पास किए जाने के दौरान इसके अंदर ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था रखी गई है या नहीं। कोर्ट ने मौखिक कहा स्मार्ट सिटी की गंदगी आप बाहर नहीं फेंक सकते।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार को रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज टू, थ्री और फोर का काम करना है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रांची जिला प्रशासन ने सात जगह पर जमीन चिह्नित किए हैं। इसमें से तीन चिह्नित जगह की जमीन एचईसी क्षेत्र में आती हैं जबकि चार चिह्नित जमीन राज्य सरकार के अंतर्गत आती है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए एक चिह्नित जमीन स्मार्ट सिटी के बगल में है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि स्मार्ट सिटी के अंदर खुद की सीवरेज एवं ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था होनी चाहिए। उसकी गंदगी बाहर क्यों फेंका जाएगा? राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के जमीन के लिए एचईसी से नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है लेकिन एचईसी का अब तक जवाब नहीं आया है। कोर्ट ने एचईसी के सीएमडी को नोटिस जारी कर पूछा है कि वह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रांची जिला प्रशासन द्वारा एचईसी क्षेत्र में चिह्नित किए गए तीन जमीन को देने पर अपना क्या विचार रखती है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चिह्नित चार जमीन के बारे में जवाब मांगा है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि एचईसी इलाके में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 15-15 एकड़ जमीन की जरूरत होगी।

## एनसीसी कैडेटों ने गर्ल्स चाइल्ड एम्पावरमेंट दिवस मनाया

**रांची।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज में एनसीसी के दूसरे और तीसरे वर्ष के कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में गर्ल्स चाइल्ड एम्पावरमेंट दिवस शुक्रवार को मनाया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ विष्णु चरण महतो, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी डॉ भावना कुमारी, डॉ विजय कुमार पीआई स्टाफ, जीसीआई सहित 50 कैडेट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं के सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके अधिकारों के समर्थन में समाज को एकजुट करना था। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे भाषण, निबंध प्रतियोगिता, नाटक और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, और स्वास्थ्य के महत्व पर केंद्रित थे।

# सीसीएल में 'द आर्ट ऑफ लिविंग' पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▸ राष्ट्रीय ख्याति के दो प्रतिष्ठित वक्ता श्रीजीत केसी और शिवानी शिवहरे ले रहे हैं भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल द्वारा 29 से 31 अगस्त जवाहरनगर क्लब में वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए द आर्ट ऑफ लिविंग पर एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 29 अगस्त, 2024 को आयोजित किया गया था। जिसमे हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) और सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/ योजना एवं परियोजना), सीसीएल की अपनी गौरवमय उपस्थिति रही। गण्यमान्यों ने सभी प्रतिभागियों को द आर्ट ऑफ लिविंग पर आयोजित इस कार्यक्रम की महत्ता एव दैनिक क्रिया-कलापों में इसकी उपयोगिता के विषय पर संबोधित किया।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग कॉर्पोरेट कार्यक्रमों से आये राष्ट्रीय ख्याति के दो प्रतिष्ठित वक्ता शिवानी शिवहरे और श्रीजीत केसी द्वारा किया जा रहा है। आरके पांडे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास), सीसीएल ने कार्यक्रम की शुरूआत में सभी गणमान्य यक्तियों और वक्ताओं का स्वागत किया।

कार्यक्रम मंच का संचालन कविता कुमारी, प्रबंधक (कार्मिक/ मानव संसाधन विकास) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जेसीआई का एक्सपो 26 सितंबर से, कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जूनियर चेंबर इंटरनेशनल (जेसीआई) ने शुक्रवार को अपने 27वें एक्सपो उत्सव के कार्यालय का उद्घाटन लाइन टैंक रोड स्थित कॉमर्स टावर में किया।

अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि इस वर्ष एक्सपो 26 सितम्बर से दो अक्टूबर के बीच मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के 350 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल एक्सपो में लगाएंगे। एक्सपो के मुख्य संयोजक श्याम अनुराग ने कहा कि कार्यालय में अब प्रतिदिन पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित होंगे और एक्सपो के तैयारी की चर्चा करेंगे। एक्सपो की बेहतरी के लिए योजना बनाए जाएंगे और टीम को उनके कार्यों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही कहा कि हर साल एक्सपो पांच दिनों का होता है लेकिन इस साल झारखंड का यह बहुचर्चित कंस्यूमर फेयर सात दिनों का होगा।

एक्सपो के मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन ने कहा कि इस वर्ष एक्सपो में ऑटोमोबाइल्स के सभी बड़े ब्रांड अपने स्टाल लगा रहे हैं।

# आईटीआई छात्रों के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन और टाटा मोटर्स में साझेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टाटा स्टील फाउंडेशन और टाटा मोटर्स ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य आईटीआई के छात्रों को उन्नत औद्योगिक अनुभव और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना है। इस साझेदारी के तहत टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट में छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वह वास्तविक उद्योग से जुड़े कौशल और ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। समझौते पर टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रविंद्र नरसिम्हा कुलकर्णी और टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय ने हस्ताक्षर किए। यह प्रक्रिया भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा प्रस्तावित दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली की एक वार्षिक, चक्रीय प्रक्रिया है। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को टाटा मोटर्स के प्लांट में सीधे तौर पर व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनकी शिक्षा को मौजूदा उद्योग मानकों और अभ्यासों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जा सकेगा। टाटा मोटर्स प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों को स्टाइपेंड, रहने की सुविधा, भोजन, परिवहन और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराईं जाएंगी। छात्रों को शैक्षणिक शिक्षा से पेशेवर अनुभव में सहजता से बदलाव करने में मदद करेगा, जिससे वह उद्योग में आवश्यक कौशल और ज्ञान को पूरी तरह से प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह साझेदारी टीएसएफ इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स और टाटा मोटर्स के बीच संसाधनों और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान पर आधारित है।

## सप्तगिरी शंकर और श्रीवेला प्रसाद कांग्रेस के सह प्रभारी बने

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को सप्तगिरी शंकर ओलाका और डॉ श्रीवेला प्रसाद को झारखंड का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त प्रभारी को बधाई देते हुए उम्मीद जताया कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में झारखंड में सांगठनिक गतिविधियां तेज और मजबूत होगी तथा आने वाले समय में नई सरकार के गठन में अहम भूमिका उनके निर्देशन का होगा।

# लागू नहीं हो सकी है राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना : संघ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्यकर्मी बीमा योजना का अब तक लागू नहीं हुई। इसे लागू करने की कवायद 2014 में शुरू हुई थी। कैबिनेट की मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके बाद भी इसके लागू नहीं होने पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई है। संघ ने कहा है कि लंबे समय से राज्य के शिक्षक, कर्मी, अफसर और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने का मामला लंबित है। राज्य मंत्रिपरिषद ने राज्यकर्मियों के लिए उनके द्वारा दिए गए अंशदान के आधार पर स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके आधार पर टेंडर द्वारा बीमा कंपनी का चयन होने के बाद भी योजना का वास्तविक रूप में अबतक क्रियान्वयन नहीं हो सका है। इससे कर्मियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।संघ का कहना है कि लाखों कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत व्यय पर पारिवारिक स्वास्थ्य सुविधा के लिए अलग-अलग बीमा एजेंसियों से बीमा कराया गया हुआ है, लेकिन अभी सभी राज्यकर्मी इस उधेड़बुन में हैं कि अलग से लिए गए बीमा में अगले साल के लिए राशि जमा करें या नहीं करें।

# सोमवारी अमावस्या दो को पितृ दोष से मिलती है मुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हिंदू धर्म में जिस तरह पूर्णिमा खास मानी जाती है। ठीक उसी तरह अमावस्या भी सनातन धर्म में खास होती है। विशेषकर सोमवती अमावस्या को विशेष माना जाता है। सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए और शिवलिंग का अभिषेक जरूर करना चाहिए। इससे मनोकामनाएं पूरी होती हैं। अमावस्या पितृ दोष से मुक्ति पाने और पितरों का तर्पण करने के लिए उत्तम मानी जाती है। कई लोग इस दिन व्रत भी रखते हैं। भादों महीने की अमावस्या को लेकर लोगों में थोड़ी आसमंजस की स्थिति बनी है। देवघर बाबाधाम मंदिर के ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल का कहना है कि भादों की अमावस्या दो और तीन सितंबर दोनों दिन पड़ रही है, लेकिन अमावस्या का व्रत 2 सितंबर सोमवार को ही रखा जाएगा। क्योंकि अमावस्या सोमवार को है, इसलिए इसे सोमवती अमावस्या कहते हैं। अमावस्या के दिन सुबह स्नान दान कर पितरों के निमित्त तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और पितृ प्रसन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि अमावस्या की शुरूआत 2 सितंबर सुबह 5. 42 बजे मिनट पर होगी। समापन अगले दिन 3 सितंबर मंगलवार को सुबह 6.20 बजे होगा। उदया तिथि के कारण अमावस्या 2 सितंबर को है।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में मना एकादशी व्रतोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में भादो कृष्णपक्ष की अजा नामवाली एकादशी व्रतोत्सव में आस्था और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना किया। प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में सर्वव्यापक, अन्तयार्मी भगवान श्रीवेंकटेवर का विश्वरूप दर्शन के बाद सुप्रभातम, मंगलाशासन, करावलंबम, वेंकटेश ध्यानम और वेंकटेश प्रपत्ति आदि के बाद पाञ्चरात्र आगम विधि से नित्याराधन हुआ। फिर वेद के ऋचाएँ एवं सूक्तों के मंत्रों से महाभिषेक शुरू हुआ। दुध, दही, हल्दी लेपन, चंदनानुलेपन करके सहस्त्रधारा, कुंभधारा, शंखधारा और चक्रधारा उपचारसे गंगाजलाभिषेक हुआ। पुनः डाभयुक्त जल, एवं शहद आदि से अलग-अलग प्रत्युपचार के साथ अभिषेक कराया। इसके उपरान्त भगवान और भगवती श्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी तथा सुदर्शन भगवान समेत सभी विग्रहों को धूप, दीप से सुवासित करके तेलाभ्यंग किया। फिर श्रीअंगों को दिव्य रेशमी पिताम्बर से आवृत करके सुन्दर रत्नमय आभूषणों के समुदाय से अलंकार हुआ। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई और भगवान के भुवन-पावन यश का भाँति-भाँति स्तोत्रों से निरंतर गान किया गया। फलाहारी महाप्रसादों में साँवादाना का खीर, साबुदाना - आलू की खिचड़ी, कुटू आटा की पकौड़ी सिंघाड़ा आटा का हलवा आदि एकादश प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा।

**महाभिषेक के यजमान :** प्रदीप नारसरिया पत्नी उमा नारसरिया रांची निवासी हुए। अर्चकः श्री सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं श्री नारायण दास ने अनुष्ठान के सारे कार्यक्रम को विधिपूर्वक संपन्न कराया।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में ज्यादा रीडिंग की शिकायत होगी दूर: जीएम

## पूरे झारखंडवासियों के लिए 9431135503 नंबर पर व्हाटसअप की सुविधा उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) के रांची शहरी क्षेत्र में लगभग 3,50,000 उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जेबीवीएनएल ने स्मार्ट प्री पेड मीटर लगाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने जेबीवीएनएल के जीएम संजय सिंह से बात की।

**प्रश्नः** स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को क्या फायदा होगा?

**उतरः** हमेशा से उपभोक्ताओं की शिकायत रही है कि उनकी ज्यादा मीटर रीडिंग की गई है? ज्यादा बिजली का बिल विभाग की तरफ से उनको मिला है। अब, जब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जायेगा तो किन्हीं की कोई शिकायत नहीं रहेगी। जितना का चार्ज कराएंगे उतनी ही यूनिट बिजली का उपयोग कर पाएंगे।

**प्रश्नः** रिचार्ज खत्म हो जाए तो तुरंत बिजली कट जाएगी?

**उतरः** बैलेंस कम होने पर मैसेज मोबाइल पर आएगा, जिससे रिचार्ज खत्म होने से पहले लोग रिर्चाज कर सकते हैं और निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्नः** न्यूनतम कितनी राशि का रिचार्ज करने की आवश्यकता है?

**उतरः** न्यूनतम 200 रुपए की रिचार्ज करने की आवश्यता होगी।

**प्रश्नः** टोल फ्री नम्बर 1912 पर कॉल करने पर कॉल नहीं लगता है।

**उतरः** ये नम्बर राष्ट्रीय है, लेकिन जिस एरिया के नेटवर्क से कॉल किया जाता है। उसी राज्य के कार्यालय में कॉल आता है। चूंकि ज्यादा कॉल आता है तो नम्बर इंगेज रहने की संभावना होती है।

**प्रश्नः** कॉल करने के लिए उपभोक्ता कितनी देर तक अपनी बारी का इंतजार करेगा?

**उतरः** 9431135503 नंबर पर व्हाट्सऐप की सुविधा उपलब्ध है। पूरे झारखंड के उपभोक्ता किसी भी प्रकार की क्वेरी, समस्या के लिए इस नंबर की व्हाट्सऐप सुविधा से लाभ ले सकते हैं।

# श्री श्याम मंदिर में जया एकादशी मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज जया एकादशी भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। खाटू नरेश के विशेष दिन एकादशी होने के कारण सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। सुबह 5:00 बजे पट खुलते ही नियमित दर्शन करने वालों का तांता श्री श्याम मंदिर में रहा। 5:30 बजे की मंगल आरती के समय भक्तों ने अपने भाव प्रकट किए । इसके कुछ देर बाद बाबा श्याम के एवं तीनों मंड के पर्दा लगाकर प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती 8:30 बजे शुरू हुई । आरती के बाद जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम से हरमू रोड का श्याम मंदिर गूंज रहा था । 12:30 बजे विश्राम के लिए बाबा का पर्दा लगा दिया गया । दोपहर के बाद संध्या कालीन श्रृंगार मंदिर के आचार्य द्वारा किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब लाल गेंदा पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसी दल मुरुगन की मोटी मोटी मालाओं से बाबा का अनुपम श्रृंगार किया गया। 4:30 बजे पट खुलते ही भक्तों ने बाबा के एकादशी के संध्या कालीन श्यामल रूप के दर्शन किए। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने यजमान को ज्योत दिलाकर बाबा के दरबार में धोक दिलाया। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में सभी भक्तों के लिए प्रसाद की सुंदर व्यवस्था की। महामंत्री के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया जा रहा था। प्रसाद वितरण में उनके साथ संजय सराफ अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार एवं अभिषेक सरावगी ने सहयोग किया। उपमंत्री अनिल नारनौली ने सभी पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। आज के विशेष श्रृंगार की सेवा अमरजीत रंजन अश्विनी रंजन उमंग सागर द्वारा निवेदित थी। गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी मगहीपान सुभाष रौनक पोद्दार एवं मुकेश बरनवाल द्वारा निवेदित की गई थी ।

# न्यूज बॉक्स

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गोसेवा



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमु रोड गौशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गो सेवा की। रांची समर्पण शाखा द्वारा हर एकादशी को निरंतर गौ सेवा किया जा रहा है। ये सेवा आशा सर्राफ के द्वारा करवाई गई। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा में गो माता को गुड, चोकर, खीरा, गाजर और हरी सब्जियां खिलायी गई। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां सुचारू रूप से की। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल , कोमल पोदार,डॉली बंसल, पायल जैन,कविता जलान, वेदिका सिंघानिया मौजूद थी।

## मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में भादो अमावस्या महोत्सव कल

**रांची।** श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज रांची के तत्वाधान में आदिशक्ति श्री सती सावित्री माता जी (कोटड़ी वाली) का एक दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव 1 सितंबर दिन रविवार को मारवाड़ी ब्राहृमण भवन रांची के प्रथम तल्ला मे मनाया जा रहा है। महोत्सव में माताजी का भव्य शृंगार, अखंड मंगल पाठ, भजन जागरण, छप्पन भोग महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महोत्सव दोपहर 2:30 बजे से श्री गणेश पूजा एवं मंगल पाठ से कार्यक्रम का प्रारंभ होगा। अखंड मंगल पाठ करने के लिए मां की लाडली सरोज तोसार्व (सोनी) जयपुर से पधार रही है जो की सावित्री मंगल पाठ प्रस्तुत करेगी, और उसके बाद अखंड ज्योत प्रज्वलित कर छप्पन भोग महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। शाम 6 बजे से रांची के प्रसिद्ध भजन गायक मदन मोहन सोनी एंव मनीष सोनी भजनों की अमृत वर्षा बहायेंगे। इसी के साथ मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के सभी परिवार के द्वारा श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा रांची संस्था की स्थापना भी हो रही है जिससे हमारे रांची महानगर के सभी मारवाड़ी स्वर्णकार समाज की एक विशिष्ट पहचान भी बन सके। महोत्सव के सफल आयोजन हेतु ओम प्रकाश सोनी, प्रतीक सोनी, किशन लाल सोनी, कन्हैया सोनी, विष्णु सोनी, नारायण सोनी, गोपाल सोनी, प्रेम सोनी, सोनू सोनी, मदन मोहन सोनी, मनीष सोनी, अमित तोसावर, वीरेंद्र तोसावर, सहित पूरा स्वर्णकार परिवार अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

## एचईसी का बैंक खाता फ्रीज करने का आदेश

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के सब जज-1 चंद्रभानु कुमार की अदालत ने एम एसएमई की एक कंपनी के बकाए भुगतान नहीं करने के एक मामले में स्टेट बेंक ऑफ इंडिया के धुर्वा ब्रांच में एचईसी का एकाउंट फ्रीज करने का आदेश दिया है। मालूम हो कि दयानंद इंजीनियरिंग नामक एमएसएमई कंपनी ने एचईसी हटिया को कुछ सामानों की आपूर्ति की थी, लेकिन वर्षो तक उसका भुगतान नहीं किया गया था। ट्रिब्यूनल से भी उसके बकाया भुगतान का आदेश हुआ था लेकिन अभी तक नहीं किया गया था। बाद में मामला सिविल कोर्ट में पहुंचा जहां उक्त कार्रवाई का आदेश दिया गया। यह जानकारी वादी के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह ने दी।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य राज्यपाल से मिलीं

**रांची।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर झारखंड में लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम मानव तस्करी और महिलाओं की स्थिति पर विस्तार से बातचीत की। बातचीत के दौरान ममता कुमारी ने राज्यपाल को झारखंड की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया और बताया कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और आयोग की ओर से की गई कार्रवाई के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड कोर्ट द्वारा निर्देशित किए जाने के बावजूद महिलाओं को मुआवजा नहीं मिला है राज्यपाल ने उचित दिशा निर्देश के साथ आगे कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति ने लगाया मुख्य स्तंभ



**रांची।** श्री श्रीदुर्गा पूजा समिति गोंदा टाउन कांके में दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत रूप से मुख्य स्तंभ लगाया गया। इस बार पूजा समिति विशाल काल्पनिक महल का प्रारूप बनाने जा रहा है ।समिति के सचिव नकुल तिर्की ने बताया की इसबार की पूजा में समिति बहुत बड़ी तैयारी के साथ भक्तों के समक्ष अपनी प्रस्तुति देने जा रही हैं समिति के कोषाध्यक्ष श्री राजेश रजक ने बताया की इस बार दुर्गा पूजा समिति अपनी 78 वी पूजा को यादगार बनाने में पूरी तरह से भक्तों के लिए भक्तों के द्वारा दिया गया सेवा पर ही आधारित पंडाल का निर्माण करने जा रही हैं साथ ही अपनी पारम्परिक पूजा के लिए विख्यात काँके रोड पूजा समिति माता रानी के दरबार को भक्तिमय बनाने में पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से लगी है।

## यादव समाज कल श्रीकृष्ण छठी महोत्सव मनाएगा

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज की बैठक रातु रोड स्थित किशोरी यादव चौक के समीप श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान सदस्यों को बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे जगन्नाथपुर मंदिर प्रांगण के समीप श्रीकृष्ण छठी महोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया जाएगा। चर्चा के दौरान श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखण्ड के मुख्य संरक्षक एवं राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दौरान सार्वजनिक रूप से छठी महोत्सव कार्यक्रम श्रीकृष्ण विकास परिषद के बैनर तले प्रथम बार महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रांगण के समीप किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अत्यंत दर्शनीय होगा, भगवान श्रीकृष्ण को उनके मन पसंद भोजन फल-मूल, मक्खन-मिष्ठान एवं पकवान 56 भोग परोसकर उन्हें श्रद्धा भाव से अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोगों की सपरिवार उपस्थिति रहेगी। श्री यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण विकास परिषद द्वारा आयोजित छठी महोत्सव कार्यक्रम में यादव परिवार के अलावा अन्य गणमान्य लोग भी सादर आमंत्रित हैं। सभी लोगों का परिषद हार्दिक स्वागत करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन के साथ होगी। उसके बाद दोपहर में महाप्रभु श्रीकृष्ण को भोग लगाया जाएगा। तत्पश्चात आगंतुक गणमान्य को प्रसाद के रूप में पकवान वितरण किया जाएगा।

## बछवारस व गोवत्स द्वादशी का त्योहार उल्लासपूर्वक संपन्न

**रांची।** बछवारस का पर्व मारवाड़ी समाज के घरों में उल्लासपूर्वक मनाया गया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिलाओं द्वारा सुबह गो माता की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद घरों में एक लकड़ी के पाटे में सामूहिक रूप से मिट्टी से बनी बछवारस को सजाकर उसमें



कच्चा दूध, दही, कुमकुम, मौली, अक्षत, मोठ, दक्षिणा, प्रसाद एवं पूजा की सभी सामग्री चढ़ाकर पूजा अर्चना की, एवं बछवारस की कहानी सुनी। माताएं अपने पुत्रों को तिलक लगाकर तलाई फोड़ने के बाद प्रसाद दी। पुत्रवान महिलाएं अपने संतान की मंगल कामना के लिए व्रत रखी। आज के दिन घरो बाजरे की रोटी बनाई गई एवं भैंस का दूध एवं दही का उपयोग किया गया। गेहूं से बने पकवान एवं कटी हुई सब्जी नहीं खाए जाते हैं।

## एक नजर

### दो बाइकों की टक्कर में दोनों के चालकों की दर्दनाक मौत

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के लापुंग गोविंदपुर मुख्य सड़क पर शुक्रवार की देर शाम लगभग 6:45 बजे दो बाइक की सीधी टक्कर में दोनों बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दोनों राजमिस्त्री बताई जा रहे हैं। 50 वर्षीय राजेश होरो पिता सुखुआ होरो ग्राम गरई थाना लापुंग गोविंदपुर से अपने गांव गरई लौट रहा था। वहीं 26 वर्षीय चामु कुजूर पिता गोविंद कुजूर ग्राम हुरूम टोली नौरिंगा थाना कर्रा अपने रिश्तेदारों को बाइक में बैठ कर लापुंग पहुंचाने आया था और उन्हें पहुंच कर वापस लौट रहा था। तभी दोनो के बाईक की लापुंग गोविंदपुर मुख्य सड़क पर फतेहपुर में ईंट भट्ठा के पास सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाईक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। चामू कुजूर के सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं जबकि राजेश हेलमेट पहना हुआ था। इसके बावजूद दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### उचक्के महिला के गले से चेन छीन कर हुए फरार

**सिल्ली/मुरी।** मुरी ओपी थाना अंतर्गत गुरुवार के दिन देर संध्या छोटा मुरी निवासी सुनीता देवी अपने पड़ोसी महिला के साथ संध्या में टहलने निकली थी। टहलने के क्रम में मुरी स्टेशन रोड में राय क्लॉथ स्टोर के समीप पीछे से मोटरसाइकिल से आए उच्चको ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लेकर फरार हो गए। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है परंतु लिखित रूप से शिकायत नहीं मिली है।

### ट्रेन से कटकर किसान की हुई मौत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत के ग्राम सेरो निवासी किसान लच्छू उरांव शुक्रवार की सुबह लोहरदगा से रांची की ओर जा रही ट्रेन से रेलवे लाइन पर पोल संख्या 63/9 और 163/ 8 के बीच एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर नरकोपी थाना के सब इंस्पेक्टर नगीना प्रसाद सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। वहीं शव बरामद कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लच्छु उरांव गांव में ही रह कर खेती बारी करता था। इसी क्रम में वह शुक्रवार को लाइन के दूसरी तरफ अपने धान के खेत में घास निकालने जा रहा था। तभी वह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया।

### मूलवासी सदान मोर्चा ने सांसद निशिकांत का पुतला फूंका

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो महावीर चौक एवं प्रखंड मुख्यालय में मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वाधान में मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले पिछड़ा, दलित, सवर्ण की ओर से सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप,नवदीप महतो, मुमताज खान के संयुक्त नेतृत्व में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के विरोध में प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सांसद ने हमारे झारखंड के पिछड़े, दलित, स्वर्ण, मूलवासी खतियानी सदानों के अगुआ माननीय केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी किया था जिससे पूरे झारखंड के मूलवासी सदान काफी आक्रोशित एवं दुखी हैं। धनंजय राय ने कहा हमारे केंद्रीय अध्यक्ष मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं और इसको लेकर वे संथाल परगाना लगातार जा रहे हैं, जिससे घबराकर निशिकांत दुबे ने अमर्यादित बयान दिया है।

# प्रदेश के पेट्रोल पंप 2 सितंबर को नहीं रहेंगे बंद

## सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद बंदी कार्यक्रम स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सभी पेट्रोल पंप दो सितंबर को 24 घंटे के लिए बंद नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद ये निर्णय लिया गया। झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने पेट्रोल और डीजल में वैट कम करने, वैट रिटर्न भरने की अनिवार्यता खत्म करने और सरकारी बकाए के भुगतान की मांग को लेकर दो सितंबर को एक दिवसीय बंद का ऐलान किया था। अब इसे स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी हरमू रोड स्थित दिगंबर जैन भवन में हुई प्रेस वार्ता में संगठन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने दी।

झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय में मुलाकात की थी। यह मुलाकात मंत्रिमंडल की बैठक खत्म होने के तुरंत बाद हुई। प्रतिनिधिमंडल ने अपना मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। उनसे आग्रह किया कि पेट्रोल और डीजल में वैट में कटौती कर पेट्रोल पंप व्यवसायियों और जनता को राहत दे।

झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने उन्हें बताया कि वैट पड़ोसी राज्यों से अधिक होने पर राज्य को क्या नुकसान हो रहा है और वैट घटाने से क्या फायदा राज्य को होगा। मांग पत्र के माध्यम से उनसे वैट रिटर्न दाखिल करने से मुक्ति देने की भी मांग की गयी। मुख्यमंत्री से पेट्रोल पंपों के सरकारी बकाया का भुगतान यथाशीघ्र करवाने की मांग की। प्रदूषण जांच केंद्र हर पंप में स्थापित है। प्रत्येक जांच पर 40 फीसदी पैसा राज्य सरकार ले लेती है। उसके अतिरिक्त हर तीन वर्षों में 10000 रुपए नवीनीकरण का अलग से लिया जाता है। वार्षिक मेंटेनेंस के नाम पर 18000 देना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे मुक्ति दी जाए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गंभीरतापूर्वक मांगों को सुना एवं मांग पत्र में संबंधित विभाग को कोट करते हुए अधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। बैठक कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद थीं।

झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं तो 28 सितंबर को पूरे प्रदेश के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक रांची में होगी और उसमे आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस में राजहंस मिश्रा, नीरज भट्टाचार्य, सुदीप तिग्गा, विनीत लाल, प्रवक्ता प्रमोद कुमार, कुशध्वज नाथ शाहदेव, निपुण मृणाल, राहुल जयसवाल, आयुष चौधरी समेत अन्य थे।

# आदिवासी संगठनों ने उपायुक्त कार्यालय का किया घेराव




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विभिन्न आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार को राजधानी रांची में हो रहे जमीन की लूट के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। मौके पर आदिवासी महासभा के संयोजक देव कुमार धान ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक और रैयती जमीन की लूट के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया गया है। साथ ही जमीन मामले की सीबीआई जांच की मांग की गयी है। घेराव के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रुप से सादा पट्टा से आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाने, सामाजिक धार्मिक जमीन जैसे पहनाई, मुंडारी, पुजार, महतोई, कोटवारी, डाली कटारी, भंडारी,जतरा स्थल सरना, मसना, देशावली को सरकार चिन्हित कर रक्षा करने, भूईहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगाने, 5000 से अधिक लंबित दखल देहानी को जमीन मालिक को यथाशीघ्र दखल दिलाने, आदिवासी लोहरा के खतियानी लोहार जमीन को जनरल जमीन बता कर खरीद बिक्री पर रोक लगाने, रिकॉर्ड रूम से खतियान फाड़ने की सीबीआई से जांच कराने, 10, गैर मजरूवा जमीन को फर्जी कागज बनाकर बेचने पर रोक लगाने, एसआर कोर्ट को सशक्त बनाने सहित अन्य मांग शामिल है। इस दौरान केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, आदिवासी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष बलकु उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के महानगर अध्यक्ष चंपा कुजूर, तानसेन गाड़ी, आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव, आदिवासी लोहरा समाज रांची के बैजनाथ लोहरा, आदिवासी सेना के रजनीश उरांव, झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज ओरमांझी के अध्यक्ष रमेश उरांव, जमीन बचाओ संघर्ष समिति चामा, कांके के अध्यक्ष परनु उरांव, झारखंड, जय आदिवासी धर्म सभा केंद्र के मुन्ना टोप्पो, आदिवासी लोहरा समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष अभय भूटकुवर, आदिवासी लोहरा समाज के प्रदेश महासचिव प्रीतम साड लोहरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जीडी गोयनका विद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जीडी गोयनका विद्यालय के परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन कविता द्वारा भाव की अभिव्यक्ति के साथ-साथ अंतर सदन प्रतियोगिता भी थी। साहित्य क्षेत्र के सुप्रसिद्ध हस्ती डॉक्टर कमल कुमार बोस और राकेश रमण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस कवि सम्मेलन में सभी छात्रों ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कक्षा तीन से पांच तक में विवेकानंद तथा कक्षा छह से आठ तक में टेरेसा हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथिगणों ने छात्रों को उनके कविता लेखन के लिए सराहा तथा कविता लेखन में भाषा, शैली और भावाभिव्यक्ति के विषय में जानकारी प्रदान की। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा-कविता न केवल भाव की अभिव्यक्ति है ,अपितु मनुष्य को समाज और संस्कृति दोनों से जोड़ने का कार्य करती है। कविता लेखन से छात्रों के अंदर सृजनात्मक क्षमता उत्पन्न होती है । विद्यालय के उपनिदेशक अमन सिंह ने कवि सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कविता लिखने वाले और पाठक दोनों के अंदर भी रचनात्मकता उत्पन्न करती है।

# बिरहोर परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**अड़की।** शुकवार सारगेया पंचायत के तेलंगाडीह स्थित बिरहोर कॉलोनी में आदिम जनजाति के बिरहोर परिवारों के बीच सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में बिरहोर परिवारों से पेंशन के 7 एवं केसीसी के 8 आवेदन जमा कराए गए। बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। जिसमें स्कीन, सेल, एनीमिया, एवं टी बी की जांच के लिए खून एवं बलगम के नमूने लिए गए। जेएसएलपीएस की दीदीयों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो के द्वारा बिरहोर परिवारों को प्रशासनिक स्तर से हर संभव मदद किए जाने का भरोसा दिया। शीविर मे जेएसएलपीएस के बीपीएम, स्वास्थ्य विभाग के राजेश कुमार एवं स्वास्थ्य कर्मी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,राजेन्द्र पस़ाद राय जन सेवक, सहिया दीदी आदि मौजूद थे।

# 15 सौ की उधारी नहीं चुकाने पर दो दोस्तों ने ही की थी एतवा मुंडा की हत्या, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** महज 1500 रुपये की उधारी न चुकाने पर दोस्तों ने ही अड़की थाना क्षेत्र के साके गांव निवासी मंगल सोय उर्फ एतवा सोय (21) की हत्या ने कर दी थी। पुलिस ने इस मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या के आरोपित कृष्ण स्वांसी (23) निवासी ग्राम रायतोड़ांग थाना अड़की और एतवा मुंडा (22) निवासी ग्राम बंदीडीह थाना मारंगहंदा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार को भी बरामद कर लिया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 25 मार्च को खूंटी थाना क्षेत्र के अनिगड़ा गांव के पास एक अज्ञात शव मिला था। इस संबंध में में खूंटी थाने में मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही थी। 29 अगस्त को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि घटना में शामिल अपराधकमी कृष्णा स्वांसी अपने



गांव रायतोड़ांग आया हुआ है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना कें अप्राथमिक अभियुक्त कृष्णा स्वांसी को उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में कृष्ण स्वामी ने बताया कि इस घटना में इसका एक अन्य सहयोगी एतवा मुंडा भी शामिल था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।उसने बताया कि उसने मंगल सोय को 1500 रुपये उधार दिए थे लेकिन हुआ पैसा लौटाने मे मंगल आनाकानी कर रहा था।इसके कारण 25 मार्च को तलवार से काटकर उसकी हत्या कर दी। छापेमारी टीम में एसडीपीओ वरुण रजक, खूंटी थाना प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर मोहन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार यादव थाना प्रभारी लड़की, पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार मार्डी, पुलिस अवर निरीक्षक सीताराम दांगी, बीरबल करमाली,नितेश कुमार गुप्ता,अगस्टिन लुगुन, आरक्षी मखखन कुमार और राजेंद्र नायक के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# झारखंड में पेसा कानून लागू हो : अंतर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या समेत आयोग के सदस्य डा. आशा लकड़ा, निरुपम चकमा व जाटोतु हुसैन ने राज्य के मुख्य सचिव समेत अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार झारखंड में पेसा कानून लागू करे। यहां आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को ट्रांसफर हो रहा है। झारखंड में इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। गांव के गांव खाली हो गए हैं। वहां बाहर से आकर लोग बस गए हैं। ऐसे हालात में एट्रोसिटी एक्ट लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू है, परंतु झारखंड में नहीं। यहां पेसा कानून के तहत नियम भी नहीं बनाए गए हैं। आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने कहा कि झारखंड में पांचवीं



## झारखंड में ट्राइबल जमीन का सबसे अधिक शोषण

इस बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव अलका तिवारी, झारखंड राज्य सरकार के मुख्य सचिव एल ख्यांगते, एनआरएचएम डायरेक्टर कृपानंद झा, अपर सचिव सुनिल कुमार, पंचायती राज सचिव विनय कुमार चौबे, वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर *'राष्ट्रीय नवीन मेल'* के संवददाता ने अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष से पूछा कि अन्य राज्यों के मुकाबले झारखंड केआदिवासियों को आप किस रूप में देखते हैं? उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में ट्राइबल की जमीन का सबसे अधिक शोषण कहीं हुआ है तो वह झारखंड है।

अनुसूची लागू है, जबकि नार्थ-ईस्ट में छठी अनूसूची लागू है। झारखंड में ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी भी नहीं है। आदिवासी जमीन से संबंधित समस्या के समाधान के लिए ट्रांसफर आफ लैंड कानून बनाया जा सकता है। संविधान में आदिवासियों के संरक्षण के लिए पांचवीं व छठी अनूसूची है। झारखंड में आदिवासियों की इतनी समस्या दुखद है।

आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने कहा कि राज्य में आदिवासी-मूलवासी समाज खतरे में है। शिक्षा के क्षेत्र में प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल व कालेज में कितनी संख्या में आदिवासी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, राज्य सरकार के पास इसका कोईआंकड़ा नहीं है। हॉस्टल में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। रांची स्थित दीपशिखा हॉस्टल में बेड की संख्या सौ है, जबकि वहां तीन सौ से अधिक छात्राएं रह रही हैं। इसी प्रकार साहेबगंज व गोड्डा में हॉस्टल में बेड की संख्या 250 है, जबकि वहां सात सौ अधिक छा रह रहे हैं। झारखंड में आदिवासियों के लिए अब तक किसी भी योजना की प्लानिंग नहीं हुई है। राज्य सरकार आदिवासियों से संबंधित नई व्यवस्था व नया प्राक्कलन तैयार करें, तभी आगे की पढ़ाई व उच्च शिक्षा की व्यवस्था हो पाएगी। डा. आशा लकड़ा ने कहा कि साहेबगंज स्थित बड़हरवा संताली उत्तरी व दक्षिणी, तेतरिया, बरहेट में बांग्लादेशी घुसपैठिए घर कर गए हैं।

आदिवासियों की बेटी से शादी कर रहे हैं, उन्हीं की रोटी खा रहे हैं और उसी से जमीन भी ले रहे हैं। पाकुड़ में कई गांव विलोपित हो चुके हैं। वहां के संताली कहां गए किसी को पता नहीं। लोहरदगा, गुमला व सिमडेगा में भी ऐसी ही स्थिति है। दान पत्र के माध्यम से आदिवासियों की जमीन ली जा रही है। पांच हजार रुपये के लिए कागजात 50 हजार रुपये के बनाए जा रहे हैं। ऋण लेने वाले जिंदगी भर ब्याज ही चुकाते रहेंगे। बीडीओ, सीओ व स्थानीय थाना की पुलिस दोनों हाथ से जमीन लूट रहे हैं। आयोग की ओर से अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आदिवासियों की जमीन को बचाइए। आदिवासियों का संरक्षण कीजिए।

## न्यूज | बॉक्स

### रांची नगर निगम ने शिविर में मामलों का किया निष्पादन



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड संख्या 1, बिरसा स्कूल, वॉर्ड संख्या 2, एदलहातु, जोगो पहाड़, वॉर्ड संख्या 3, मोराबादी एमटीएस तथा वार्ड संख्या 4, मंडा टांड़ में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज चारों शिविर में कुल 157 आवेदन लिए गए, जिसका निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। बता दें कि शनिवार को निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड संख्या 5, बूटी मोड़, समुदाय भवन, वॉर्ड संख्या 6, समुदाय भवन, सरना चौक, वॉर्ड संख्या 7, समुदाय भवन, गाड़ी गांव, पाहन टोली तथा वार्ड संख्या 8, भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील है कि निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ लेने हेतु जल्द से जल्द शिविर में आए।

### आजसू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** आजसू पार्टी रांची जिला समिति एवं कांके प्रखंड समिति ने कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ प्रखंड के विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कर्रा प्रखंड के डहकेला में उपायुक्त ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के पंचायत सचिवालय, डेहकेला में बने पुस्ताकलय का शुक्रवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने लाइब्रेरी में पठन-पाठन को लेकर की गई व्यवस्था का जायजय लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को लाइब्रेरी में पठन-पाठन का अच्छा माहौल मिलेगा, जहां वे बैठकर अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पंचायत सचिवालय में बच्चों के पठन-पाठन के लिए दो कमरे में लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है, जहां बच्चों को बैठकर पढ़ने के साथ-साथ विभिन्न विषयों की किताबें, कंप्यूटर, इंटरनेट समेत अन्य सुविधा मुहैया कराई गई है। उपायुक्त ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय डेहकेला का निरीक्षण कर विद्यालय में पठन-पाठन समेत अन्य व्यवस्थाओं को देखा।

### कल से जीएसटीआर-1 दाखिल करने के लिए बैंक खाते का विवरण देना होगा

**रांची।** एक सितंबर से जीएसटीआर-1 दाखिल करने के लिए वैद्य बैंक खाते का विवरण देना अनिवार्य कर दिया गया है। यह नियम जीएसटी नियम 10 ए के तहत लाया गया है। अर्थात अब कोई भी करदाता बिना वैद्य बैंक खाते के जीएसटी-1 दाखिल नहीं कर पाएगा। जीएसटी मुख्यालय झारखंड से मिली जानकारी के अनुसार करदाता को पंजीकरण मिलने के 30 दिन के अंदर अपने बैंक खाते का विवरण जीएसटी पोर्टल पर अपडेट करना होगा यह बदलाव जीएसटी सिस्टम में पारदर्शिता लाने और कर चोरी रोकने में मदद करेगा। संशोधन के अनुसार पंजीकृत करदाता को पंजीकरण मिलने के 30 दिनों के अंदर फॉर्म जीएसटी-1 में बाहरी आपूर्ति का विवरण दाखिल करने से पहले अपने नाम और पैन वाले बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना जरूरी था। जीएसटीएन ने उन सभी करदाता से कहा है कि जीएसटी मंच पर जाकर अपने पंजीकरण विवरण में अपने बैंक खाते की जानकारी जोड़ें।

### गणेश उत्सव सात से, तैयारी में जुटे पूजा समिति के लोग

**रांची।** गणेश चतुर्थी अर्थात विनायक चतुर्थी को गणेश उत्सव के नाम से जाना जाता है। यह एक हिंदू त्योहार है और भगवान गणेश के जन्म का उत्सव मनाते हैं। भगवान गणेश को बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का देवता कहते है। हर साल की तरह गणेश चतुर्थी उत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव 10 दिनों तक चलता है और रांची में गणेश पूजा पंडाल बनने शुरू हो गए है। गणेश चतुर्थी भारत में सबसे अधिक मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है। गणेश चतुर्थी की शुरूआत भादो माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को होती है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार भादों माह में शुक्ल पक्ष के दौरान भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश उत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी को होता है। गणपति के स्वागत के लिए घर से लेकर मंदिरों और पंडालों की खास सजावट की जाती है। गणेश उत्सव महाराष्ट्र का मुख्य त्योहार माना जाता है। गणेश उत्सव में पंडालों और बाजारों में विशेष रौनक दिखती है। शहर 10 दिनों तक गणपति की भक्ति में रंगा नजर आता है। इस साल गणेश चतुर्थी उत्सव 7 सितंबर से शुरू हो रहा है। पंचांग के अनुसार भादो माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी की शुरूआत 6 सितंबर को दोपहर 3.01 बजे से होगी और समापन 7 सिंतबर को शाम 5. 37 बजे होगा। अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को होगी। उसी दिन गणपति विसर्जन होगा।

### ऑक्सब्रिज स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**मांडर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में दो दिवसीय इंटर हाउस खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को किया गया। इसमें स्कूल के चारो हाउस के बीच विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसका समापन शुक्रवार को विजेताओं को मेडल एवं ळॅं३'२ प्रदान कर किया गया। स्कूल की प्रचार्या मिस इवोन ई. एक्का ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए स्कूल के शारीरिक शिक्षक क्रेस्टो सिंह को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण भी मौजूद थे ।

# लेवी वसूलने निकले थे पांडे गिरोह के चार अपराधी, गिरफ्तार

▸ अपराधियों के पास से दो बाइक और 14 मोबाइल हुए जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में पांडे गिरोह के कुख्यात अपराधी लगातार सक्रिय हैं। वे लोग विभिन्न कंपनियों के मालिकों और ठेकेदारों को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। भदानीनगर ओपी क्षेत्र में ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए निकले 4 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी ओम प्रकाश साहू उर्फ़ प्रकाश साहू, मुकेश साहू उर्फ़ पठान, सागर कुमार और गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत वाशरी कॉलोनी निवासी सूरज सिंह शामिल हैं।





अलग-अलग नंबरों से ठेकेदारों को धमकी दे रहे थे अपराधी

एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह पांच अपराधी अपने पास 14 मोबाइल रखे हुए थे। अलग-अलग नंबरों से अलग-अलग ठेकेदारों को धमकी दी जा रही थी। दो मोटरसाइकिल यामाहा आर 1-5 जेएच 01 एफबी 4819 और बजाज पल्सर जेएच 01 एफएच 4960 से पांचों अपराधी घूम रहे थे। पुलिस की टीम देवरिया पंचायत भवन के पास पहुंची तो बाइक पर सवार पांचो लोग संदिग्ध हालत में पीसीसी से सड़क पर घूमते हुए दिखे। पुलिस ने पीछा कर चार अपराधियों को पकड़ा, एक अपराधी भागने में सफल रहा। उन लोगों ने खुद को पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। साथ ही पीसीसी सड़क के ठेकेदार से लेवी वसूलने की बात भी कही।

### ओम प्रकाश साहू है कुख्यात अपराधी

एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरोह में गिरफ्तार ओम प्रकाश साहू उर्फ़ प्रकाश साहू काफी कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ 14 मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। रामगढ़ जिले के कुजू, रामगढ़, भुरकुंडा, बरकाकाना, हजारीबाग जिले के केरेडारी, बढ़कागांव, गिद्दी थाना क्षेत्र में ओमप्रकाश ने कई अपराधों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, कोल माइन्स एक्ट, रंगदारी के कई मामले दर्ज हैं। मुकेश साहू भी केरेडारी और गिद्दी थाना क्षेत्र में कांडों को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। सूरज सिंह के खिलाफ भी गिरिडीह थाना क्षेत्र में मारपीट और हत्या की नीयत से किए गए हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज है।



## विस चुनाव में पुलिस सक्रिय अपराधियों पर कसेगी नकेल

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। सभी जिलों की पुलिस सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराएगी। इसी उद्देश्य से उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र अंतर्जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई है। यह बातें बैठक के दौरान उत्तरी छोटानागपुर आईजी डॉ माइकल एस राज ने कही। एसपी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सात जिलों के एसपी शामिल हुए हैं। बैठक में हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर और बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा के साथ रामगढ़ एसपी अजय कुमार, हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, धनबाद एसपी हृदीप पी जनार्दन, बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश और चतरा एसपी विकास पांडे जिले के एसपी आपस में सारे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान काफी सारे बिंदुओं पर तैयारी की जाती है। कुछ बिंदुओं पर कमी रह गई है, जिसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा। आईजी ने बताया कि संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए सभी अधिकारियों का आपस में सामंजस्य स्थापित होना बेहद जरूरी है। अपराधी कई जिलों में कांड करते हैं। ऐसी ही हालत कोयला तस्करी और अवैध कारोबारों की भी है। इन सभी अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारी एक साथ मिलकर कार्रवाई करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### अबुआ आवास स्वीकृति में रिश्वत लेते रंगे हाथ धराईं मुखिया



**हजारीबाग।** बड़कागांव के हेठगढा ग्राम निवासी बसंत साव के आवेदन पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग की टीम ने मुखिया व उनके पति को 25 हजार रू रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है ।बताया जाता है की बसंत साव की पत्नी सुशीला देवी के नाम अबुआ आवास योजना के तहत घर पास हुआ है ।जब ये आवास योजना के संबंध में अपने गांव की मुखिया विमला देवी से मिले तो मुखिया व मुखिया पति राजकुमार साव द्वारा आवास पास कराने के एवज में 25 हजार रू रिश्वत की मांग की गई। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को इन्हे रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### वेंडर मार्केट निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग।** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ ने 29 अगस्त को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रोजेक्ट भवन में मुलाकात कर हजारीबाग में वेंडर मार्केट बनाने को लेकर ज्ञापन सौंपा ।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गंदी राजनीति के कारण हजारीबाग के लोग काफी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं ।संघ की समस्या का समाधान किया जाएगा ।इस दौरान गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता,रविंद्र महतो, संतोष गुप्ता,सलीम अंसारी,कुंती देवी, आरती देवी,सरिता देवी और मुनिता देवी समेत कई अन्य उपस्थित थें।

### चुगलामो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुगलामो में आपकी योजना – आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचल अधिकारी श्रवन कुमार झा, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, पंसस अनिता देवी, उप मुखिया किशोर मोदी, गैड़ा उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय, पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रीनाथ होनहोगा, डा0 फतमा खातून प्रखण्ड प्रधान लिपिक फणिभूषण प्रसाद, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके कार्यक्रम में सबसे आधिक अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन 305, जाति प्रमाण पत्र 06, आय प्रमाण पत्र 02, सर्वजन पेंशन 21, सावित्री बाई फुले किशोरी समृधि योजना 10, किसान क्रेडिट योजना 01, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 48, कम्बल वितरण 05, राशन कार्ड में संशोधन 12, एसएचजी आईडी कार्ड 06, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना 35, हरा राशन 2, आवासीय प्रमाण पत्र 05, वृद्धा पेंशन 05, आयुष्मान कार्ड 5 लोंगो के बीच वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीण व पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय प्रतियोगिता 27,28,29 अगस्त 2024 को हुई। इसका समापन 29 अगस्त को हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमे छात्र- छात्राओं की ऊर्जा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. राधा देवी और स्व. गोविंद साह और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कुलाधिपति बी. एन. साह ने विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय सफल फुटबॉल टूर्नामेंट की हार्दिक बधाई दी और खेल में विजयी टीम के उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की सराहना की और शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव प्रो (डॉ)निर्मल कुमार मंडल ने कार्यक्रम के तीसरे दिन खेल समापन होने पर विजय टीम को हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की खेल हमे समयबद्धता ,धैर्य,अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाता है।

### टाइगर जयराम महतो आज के समय में एक विचार बन चुके हैं : रमेश कुमार महतो

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के रामगढ़ प्रखण्ड में आगामी 7 सितंबर को पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम होना तय हुआ है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रामगढ़ पटेल चौक माही होटल में जिला अध्यक्ष देवानंद महतो की अध्यक्षता तथा पार्टी के जिला महासचिव व प्रोटेम प्रभारी डॉ राजेश कुमार महतो के संचालन में 30 अगस्त को बैठक हुई। इस तैयारी बैठक में केंद्रीय पदाधिकारी , जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी,प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्यों ने अपना सुझाव दिया । सभी ने कहा की टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम बहुत दिनों के बाद रामगढ़ प्रखंड में हो रहा है। इसलिए इस कार्यक्रम को सफल हर हाल में सभी को मिल-जुल के करना है। कहा की वर्तमान स्थिति में अगर कोई झारखंड का विकास कर सकता है तो सिर्फ टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है, इसलिए सभी संप्रदाय के लोगों को एक साथ जुड़कर सभी को इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। ग्रामीण क्षेत्र से भी खासकर महिलाओं को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थिति कैसे सुनिश्चित हो, इस पर विशेष विचार विमर्श की गई । सभी ने कहा कि आज के समय में सभी वर्ग के लोग टाइगर जयराम महतो के विचारों से प्रभावित है।

### उपायुक्त का लगा जनता दरबार, फरियादियों ने लगाई गुहार

## प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए त्वरित समाधान के दिए गए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाईन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, अवैध कब्जा, अवैध कब्जा, धोखाधड़ी इत्यादि मामले शामिल रहे।



### जबरन जमीन हथियाने का मामला, मदद की गुहार

मौके पर हरहद थाना मुफस्सिल के मो. कौशन आलम ने उनकी भूमि का जालसाजी से दस्तावेज बनाकर जबरन जमीन हथियाने एवं जान से मारने की धमकी दूसरे पक्षकार के द्वारा दिये जाने का आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगाई। जिसपर उपायुक्त ने तत्काल अंचलाधिकारी सदर को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बारिश में मकान गिरने से बेघर होने पर आवेदन आपदा सहायता की मांग

इस क्रम में ईचाक बरवां की रिता देवी ने भारी बारिश में कच्च मकान गिर जाने से बेघर होने के बाबत आवेदन देकर आपदा मुआवजा की मांग करते हुए राहत प्रदान करने का अनुरोध किया। जिसपर उपायुक्त ने अंचलाधिकारी ईचाक को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### जनता दरबार में समस्याओं को सुना गया, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

इसके साथ ही जोगीडीह ईचाक की पिंकी देवी ने रोजगार उपलब्ध कराने, टाटीझरिया के अंकित ने गंभीर बिमारी पर आर्थिक सहायता, ईचाक के ईश्वर प्रजापति ने ऑनलाईन रसीद, महेश कुमार दारू नेलम्बे समय से म्यूटेशन लंबित होने, रिंकी देवी ईचाक ने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र, चुरचू की गीता देवी ने अबुआ आवास, विष्णुगढ़ के महादेश गोप ने सेवानिवृति के पश्चात लंबित पावना भुगतान, मंजु कुमारी डीपूगढ़ा ने मानदेय भुगतान, कुम्हार टोली के सुमा वर्मा ने धोखाधड़ी, किसान फुटकर विक्रेता हजारीबाग ने कटकमसांडी बाजार परिसर में गुमटी अतिक्रमण हटाने आदि से संबंधित आवेदन समर्पित किये गये। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों पर चली गोली, पुलिस ने पकड़ा अपराधी

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के पतरातू प्रखंड क्षेत्र में एक कुख्यात अपराधी ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों पर निशान साध कर बैठा था। कभी भी किसी गाड़ी पर गोली चल सकती थी। लेकिन पुलिस की सक्रियता से न सिर्फ योजना विफल हुई, बल्कि अपराधी भी सलाखों के पीछे पहुंच गया। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि हथियार के साथ कुख्यात अपराधी मुखलाल गंझू को गिरफ्तार किया गया है। वह पतरातू थाना क्षेत्र के तालाटांड गांव का निवासी है। उसने ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों से लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं देने के कारण उसने गाड़ियों पर हमले की योजना बनाई थी। उसने भरठुआ बंदूक भी अपने साथ रखा था। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली पतरातू एसटीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता ने छापेमारी शुरू की। इस दौरान कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया।



## विहिप का 60वां स्थापना दिवस सह हिंदू महासम्मेलन संपन्न, सनातनियों का उमड़ा सैलाब

नवीन मेल संवाददाता

▸ जन जागरण से ही सामाजिक अस्मिता, अखंडता और मान बिंदुओं की हो सकती है रक्षा : अंबरीश

**बरही।** बरसोत मैदान में विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस सह हिंदू महासम्मेलन धूमधाम से संपन्न हुआ. जिसकी शुरुआत बतौर मुख्य अतिथित विहिप केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय विशेष सह संपर्क प्रमुख अम्बरीश जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. जिनका सहयोग विशिष्ट अतिथि प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत संपर्क प्रमुख प्रिंस जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक. संघ के क्षेत्रीय सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, हजारीबाग जिला संघ चालक श्रद्धा नंद सिंह, कोडरमा जिला सह संघ चालक दयानंद चौरसिया, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह, जिला सत्संग प्रमुख सहदेव जी, जिला आचार्य प्रमुख रवि पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विनोद साहु, जिला गौरक्षा प्रमुख इन्द्रदेव गुप्ता, जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला मिलन प्रमुख सुमंत पाण्डेय आदि अतिथियों ने दिया. इसके साथ ही मंचासिन अतिथियों को अंगवस्त्र और शस्त्र देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम का संचालन जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह से अतिथियों का परिचय कराते हुए उपस्थित सनातनियों का स्वागत किया. अतिथियों ने हिंदू महासमेलन में आए सनातनियों से हिंदू एकता और मान विंदु की रक्षा के लिए एकत्रित होने की बात कही।

### पति की गुमशुदगी को लेकर पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बरही।** मल्लाह टोली निवासी अनीता देवी ने अपने पति हरी माली के गुमशुदगी को लेकर बरही थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है. महिला ने आवेदन में बताया है कि उनके पति बीते 29 अगस्त के रात्रि में सबों के साथ खाना खाकर सोए थे. जो सुबह 4 बजे से अपने घर से लापता है. इस संबंध में परिजनों ने काफी खोजबीन किया पर किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं मिली है. आवेदन में यह भी बताया गया है कि उनका पति बीते कई दिनों से जमीनी विवाद को लेकर विचलित थे. उनके भाई लोग के द्वारा उनका हक नही दिया जा रहा था. गुमशुदगी के दिन वह ग्रे रंग का टी शर्ट और काले रंग का पैंट पहने थे. उनका मोबाइल भी घर में ही छोड़ दिया गया है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने मांडू प्रखंड अंतर्गत तोपा, ओरला एवं कीमो पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान उपायुक्त ने आम जनों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं आपकी विभिन्न समस्याओं का समाधान आपके अपने क्षेत्र में ही हो इस उद्देश्य से सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहे हैं लेकिन जागरूकता के अभाव में लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं, आप सभी से अनुरोध है कि शिविर का लाभ लेते हुए सरकार कि प्रत्येक योजना व योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी लें। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित लोगों से स्वयं सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक होने एवं अपने आस पड़ोस के लोगों को भी सरकार की योजनाओं की जानकारी देने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अभियान मोड में कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं से प्रत्येक योग्य लाभुक को योजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। आप सभी विभागों द्वारा लगाए जा रहे स्टालों पर जाकर अधिकारियों से योजनाओं जानकारी प्राप्त करें। शिविर के दौरान आपके द्वारा जो भी आवेदन दिए जा रहे हैं उन्हें यथासंभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का कार्य किया जा रहा है वहीं प्रत्येक आवेदन की पोर्टल की एंट्री व ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर आवेदनों को निष्पादित करने का कार्य किया जा रहा है। शिविर के दौरान उपायुक्त ने आम जनों को सर्वजन पेंशन योजना, साइकिल वितरण योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। वहीं,उन्होंने सभी से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर के दौरान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मांडू प्रखंड के लिए जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी ने शिविर के दौरान उपस्थित लोगों से कहा कि आप सभी के लिए यह एक बेहद सुनहरा अवसर है कि सरकार आपके द्वार पर आकर आपको योजनाओं से लाभान्वित कर रही है।




### चेयरमैन एस सोमनाथ के हाथों डिग्री एवं प्रशस्ति पत्र मिला

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड के रामदेव खैरिका का पंचायत की एक छोटे से गांव के गोपाल निवासी रामनारायण कुशवाहा के सुपुत्र रंजन वर्मा हजारीबाग का नाम पूरे देश में रोशन किया है। रंजन का चयन देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान इसरो में वैज्ञानिक सी के पद के लिए चयन किया गया है। रंजन वर्मा को इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ के हाथों डिग्री तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है। रंजन वर्मा के पिता भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हैं साथ ही एलआईसी बीमा अभिकर्ता के रूप में कार्यरत है। रंजन वर्मा के निवास स्थान दारू प्रखंड में खुशियों का माहौल देखने को मिल रहा है।

### राणी सती मंदिर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा दो दिवसीय भादो महोत्सव

## भव्य जागरण व धार्मिक अनुष्ठानों का होगा आयोजन

▸ धनबाद की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सिंपल वर्मा एवं श्वेता खंडेलवाल प्रस्तुत करेंगी भजन

नवीन नेल संवाददाता

**हजारीबाग।** मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में भादो महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव 2 एवं 3 सितंबर को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। 2 सितंबर सोमवार को मंदिर परिसर में सुबह 9:00 बजे से भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया है जिसमें कई महिलाओं के द्वारा राणी सती दादी की मंगल पाठ की जाएगी। मंगल पाठ में धनबाद की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सिंपल वर्मा एवं श्वेता खंडेलवाल अपने भजनों से दादी भक्तों को झुमाएंगे। वही





रात्रि मे भव्य जागरण का आयोजन किया गया है, जिसमे धनबाद से पधारे सिंगर के द्वारा अपने अनेकों भजनों से समस्त दादी भक्तों को मनमोहित किया जाएगा।वही 3 सितंबर दिन मंगलवार को मंदिर परिसर में प्रातः 5:00 बजे मंगला आरती, प्रातः5.30 बजे पाटा पूजन वही संध्या 6:30 बजे 13 सुहागन महिलाओं के द्वारा महाआरती के उपरांत दो दिवसीय भादो महोत्सव संपन्न होगा। महोत्सव के दौरान सवामणि एवं छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। मंदिर को इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया जाएगा। मौके पर दादी भक्तो ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा। इस वर्ष महोत्सव में रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर समस्त दादी भक्ति काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### ट्रांसफार्मर लगाने का श्रेय लेने के लिए जनप्रतिनिधियों में होड़

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीढ़ी के हरैयाटांड टोला में एक सप्ताह बाद बिजली आपूर्ति सेवा बहाल हो गई. सबसे दिलचस्प बात यह है कि ट्रांसफार्मर लगाने का श्रेय लेने की होड़ जनप्रतिनिधियों के बीच लगी है. जानकारी हो कि हरैयाटांड टोला में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर 23 अगस्त को जल गया था. जिससे टोला के लोग अंधेरे में रहने को विवस थे. जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं जिप सदस्य कुमकुम देवी को दूरभाष के माध्यम से दिया. जिसके पश्चात दोनों ने गांव की जली हुई ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए विभाग के अधिकारियों को अपने अपने स्तर से प्रयास किया. जिसके पश्चात 29 अगस्त की रात को हजारीबाग से विद्युत ट्रांसफार्मर गांव लाया गया।

## जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में हुआ युवा महोत्सव का समापन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जी.एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के तीन दिवसीय वार्षिक युवा महोत्सव का समापन हुआ। अंतिम दिन के कार्यक्रम में जी.एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के वार्षिक युवा महोत्सव में केवल एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों काफी जोश और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों ने अपने अपने नृत्य कला से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी.एम. महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार तथा जी.एम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार थे। समापन समारोह में बोलते हुए विनय कुमार ने कहा कि इस तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम में जितने भी प्रतिभागियों ने भाग लिया मैं उन्हे धन्यवाद देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और इसी उम्मीद के साथ युवा महोत्सव का समापन करता हु की इस वर्ष की भांति अगले वर्ष दुगने उत्साह के साथ युवा महोत्सव में मिलेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने 2024 के सभी विषयो के महाविद्यालय टॉपरो को चांदी के मेडल दे कर सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी विश्वविद्यालय या राज्य में टॉप करता है तो उसे सोने का सिक्का दे कर सम्मानित किया जाएगा। जी.एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के वार्षिक युवा महोत्सव में एकल नृत्य में प्रथम स्थान स्नेहा कुमारी, द्वितीय स्थान अंजली कुमारी तथा सुमन कुमारी को संयुक्त रूप से दिया गया।



## एक नजर

### बिना चालान बोल्डर लदे तीन हाइवा जब्त

**मरकच्चो।** एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने गुरुवार की शाम नवलशाही थाना क्षेत्र के खेशमी मोड़ के समीप बिना चालान के बोल्डर लदे तीन हाइवा को जब्त किया है। जानकारी अनुसार उक्त तीनों हाइवा सीमावर्ती गिरिडीह जिला के क्षेत्र के खदान से बोल्डर लोड कर नवलशाही चमारो मंडी की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित खेशमी मोड़ के समीप पहले से मौजूद एसडीपीओ ने उक्त वाहनों को रुकवाकर बोल्डर से संबंधित कागजातों की जांच की। चालान नहीं रहने पर तीनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आये,जहां संबंधित विभाग को सूचना देते हुए अग्रेषित कार्रवाई की जा रही हैं।

### कैरम में खुशबू और पिंटू ने मारी बाजी

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। इस दौरान कॉलेज में लूडो, चेस, कैरम, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुरूआत सहायक प्राध्यापकों, प्रशिक्षुओं ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्पित कर किया। लूडो गर्ल्स में प्रथम रजनी, द्वितीय मनीषा, लूडो बॉयज में प्रथम खुबलाल, द्वितीय शशांक, तृतीय सूरज, चेस गर्ल्स गेम्स में प्रथम अनुराधा, चेस बॉयज में प्रथम रिंकेश, बैडमिंटन बॉयज में सूरज, पिंटु कुमार, बैडमिंटन गर्ल्स में प्रथम वैभवी श्री, रजनी, कैरम बॉयज में प्रथम पिंटू कुमार, द्वितीय सुहैल अख्तर, कैरम गर्ल्स में प्रथम खुशबू, द्वितीय उषा रहीं। खेल प्रतियोगिताएं खेल प्रशिक्षक अविनाश कुमार के निर्देशन में हुआ। इसे सफल बनाने में खेल प्रभारी सीताराम यादव, सहायक प्राध्यापक डॉ पूजा, खुशबू सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दा, चुन्नू कुमार का योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा ने किया।

### चंदवारा में सांप काटने से किशोर की मौत

**चंदवारा।** चंदवारा के सरदारोडीह निवासी मनोज साव के 15 वर्षीय पुत्र धर्मदेव कुमार की मौत सांप काटने से हो गई। मृतक उत्क्रमित हाई स्कूल जौंगी के 10वीं का छात्र था। जानकारी के अनुसार धर्मवीर कुमार बुधवर की रात अपने घर में सोया था। इसी दौरान लगभग तीन बजे सांप ने घर में घुसकर उसे काट लिया । उसके बाद परिवार वालों ने स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल कोडरमा ले गए, जहां से रांची रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते ही उसने दम तोड़ दिया। इधर मौत की सूचना के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में मातम का माहौल बना है। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव,डॉ. मनोज कुमार, रामप्रसाद यादव, मुंशी यादव, धनेश्वर साव, सुरेंद्र साव आदि ने शोक जताया है।

---

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# सात महिलाओं को मिली मंईयां सम्मान योजना की राशि

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सात लाभुक महिलाओं को डमी चेक प्रदान किए गए**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में 30 अगस्त 2024 से 15 सितंबर 2024 तक प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम के आयोजन की शुरूआत हुई इसी के तहत शुक्रवार को पहले दिन जिले के कुल 08 प्रखण्डों के पंचायतों में ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम दिन उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड के पाईकपारा, पंचायत भवन आयोजित ₹आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम में पहुंच सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर जिले में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, मुखिया सुशीला, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर नुतन मिंज, अंचलाधिकारी ठेठईटांगर कमलेश उरांव सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा अतिथियों को स्वागत गान के साथ परंपरागत तरीके से स्वागत किया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजन को संबोधित करते कहा कि आपके लिए जो योजनाएं हैं, जो लोक कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो आपको मिलना चाहिए लेकिन कुछ दूरी के कारण नहीं मिल पाती है या कई बार जानकारी के अभाव में आप सभी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। आप सभी को सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजना है उसका लाभ मिले, इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार के निदेर्शानुसार चौथी बार सरकार आपके द्वारा चल कर आई है, आप सभी स्टॉलों पर जायें और योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवेदन कर सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। अंत में उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही है मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पेंशन योजना, हर राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना सहित अन्य योजनाओं के विस्तृत जानकारी देते हुए सबकी सहभागिता से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कहीं।

---

# गर्भवती महिला का घर में मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत करियावां में नौ माह की गर्भवती महिला तरन्नुम खातून (27) का शव घर के कमरे में मिला। घटना के बाद मायके बरही थाना क्षेत्र के भंडारो निवासी मृतक की मां कुलसुम खातून ने जयनगर थाना में आवेदन देकर ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। कुलसुम ने दहेज में बुलेट वाहन के लिए पुत्री तरन्नुम खातून की हत्या करने का आरोप उसके पति समेत सलाउद्दीन अंसारी, ससुर शमसुद्दीन अंसारी, सांस रसीदन खातून, देवर शोएब अंसारी, इरफान अंसारी, तिलैया थाना क्षेत्र के झोलपो निवासी ननद सोनिया खातून, ननदोसी कुर्बान अंसारी पर लगाया है।

आवेदन में कुलसुम खातून ने कहा है कि उनकी बेटी तरन्नुम की शादी 7 वर्ष पूर्व समसुद्दीन अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी के साथ हुई थी। शादी के बाद अतिरिक्त दहेज के रूप में बुलेट की मांग को लेकर हमेशा मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित करते रहते थे। उन्हें पता चला कि उनकी पुत्री की घर में ही गला घोटकर हत्या कर दी गई। मृतका की मां ने यह भी बताया कि उनकी पुत्री 9 माह की गर्भवती थी जो आजकल में बच्चे का जन्म देने वाली थी लेकिन उसके ससुराल वालों ने उनकी पुत्री के साथ-साथ पेट में पल रहा बच्चे को भी मार दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। घटना के बाद ससुराल वाले फरार हैं। पुलिस अब तक किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

### भाजपा-झापा नहीं चाहती कि आदिवासी और मूलवासी विकसित हों : विक्सल कोंगाड़ी

**बोलबा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोलबा प्रखंड के बेहरीनबासा पंचायत के पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने किया। सर्वप्रथम कोलेबिरा विधायक का जोरदार स्वागत उपस्थित ग्रामीणों और पदाधिकारियों के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरूवात विधायक के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।विधायक कोलेबिरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी चुनी हुई सरकार आपके दरवाजे पर आई है। आपके विकास के लिए जीतने भी योजनाएं संचालित की जा रही है।

---

## न्यूज बॉक्स

### मंदिर में मिले कैमरा को उसके मालिक को सौंपा गया



**बानो।** प्रखण्ड के ऐतिहासिक केतुङ्गा धाम में सावन माह के चौथी सोमवारी के दिन मन्दिर के न्यास समिति के अध्यक्ष सुकरा केरकेट्टा को एक कैमरा अज्ञात अवस्था में पड़ा मिला था,जिसे शुक्रवार को उसके मालिक को सौंप दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप प्रधान,ग्राम जोराम थाना ठेठईटांगर निवासी चौथी सोमवारी को जल चढ़ाने केतुङ्गा धाम गया था। बातचीत के क्रम में उन्होंने अपना 1500ऊकैनन कैमरा मन्दिर परिसर में भूलवश छोड़ दिया था। इधर मन्दिर समिति के सदस्यों को कैमरा अज्ञात अवस्था मे पड़ा मिला तो उसे अपने संरक्षण रख लिया था। जिसके बाद कुलदीप प्रधान अपना खोया कैमरा ढूंढते हुए केतु धाम पहुंचा,जहां उसे कैमरा मंदिर समिति के संरक्षण में होने की जानकारी मिली।तत्पश्चात उसने न्यास समिति केतु धाम को एक आवेदन देकर कैमरा अपना होने का दावा किया। जिसके बाद समिति के द्वारा छान बिन करने के पश्चात शुक्रवार को कैमरा कुलदीप प्रधान को सौंप दिया गया।

### कुएं में गिरने से युवक की हुई मौत पुलिस जांच में जुटी



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के लीटीमारा बनटोली में एक व्यक्ति की गुरुवार देर शाम कुआं में गीरने से मौत हो गई।मृतक की पहचान बालेश्वर राम 37 वर्ष पिता लच्छु राम निवासी लीटीमारा बनटोली पंचायत डुमरडीह के रूप में हुई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक गुरुवार देर शाम पानी भरने के लिए घर से कुछ दूरी पर स्थित कुआं पर गया था। इसी क्रम में संभवतः पैर फिसल जाने से वह कुआं में गीर गया जिससे उसकी मौत हो गई।बताया गया कि मृतक के तीन बच्चे हैं और घटना के वक्त पत्नी अपने मायके सिमडेगा गई थी।इधर घटना की सुचना गुरुवार को रात्री में ग्रामीणों द्वारा कुरडेग पुलिस को दी गई। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी नवीन कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर मृतक के शव को कुआं से निकलवाकर अपने कब्जे में करते हुए थाना लाए। वहीं शुक्रवार को आवश्यक कागजी कारवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया।

### डीएवी सिमडेगा की दो टीमों ने नेशनल हॉकी के लिए किया क्वालीफाई



**ठेठईटांगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा की दो हॉकी टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर नेशनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह डीएवी सिमडेगा के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।दोनों ही हॉकी टीमें बालिका वर्ग की हैं। खेल शिक्षक के.पी. बारिक के निर्देशन में अंडर -14 बालिका वर्ग और अंडर-19 बालिका वर्ग की टीमें पहली बार यह अद्वितीय सफलता प्राप्त की है।वहीं उन्होंने खेल शिक्षक और बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की इधर इस सफलता से पूरा विद्यालय परिवार गदगद है। वहीं प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने स्कूल की विशेष प्रगति को लेकर खूंटी लोकसभा सांसद कालीचरण मुंडा एवं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से मुलाकात की और उन्हें अपने शिष्टाचार मुलाकात के द्वारा विद्यालय पधारने के लिए आमंत्रित किया।

### मदर टेरेसा कॉलेज में न्यूट्रिशन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में शुक्रवार को न्यूट्रिशन प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें मदर टेरेसा कॉलेज की सभी एएनएम प्रथम वर्ष एवं जी एन एम प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा न्यूट्रिशन का स्टॉल लगाया गया। जिसमें हाई प्रोटीन डाइट , विनिंग डाइट, एंटी हाइपरटेंशन डाइट, एंटी डायबीटिक डायट , जोंडिस डाइट एवं अन्य डाइट के स्टाल लगाए गए थे। जिसका निरीक्षण आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अरविंद कुमार, डॉ. सीमा टोप्पो निदेशक डॉक्टर प्रहलाद मिश्रा , सचिव निभा मिश्रा,रवींद्रनाथ वर्मा रविकांत मिश्रा, बिल्लू अग्रवाल ए एन एम की प्राचार्या प्रभा सुरीन, जी एन एम की प्राचार्या एरेन बैक , ट्यूटर अल्बीना तोपनो, लीला कुमारी, अमृता जोजो, वंदना धनवार, लीलावती साहू, प्रिया कुमारी , माटिल्डा तिर्की एवं सभी नर्सिंग की छात्राएं मौजूद थी।

---

## गठबंधन सरकार अपने कार्यालयों के कर्मियों को उनके हक और अधिकार देने में विफल : भाजपा नेत्री



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

हेमंत सोरेन के नीति और सिद्धान्तों से नाराज चल रहे नगर परिषद के संविदा एवं दैनिक मानदेय पर कार्यरत कर्मियो से भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी मिली। भाजपा नेत्री ने कहा कि हमे अफसोस होता है कि हेमन्त सोरेन की गठबंधन सरकार अपने कार्यालयों के कर्मियों को उनके हक और अधिकार देने में भी विफल रही है। आपको हक और अधिकार दिलाने के लिए भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को सूचित करेंगे। वो सरकार के रवैये को ठीक करने और आपके अधिकार दिलाने में सहयोग करेंगे। राज्य की गठबन्धन सरकार में जनता पूरी तरह त्रस्त है। यदा-कदा विभिन्न तरीके से कहीं न कहीं जनता तकलीफ झेल रही है। नगर परिषद में कार्यरत संविदा तथा दैनिक मानदेय कर्मी अपने सेवा नियमित करने, निकाय कर्मी का वेतन भुगतान के लिए सरकार सीधे कार्यालय को आवंटन उपलब्ध कराए,आउट सोर्सिंग के कर्मियों का दैनिक भुगतान सरकार स्वंय करे। भुगतान में हो रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने सहित छह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे है नगर कर्मी।

---

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू

# आदिवासी-मूलवासी के अधिकार का सम्मान किया जा रहा है : जोसिमा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

पाकरटांड़ के कैरबेड़ा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथा चरण कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। मौके पर जोसिमा में कई परिसंपत्ति, एक को ट्रांजेन्डर प्रमाण पत्र, आदिम जनजाति समुदाय की जमीन की रजिस्ट्री का कागजात, बच्चियों को साइकिल, स्वरोजगार हेतु कई लोगों को लोन, जॉब कार्ड आदि का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों का भी निरीक्षण कर योजना के बारे में जानकारी ली। मौके पर जोसिमा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा राज्य सरकार के साथ मिलकर क्षेत्र में विकास को जड़ें को सींचने का काम किया जा रहा है। हमारे पुरखों, बाफ दादाओं के सपनों को साकार करते हुए सिमडेगा जिले को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा द्वारा क्षेत्र के विकास में यहां के गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग माता, वयापारी सभी को ध्यान में रखा जा रहा है। आदिवासी-मूलवासी के हक व अधिकार का सम्मान किया जा रहा है। जोसिमा ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

---

# बोलबा में धूमधाम से मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा/बोलबा**

विश्व हिंदू परिषद बोलबा प्रखंड समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को बोलबा बाजारटांड में स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष टकबर सिंह ने की कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत भारत माता एवं भगवान श्रीराम के तस्वीर पर दीप जलाकर किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि भारत में जिस प्रकार सनातन धर्म टुकड़ों में बंटा था जिसे संगठित करने के लिए 1964 में साधु संतों एवं आरएसएस के संयुक्त प्रधान में स्थापना की गई। जिससे देश की संस्कृति समाज जुड़ रहे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से वेद शास्त्र संस्कृति परंपरा देश की रक्षा करने का प्रयास किया गया।

समय समय पर इस देश में भगवान अवतार लेकर धर्म के विरुद्ध धर्म की लड़ाई लड़कर समाज को आगे बढ़ाया है। वहीं उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्णा मित्र प्रेम की उदाहरण देकर सुदामा से दरिद्रता के बावजूद अपना संसार को संदेश दिया।उसी प्रकार भगवान श्री राम जात पात छुआ छूत से ऊपर उठकर माता शबरी के भाव में जाकर उनके जुठे बेर खाए। उन्होंने सभी लोगों को अपने बच्चों को गीता रामायण शास्त्रों की जानकारी देने की बात कही।

वर्तमान समय में मोबाइल युग में बच्चों को मोबाइल ना दें ,इससे की पश्चिमी सभ्यता बच्चों के अंदर आ रही है। हमें अपनी सभ्यता संस्कृति को बचा रखने के लिए बच्चों को संस्कार देने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी लोग पारिवारिक सत्संग साप्ताहिक पूजा पाठ को विशेष ध्यान दें। वहीं उन्होंने रामराज की स्थापना करने की बात कही। इसके लिए एक गांव एक परिवार उद्देश्य से लेकर कार्य करने को कहा। कहा कि हमें समाज में धर्मांतरण रोकने के लिए सभी लोगों को अपने समाज के लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। मौके पर पंडित श्यामसुंदर मिश्रा के द्वारा भी लोगों को संबोधित करते हुए भगवान राम और भारत के जीवन शैली को अपने अंदर आत्मसात करने की बात कही।

---

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आकर लाभ प्राप्त करें ग्रामीण : बिरजो कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड के सुदूर गेनमेर पंचायत भवन परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नइमुद्दीन अंसारी व जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी व जिला परिषद सदस्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया।विभिन्न योजनाओं का आवेदन जमा लिया गया।कई मामलों का निपटारा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार के द्वारा ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। ग्रामीण शिविर में आकर लाभ प्राप्त करें। वहीं जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना ने कहा कि ग्रामीण तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने को लेकर सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में अबुआ अवास के 105,बिरसा हरित ग्राम योजना के 30,सिचाई संबंधी 28,मुख्यमंत्री पशुधन 15,सावित्री फुलेबाइ 5,जाति आय28,मतस्य विभाग46,फसल बीमा12,पेंशन 8 आवेदन प्राप्त हुआ।इस अवसर गिरदा थाना प्रभारी हर्ष कुमार,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी दुलमु बिडउली,रेणु देवी,नंदलाल साहु,कोमल सुरिन, आदि लोग उपस्थित थे।

---

**भाजपा नेता श्रद्धानंद ने पाकरटांड़ प्रखंड का किया दौरा**

# ग्रामीणों की समस्या सुन समाधान का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ पंचायत बागडांड डीपा टोली के ग्रामीणों ने भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा को जानकारी दिया कि विगत दिनों से गांव में बिजली नहीं है, जिसके कारण काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।सुचना मिलने के उपरांत भाजपा नेता बागडांड डीपा टोली पहुंचे एवं वस्तु स्थिति से अवगत हुए। गांव के लोगों ने बताया कि आकाशीय बिजली के प्रभाव में आने से इंसुलेटर और विद्युत तार क्षतिग्रस्त होने से हमलोग अंधेरे में हैं। जिसपर भाजपा नेता ने इसकी जानकारी विद्युत सहायक अभियंता सिमडेगा को दिया एवं समस्या को जल्द समाधान करने का आग्रह किए। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि गांव चारों ओर से कच्चे रास्तों से जुड़ा हुआ है, बरसात के दिनों में कच्चे रास्ते में कादो किचड़ हो जाते हैं, गांव में ही मुख्य पथ से 1.5 किलोमीटर में रा.उ.मा.वि स्थिति है, गांव के काफी बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करते हैं । लेकिन वर्षा के दिनों में रास्ते में कादो किचड़ हो जाने से इनके साथ ही साथ आम ग्रामीणों को भी काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। मौके ओर उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य से मुलाकात की उन्होंने बताया कि स्कूल में 136 बच्चे पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्कूल में बने जलमीनार खराब हैं, स्कूल भवन के तीन कमरों में पानी का रिसाव हो रहा है, विद्यालय में चारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय परिसर असुरक्षित हैं। खेल मैदान को समतलीकरण करने की आवश्यकता है । इत्यादि अनेकों समस्याओं से श्री बेसरा रूबरू हुए । लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों की समस्यायों को सक्षम विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी।



---

## सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को दिया गया प्रमाण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला कार्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सामाजिक नेतृत्वकताओं को प्रोत्साहित करने का प्रमाण पत्र दिया गया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि अभी के समय में शारीरिक शिक्षा बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास बच्चों में हो पाती है और बच्चों का जुड़ाव खेल के माध्यम से भी विद्यालय में हो पाएगी जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति स्कूल में बढ़ेगी।

सामाजिक नेतृत्वकताओं का योदान से समुदाय मे शारीरिक गतिविधि हो पाया। यह कार्यशाला सिमडेगा जिला के कोलेबिरा, बानो, सिमडेगा, ठेठईटांगर, पाकरडाँड़ प्रखंड के सामाजिक नेतृत्वकताओं के द्वारा 24 गाँव में प्रोजेक्ट छालंग के तत्वाधान में शारीरिक शिक्षा विद्यालय के गर्मी छूटी में किया गया था।इसमें अल्मा मेटर और साख फाउंडेशन के द्वारा सामाजिक नेतृत्वकताओं का चुनाव किया गया और दानी फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रोजेक्ट छलांग के मॉड्यूल के अनुसार गर्मी छुट्टी में एक महीने का शारीरिक शिक्षा से संबंधित गतिविधि कराया गया।सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ ने 24 समुदाय के बच्चों को शारीरिक गतिविधि प्रतिदिन कराया' इससे बच्चों मे ड्राप आउट कि स्थिति कमी हुई और गर्मी छुट्टी के बाद ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल आ रहे है।ये गतिविधियों 500 बच्चों के साथ कराया गया।कार्यक्रम पर अल्मा मेटर के प्रोजेक्ट मैनेजर भूपेंद्र कंसारी, क्षेत्र समन्वयक रश्मि होरो, दीपक दस, आशा तोपनो, शशि भूषण साहू और 50 सामाजिक नेतृत्वकताओं के साथ कार्यशाला को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया।

---

# सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जिले में हो रही आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री : जस्टिन बेक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में 14 आदिवासी समुदायों की आम बैठक नील जस्टिन बेक की अध्यक्षता में हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक आदिवासी अधिकार महा पंचायत जिला सिमडेगा की बैलोज नहीं बन पता हैं तब तक आदिवासी समन्वय समिति का गठन कर कार्य को सुचारू रूप से चलाई जाएगी।वहीं बैलोज बनाने की जिम्मेदारी महावीर बड़ाईक,बसंत मांझी, मुकुल बिंझीया, प्यारा मुंडा, हरिश्चंद्र भगत, धानो कच्छप, पंकज टोप्पो, एलेक्स केरकेट्टा, जगमोहन भोग्य, मतियस कुल्लू, नीलम राकेश मिंज, जस्टिन बेक को दी गई हैं।आगे बैठक में कहा गया कि सिमडेगा जिला में प्रशासन के नाक के नीचे आदिवासी जमीन की लूट तथा सीएनटी एक्ट का घोर उलंघन किया जा रहा है।

जिसमें टी-टंगार प्रखंड के अंतर्गत गड़गड़बहार में आदिवासी जमीन पर गैर आदिवासी द्वारा मकान बनाया जा रहा था। वहीं सिमडेगा के खैरानटोली, सलडेगा आदि जगहों में भी आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जा कर बहुत तेजी से मकान निर्माण किया जा रहा है। साथ ही आदिवासी जमीनों की दलाली करने वाले दलालों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर आदिवासी समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मतियास कुल्लू, उपाध्यक्ष जस्टिन बेक, सचिव प्रदीप टोप्पो, सह सचिव दीपती लकड़ा, संरक्षक हरिश्चंद्र भगत एवं सदस्य जोन पिटर बागे, हर्षित कोरवा,साधु लोहरा आदि को चुना गया।

## एक नजर

### कुटुंब न्यायालय ने तबरेज अंसारी को भेजा नोटिस

**रांची।** अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय द्वितीय रांची की ओर से हुटाप मोड खेलारी निवासी तबरेज अंसारी को सुनवाई के दौरान छह सितंबर को कोर्ट में हाजीर होने का नोटिस दिया गया है। न्यायालय ने कहा है कि अगर उक्त तिथि पर तबरेज कोर्ट में हाजीर नहीं हुआ तो उसकी अनुपस्थिति में पकपक्षीय सुनवाई की जाएगी। न्यायालय ने कहा है कि इसके पूर्व भी अदालत में हाजीर रहने का नोटिस उन्हें स्पीड पोस्ट से भेजा गया था। उनकी पत्नी नरगीस परवीन ने न्यायालय में मेंटिनेंस के लिए उनपर मुकदमा दायर किया है।

### कंटेनर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, मौत

**दुमका।** जिले के दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के इंदरबनी पेट्रोल पंप के पास सड़क दुघर्टना में पति-पत्नी दंपति की मौत हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पत्ताबाड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर ने दोनों महिला पुरुष को रोंदते हुए मसानजोड़ की ओर भागने में सफल रहा। सूचना पर मसानजोड़ थाना पुलिस ने कंटेनर को जप्त कर ली है। मृतक दंपति शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सरायदाहा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुट गई है।

### आजसू बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कल

**रांची।** एक सितंबर को हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आजसू बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में बुद्धिजीवी मंच के महासचिव डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि एक सितंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह सह सम्मान समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे।

### कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**जमशेदपुर।** फिल्म अभिनेत्री सह सांसद कंगना रनौत की विवादास्पद फिल्म इमरजेंसी पर रोक लगाने की मांग कोल्हान के सिखों की सर्वोच्च संस्था सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने की है। इसको लेकर शुक्रवार को सीजीपीसी ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया. साथ ही फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग से जुड़ा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। सीजीपीसी ने जिला प्रशासन के अलावा पीएम मॉल के मल्टीप्लेक्स प्रबंधन को भी फिल्म का प्रदर्शन नहीं करने के लिए ज्ञापन दिया. आरोप है कि फिल्म में सिखों को नफरत का पात्र बताए जाने की बात कही गयी है।

# चावल की अनुपलब्धता के कारण दस दिनों से मध्याह्न भोजन बंद

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हथियाचट्टान में विगत 10 दिनों से मध्याह्न भोजन बंद है। जिसके कारण विद्यालय आने वाले बच्चों को रोजाना भूखे पेट ही वापस घर लौट जाना पड़ता है। बताया जाता है कि विभाग द्वारा चावल आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण यह स्थिति बनी हुई है।

बच्चों ने कहा कि वे लोग रोजाना विद्यालय आते हैं, टिफिन के समय में भोजन नहीं मिलता है तो थोड़ा बहुत खेल लेते हैं जिसके बाद छुट्टी होने पर भूखे पेट ही घर चले जाते हैं। इस बाबत पूछने पर विद्यालय के सचिव मनोज हांसदा ने बताया कि विगत 10 दिनों से चावल खत्म है। विभाग को कई दफा सूचित किया गया है लेकिन चावल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। उन्होंने कहा कि इस दौरान बीआरपी बैजू कुमार द्वारा विद्यालय का निरिक्षण भी किया गया बावजूद इसके प्रबंधन समिति को चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है। कहा कि प्रखंड शिक्षा विभाग के कर्मी आफताब से बात हुई तो उन्होंने कहा कि गोदाम में चावल नहीं है।



हाल प्राथमिक विद्यालय हथियाचट्टान का

सुदूरवर्ती व पिछड़ा आदिवासी क्षेत्र होने के कारण इस इलाके में काफी गरीबी है। रोजगार के कोई साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग दिहाड़ी मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण - पोषण करते हैं। ऐसे क्षेत्रों में मिड डे मिल से कम से कम बच्चों को एक वक़्त का खाना तो नसीब होता है मगर अफसोस विभागीय लापरवाही के कारण इन नौनिहालों को कुछ दिनों से यह भी नसीब नहीं हो रहा।

**बीईईओ को चावल खत्म होने की जानकारी तक नहीं**

वहीं इस बाबत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार से फोन पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

यहां सोचने वाली बात यह है कि 10 से अधिक दिनों से चावल आपूर्ति के अभाव में मिड डे मील बंद है और अबतक बीईओ को इसकी कोई जानकारी नहीं है। जबकि विद्यालय के सचिव मनोज हांसदा के अनुसार इस दौरान बीआरपी बैजू कुमार द्वारा विद्यालय का निरिक्षण भी किया गया और आफताब नामक कर्मी को मामले से अवगत भी करवाया जा चूका है लेकिन बीईओ रंजीत कुमार ने मामले की जानकारी से साफ इनकार कर दिया। ऐसे में विभागीय कर्मी और पदाधिकारी की लापरवाही साफ देखी जा सकती है। बताते चलें कि एक दिन भी मिड डे मिल बंद नहीं रखने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी इन लोगों ने ठेंगा दिखा दिया है।

# तिसरी के सुदूरवर्ती आंगनबाड़ी केंद्रों का हाल खराब, अक्सर बंद होने की आ रही शिकायत

## विभाग ने कहा, शिकायत आने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्र के खुलने व बंद रहने का समय और दिन दोनों ही बच्चों व ग्रामीणों को पता नहीं चल पाता है। जिसका मुख्य कारण है आंगनबाड़ी सेविकाओं की मनमानी और विभागीय उदासीनता।

शुक्रवार को तिसरी प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत मनसाडीह अंतर्गत तिसरो, सागबारी और खाखोढाब स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटका मिला। इस बाबत स्थानीय ग्रामीण दर्शन से पूछने पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र सप्ताह में एक या दो दिन ही खुलता है,बाकि के. दिन यह बंद ही रहता है । सागबारी में बच्चों ने बताया कि सप्ताह में केवल एक दिन ही आंगनबाड़ी खुलता है। ग्रामीणों ने कहा कि सेविका और सहायिका दोनों नदारत रहती हैं।

वहीं ग्रामीण सुरेश कुमार, दर्शन सहित सभी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका पर बच्चों को मिलने वाला पोषाहार को डकारने का भी आरोप लगाया है। कहा कि किसी भी बच्चे को पोषाहार नहीं दिया जाता है।

**मामले को गंभीरता से लेने के बजाए सेविकाओं के पक्ष में खड़े रहते हैं अधिकारी**





इस मामले में जब विभाग के एलएस सोशन मरांडी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अकेले रहने के कारण वे फील्ड नहीं घूम पा रही हैं। शुक्रवार को खाखोढाब आंगनबाड़ी की सेविका और सहायिका ऑफिस के काम से तिसरी आई थी। उन्होंने कड़क आवाज में कहा कि सभी सेविका और सहायिका को आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खोलने और बंद करने का निर्देश दिया गया है,जो समय पर नहीं खोलेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि जितने कड़क आवाज में पदाधिकारी कार्रवाई करने की बात कहते हैं उतने ही कड़क रुख अख्तियार कर कार्रवाई करते तो शायद इन सुदूरवर्ती क्षेत्र के नौनिहालों का कुछ भला हो जाता।

# डीजीपी ने अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट को लेकर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के आयोजन के संबंध में जैप 1 के खुकरी गेस्ट हाउस में शुक्रवार रात डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक की गई जनवरी 2025 में खेल गांव में अखिल भारतीय ड्यूटी मीट के आयोजन का निर्णय लिया गया। सभी राज्यों की पुलिस एवं अन्य पुलिस संगठनों और संस्थाओं से लगभग 1500 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के भाग लेने की संभावना है। मीट में वैज्ञानिक अनुसंधान, पुलिस पोर्ट्रेट, कंप्यूटर, श्वान दस्ता संबंधी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा ओवरऑल विजेता की घोषणा होगी। साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में एडीजी आर के मलिक, एडीजी संजय आनंद लाटकर, एडीजी प्रिया दुबे, आयोजन सचिव आईजी असीम विक्रांत मिंज, अखिलेश झा, राजकुमार लकड़ा, ए विजयलक्ष्मी, शैलेंद्र सिंहा, सुदर्शन मंडल, रांची स्थित सभी डीआईजी एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भाग लिया।

# आपकी सरकार आपके द्वार का हुआ आयोजन

## शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

प्रखंड क्षेत्र के कातिंग पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा जिप सदस्य मेरी लकड़ा कातिंग पंचायत मुखिया मधुरा मिंज चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे जहां लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए अपना आवेदन जमा किए शिविर में स्वास्थ्य विभाग,मनरेगा, बिजली विभाग, पशुपालन विभाग,सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना,अबुआ आवास,बाल विकास, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, सावित्रीबाई फुले योजना, किशोरी समृध्दि योजना एवं चैनपुर थाना के द्वारा स्टाल लगाकर सभी ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए उनका आवेदन लिया गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने उपस्थित ग्रामीणों को अपने संबोधन में कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें आप अपने ही गांव घर में लगे शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं वहीं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने अपने पंचायत में लगने वाले शिविर में जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजना से संबंधित दस्तावेज के साथ अपना आवेदन दें वही चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि हमारे राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की सोच है कि अंतिम व्यक्ति भी विकास योजना से न छुटे जिसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

# सरकार की विफलता एवं धोखे से राज्य की जनता हताश और निराश : आजसू




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी ने शुक्रवार को कई विधानसभा क्षेत्रों के अलग-अलग पंचायतों में जन जागरण पदयात्रा निकालकर हेमंत सरकार की विफलताओं को जनता के समक्ष रखा। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आज से पांच वर्ष पहले वर्तमान में सत्ता पर बैठे राजनेता लुभावने नारों एवं झूठे वादों की सीढ़ियां चढ़कर सत्ता के शिखर तक पहुंचे। इन्होंने वर्ष 2019 के चुनावी सभा में बड़े-बड़े वादे किए। लोकलुभावने नारों के भ्रमजाल में राज्य की जनता को ठगा गया।

पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि लोगों ने इनकी बातों पर विश्वास किया तथा इनपर भरोसा जताया। सरकार की विफलताओं और धोखे से राज्य की जनता हताश और निराश है। आज राज्य की जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। युवाओं में आक्रोश है। किसानों में क्रोध है। महिलाएं मर्माहत हैं। राज्य की आम जनता के मन में प्रतिशोध की आग सुलग रही है। राज्य की तीन करोड़ जनता इस भ्रष्ट एवं विभिन्न घोटालों के जनक व पोषक सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**मांडू विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह 31 को**

आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कल दिनांक 31 अगस्त दिन शनिवार को मांडू प्रखंड के तरवा टोंड़, मुरपा, कुज्जू में किया जाएगा।

# पाकुड़ में देर रात तक चली सीबीआई की छापेमारी

## अहम दस्तावेज जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**

सीबीआई टीम की पाकुड़ में गुरुवार देर रात तक छापेमारी चली। रात लगभग 10 बजे सीबीआई टीम ने शहर के बीचोंबीच नामू टोला स्थित नीरज अग्रवाल के आवास में छापेमारी की। इसकी जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

सीबीआई टीम बीते गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे हाकिम मोमिन के घर पहुंची और देर रात तक छापेमारी की। सीबीआई की टीम ने पहले हाकिम मोमिन के आलीशान मकान और उसके बाद बारी-बारी सभी कमरों की छानबीन की। टीम ने पूरे मकान की दीवार, फर्श आदि की भी गहराई से जांच पड़ताल की।



इधर, देर रात नीरज अग्रवाल के घर पर भी सीबीआई की छापेमारी शुरू हुई। जांच दल ने नीरज के घर की तलाशी ली और उससे हाकिम व उसके बीच कारोबार, हाकिम से संबंधित पूछताछ की। यह पूछताछ रात लगभग 1.45 बजे रेड खत्म हुई। जांच दल के अधिकारी कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गए हैं।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में साहित्यिक उत्सव शुरू

**रांची।** सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा की मेजबानी में दो दिवसीय 68वीं इंटर जेसुइट निबंध, वक्तृत्व और वाद-विवाद प्रतियोगिता की शुरूआत शुक्रवार को स्कूल सभागार में हुई। इस साहित्यिक उत्सव में पहले दिन इवेंट, निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। उत्सव में सेंट लॉरेंस हाई स्कूल कोलकाता, सेंट जेवियर्स बोकारो, सेंट जेवियर्स हजारीबाग, सेंट जेवियर्स साहिबगंज, सेंट जेवियर्स गुमला, लोयोला इंग्लिश मीडियम स्कूल खूंटी, प्रभात तारा इंग्लिश मीडियम स्कूल धुर्वा, डी नोबिली स्कूल डिगवाडीह, डी नोबिली स्कूल धनबाद, सेंट जेवियर्स दुगापुर, सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल रांची और सेंट जेवियर्स डोरंडा की टीमें भाग ले रही हैं। शनिवार को वक्तृत्व और वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी।

# अबुआ आवास योजना के लिए आए सबसे अधिक 49,752 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान अबुआ आवास योजना के लिए सबसे अधिक 49,752 आवेदन आए।

लगातार चौथे साल लगे इस कार्यक्रम में राज्य के 24 जिलों में कुल 329 कैंप लगाकर लाभुकों से आवेदन लिया गया।

पहले दिन 91 हजार से अधिक आवेदन रजिस्टर्ड किए गए। इनमें से 61,567 आवेदन फोकस स्कीम से जुड़े थे। जिनमें से 304 आवेदन का निपटारा किया गया। कैंप में बेनिफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के लिए 22,802, ऑन द स्पॉट डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम के लिए 3,453 और ऑन द स्पॉट ग्रीवांस स्कीम के लिए 4,118 आवेदन आए। रजिस्टर्ड 91 हजार से अधिक आवेदनों में से 2523 को डिस्पोज किया गया। फोकस स्कीम को लेकर सबसे अधिक आवेदन पलामू जिले (8941) से आए। वहीं, सबसे कम आवेदन रांची जिले (29) में आए। कुल फोकस स्कीमों में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 49,752 आवेदन आए। सर्वजन पेंशन योजना के लिए 5,781, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 2173, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिए 1011, जाति प्रमाण पत्र (केवल विद्यार्थी) के लिए 1305, आवासीय प्रमाण पत्र (केवल विद्यार्थी) के लिए 784, आय प्रमाण पत्र (केवल विद्यार्थी) के लिए 761 आवेदन शामिल हैं।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/15/2023-24, जिसका PR No. 333472, में निम्नलिखित रूप से संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Details | As per NIT | Amended |
|---|---|---|---|
| 1. | Name of Scheme | Rejuvenation of Lamki Pokhar in Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag | Rejuvenation of Labki Pokhar Talab, Ward No. 23 Under unicipal Corporation, Hazaribag |
| 2. | Value of Work (Rs.) | 90,60,000/- | 83,68,385/- |
| 3. | EMD (Rs.) | 2,00,000/- | 1,70,000/- |

शेष सभी शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/– कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR.NO.334225 Urban Development and Housing(24-25):D


# गिरिडीह में उत्पाद पुलिस बहाली दौड़ में 25 से अधिक अभ्यर्थी बेहोश

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह न्यू पुलिस लाइन में चल रहे उत्पाद पुलिस बहाली की दौड़ में शुक्रवार को भी 25 से अधिक अभ्यर्थी अचेत होकर गिर पड़े। बीते दो दिनो में 50 से अधिक अभ्यर्थी दोड़ के दौरान बेहोश होकर गिरे हैं। आनन-फानन में सभी को सदर अस्पताल लाया गया। अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों ने अस्पताल की अव्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। एक ही बेड पर दो से तीन अभ्यर्थियों को सुला दिया जा रहा था और ठीक से इलाज भी नहीं किया जा रहा था।

सिविल सर्जन डॉ. एस पी मिश्रा ने शुक्रवार को अस्पताल के निरीक्षण में पाया कि अभ्यर्थियों का ठीक से इलाज नहीं हो रहा था। इसको लेकर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देश दिया। इस बाबत अभ्यर्थी के परिजनों ने सीएस से कहा कि सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पंखा नहीं रहने के कारण परेशानी हो रही है। सही से इलाज भी नहीं किया जा रहा है। इस बाबत सिविल सर्जन डॉक्टर शिव प्रसाद मिश्र ने बताया कि थोड़ी सी परेशानी हुई है लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। बताया कि पहले बेड ऊपर के तले पर लगाया गया था लेकिन अब नीचे ही बरामदा आदि पर इसे शिफ्ट कर दिया गया है। घायल युवकों को स्वास्थ्य के लिए अब परेशानी नहीं होगी। बेहतर उपचार किया जाएगा। मेन गेट पर भी मेडिकल कर्मी की नियुक्ति कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भी 28 अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर गये थे।



# श्री राणी सती मंदिर में भादोबदी अमावस्या महोत्सव मनाया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री राणी सती मंदिर में 2 और 3 सितंबर को श्रद्धा और आस्थाभा के साथ भादोबदी अमावस्या महोत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन सोमवार भादोबदी अमावस्या को सुबह 7 बजे गणेश पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत होगी। 8 बजे श्री राणी सती दादी के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्जवल्लित की जाएगी। उसके बाद 651 सुहागिनों द्वारा पारंपरिक राजस्थानी परिधान पहन मंगला पाठ किया जाएगा। उसके बाद 1 बजे से श्री हरि सत्संग मंडल समिति के सदस्यों द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। भजन मंडली द्वारा 5 बजे से 8.30 बजे तक भजनों की सरिता का प्रवाह होगा। चुनड़ी उत्सव 7 बजे से 8 बजे तक और चतुर्दशी जागरण रात 9 बजे से रात एक बजे तक श्री राणी सती मंडल के सदस्यों द्वारा चतुर्दशी जागरण किया जाएगा।

इस आशय की जानकारी श्री राणी सती मंदिर कमेटी के चंद्रकांत झुझुनवाला ने दी।



श्री राणी सती मंदिर कमेटी के तत्वावधान में मनाए जा रहे दो दिवसीय भादोबदी अमावस्या के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 5 बजे दादी की मंगला आरती होगी। दादी के मंड का आकर्षक मनमोहक श्रृंगार कर पूजा अचर्ना की जाएगी। उन्हे छप्पन भोग लगाया जाएगा। सवामनी भोग सुबह 6 बजे और रात 9 बजे महाआरती होगी। दिन भर दादी अपने भक्तों को दर्शन और आशीर्वाद देंगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा संख्या:- **03/R1/2024-25/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **29.08.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/03/2024-25/MMGSY | रामगढ़ | कुन्दरूकलां के सुन्दरलाल महतो के घर से नौवा बगीचा होते हुए सरैया लाल मोहन महतो के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.000 कि0मी0) | 121.382 | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/RAMGARH/04/2024-25/MMGSY | रामगढ़ | लवालौंग शैलेश चौधारी के घर से खैरा सौड़ा होते हुए लुकया तक पथ निर्माण कार्य। (1.600 कि0मी0) | 141.464 | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **02.09.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **09.09.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.09.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह०/– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 334146 Rural Work Department (24-25)_D

## संपादकीय

# गायब होते खेत खतरे की चेतावनी

झारखंड ही नहीं देश के अनेक क्षेत्रों में किसी भी सड़क या राजमार्ग के दोनों तरफ अब खेत कम बनतीं नई इमारतों, कॉलोनियों, स्कूल-कालेजों, प्रतिष्ठानों के तेजी से हो रहे अनियोजित नवनिर्माण के मध्य फसलों के दृश्यों का निरंतर कम होना चिंता का विषय है। अनेक कारणों से कृषि के लिए जमीन का रकबा हर रोज घटता जा रहा है। ऐसे में विचारणीय है कि जिस बढ़ती आबादी के लिए इमारतें बन रहीं हैं उनके लिए खाद्यान्न की उपलब्धता का संकट भविष्य में विकराल न हो जाए। हमारा कृषि प्रधान देश धीरे-धीरे व्यवसाय और मुनाफा प्रधान होता जा रहा है। खेती कभी भी लाभकारी व्यवसाय नहीं बल्किगांवों में रहने वालों के लिए जीविका और जीवन चक्र का साधन थी, जिससे नगरों और महानगरों का भी भरण-पोषण होता था। धीरे-धीरे कृषि लाभ के बजाय घाटे के धंधे में तब्दील होती चली गई। इसके लिए सरकार की नीतियां अधिक जिम्मेदार हैं, जिनके चलते फसलों के बीज, रासायनिक उर्वरकों और कृषि यंत्रों की कीमतों में बेलगाम वृद्धि हुई, जबकि पैदावार के लागत मूल्य को हासिल करना भी किसान के लिए मुश्किल होता चला गया। उसे सरकार की ओर से निर्धारित फसल का न्यूनतम मूल्य भी न मिलना किसी मारक प्रहार से कम नहीं। इसके चलते किसान को घर-परिवार चलाना, बच्चों की शिक्षा और उनके शादी-विवाह का प्रबंध, अपनी अल्प चिकित्सकीय जरूरतों के साथ न्यूनतम अत्यावश्यक सुविधाओं को हासिल करना हर रोज कठिनतर होता चला गया। रोजगार के लिए गांवों से पलायन के चलते उत्तम खेती की अवधारणा समय के साथ अर्थहीन होती गई। खेती का बंटवारा होने के कारण छोटे और कमोवेश मध्यम किसान अपनी जमीन बेचने के लिए विवश हुए। इससे उनके सम्मुख रोजी-रोटी की समस्या आ खड़ी हुई। ऐसे में मजदूर बनते चले जाने की उनकी विवशता को हुक्मरानों ने कभी महसूस नहीं किया। सरकारें इस ओर से निरंतर मुंह फेर लेती रहीं कि आखिर तेजी से भूमिहीन होते जा रहे किसानों को गांवों में कैसे रोका और काम दिया जाए? मनरेगा के अंतर्गत रोजगार दिए जाने का कुछ लाभ हुआ, लेकिन ऐसी योजना की भी एक सीमा है। एक समय था, जब गांव आत्मनिर्भर इकाई हुआ करते थे। वहां जरूरत की हर चीज पैदा की जाती थी। गांव तब कस्बे या शहर के मुखापेक्षी नहीं थे। गांव के मजदूर वर्ग को वहीं काम मिल जाता था। जब तक कृषि कार्य में मशीनों का इस कदर प्रयोग नहीं हुआ था, मनुष्य और पशुओं के साहचर्य का सौहार्दपूर्ण वातावरण ग्रामीण जीवन को अनोखा सौंदर्य और विशिष्टता प्रदान करता था, लेकिन सड़कों और मशीनों की पहुंच ने गांवों से उनकी सांसों की आवाजाही छीन ली। हमारा ऐसा मानना कोई प्रगति विरोधी नजरिया नहीं है, पर यदि कृषि योग्य जमीन पर अतिक्रमण और लूट का सिलसिला इसी तरह चलता रहेगा, तो यह संकट भविष्य के लिए बड़ा खतरा है। इस पर गहन विमर्श की जरूरत आज के एजेंडे में होनी चाहिए।

**खेती कभी भी लाभकारी व्यवसाय नहीं, बल्कि गांवों में रहने वालों के लिए जीविका और जीवन चक्र का साधन थी, जिससे नगरों और महानगरों का भी भरण-पोषण होता था।**

# दो अरब लोगों को पौष्टिक आहार की दरकार



अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट इस मायने में और गंभीर हो जाती है कि लाख प्रयासों के बावजूद दुनिया की बहुत बड़ी आबादी को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 2.2 अरब आबादी आज भी पौष्टिक आहार से वंचित है। इसके कारण कुपोषण बढ़ रहा है और लोग बीमारियों का आसान शिकार बन रहे हैं। मजे की बात यह है कि हमारी आदतों के कारण बहुत बड़ी मात्रा में एक ओर भोजन की बबार्दी हो रही है तो हमारी व्यवस्थाओं के चलते बड़ी मात्रा में या तो खाद्यान्न बेहतर रखरखाव के अभाव में खराब हो जाता है या फिर पोस्ट हार्वेस्टिंग गतिविधियों को विस्तारित व काश्तकारों तक तकनीक की पहुंच नहीं होने के कारण खराब हो जाता है। यानी एक ओर हमारी आदतों के कारण तो दूसरी ओर सहेज कर रखने की सही व्यवस्था के अभाव में खाद्यान्न बेकार हो जाता है। इसका सीधे-सीधे खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यह पहला अवसर नहीं है जब इस तरह की रिपोर्ट जारी हो रही हो, बल्कि आईएफपीआरआई का यह सालाना कार्यक्रम है और प्रतिवर्ष इस तरह की रिपोर्ट जारी होती है। इसमें भी दो राय नहीं कि हालात में सुधार हो रहा है पर जिस तरह का सुधार होना चाहिए था वह हो नहीं हो रहा है। यह किसी एक देश की समस्या हो ऐसा भी नहीं है, कमोबेश यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में है। अंतर इतना भर है कि कम आय वाले देशों में समस्या अधिक गंभीर है। यह तो साफ हो गया है कि कुपोषण के कारण या यों कहें कि पौष्टिक आहार की सहज उपलब्धता नहीं होने के कारण सीधे-सीधे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार यदि लोगों को पौष्टिक आहार मिलने लगे तो पांच में से एक जान तो आसानी से बचाई जा सकती है। पौष्टिक भोजन नहीं मिलने की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 14.8 करोड़ बच्चे अविकसित हो रहे हैं तो 4.8 करोड़ बच्चे कम वजनी हो रहे हैं। केवल पौष्टिक आहार नहीं मिलने के कारण ही 50 लाख लोग डायबिटिज के शिकार हो रहे हैं। अधिक वजन और मोटापा आम होता जा रहा है। कुपोषण के कारण गैर संचारी बीमारियों की गिरफ्त आते जा रहे हैं। हालांकि दुनिया के देशों की सरकारें लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। पर इसके प्रमुख कारणों में से सहज उपलब्धता व पहुंच का अभाव, सामर्थ्य यानी कि गरीबी या पर्याप्त आय नहीं होना है। सबसे अधिक वैश्विक स्तर पर हालात से निपटने के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। दुनिया के देशों को मांग और आपूर्ति की व्यवस्था को भी देखना होगा। इस सबके साथ हमारी बदलती जीवन शैली जिसमें अपौष्टिक खाद्य व पेय पदार्थों का सेवन आम होता जा रहा है उस पर भी रोक लगानी चाहिए और जब तक सरकारों के प्रयास सफल नहीं होते तब तक हमें भी हमारी आदतों को सुधारने की पहल करनी ही होगी।

इन सबके साथ दुनिया के देशों के सिविक सेंस को भी सकारात्मक बनाना होगा। कई देशों में होटलों, रेस्ट्रा, सामूहिक आयोजनों सहित विभिन्न आयोजनों में भोजन की बबार्दी रोकने के लिए सक्रियता दिखाई गई है लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरे से अधिक नहीं है। ऐसे में हमें अन्न के एक-एक दाने को बचाने के बारे में सोचना होगा। जिस तरह पार्टियों में खाने की बबार्दी होने लगी है, यह अपने आपमें गंभीर है। बुफे के खाने में इसको आसानी से देखा जा सकता है। भले ही यह हालात हमारे देश में हो कि आयोजनों में किस तरह लोग बुफे स्टॉल पर टूट पड़ते हैं, खाने की प्लेट को एक ही बार में भर लेते हैं और फिर जूठन के रूप में डस्टबिन को समर्पित कर देते हैं। यह तस्वीर खाने की बबार्दी को दशार्ती है। कमोबेश यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखी जा सकती है।

अब सोचिये इस तरह बर्बाद गया खाना कितने लोगों के पेट भर सकता है। खाने का यह दुरुपयोग आसानी से रोका जा सकता है। इसके लिए प्रकृति या व्यवस्था को दोष नहीं दिया जा सकता। इसी तरह से खेत-खलिहान में व्यवस्था के अभाव में होने वाले कृषि उत्पादों का नुकसान भी कम किया जा सकता है। इस तरह अन्न और खाद्यान्न दोनों की बबार्दी रोकी जा सकती है तो दूसरी ओर यह सब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए विश्व खाद्य संगठन व इसी तरह की अन्य संस्थाएं आसानी से कर सकती हैं। सवाल सीधा है कि उपलब्ध खाद्यान्नों से ही समस्या को एक हद तक तो दूर किया जा सकता है। इसके साथ ही दुनिया के देशों की सरकारों को अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा ताकि लोगों को पौष्टिक आहार मिल सके।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

### आज की बात



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

## देश की बात

# डंकी रूट से जुड़े संकट और दर्द को कौन सुनेगा?



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा-डंकी प्रेक्टिस का तब पदार्फाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा-सपनों को चूर-चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं। डंकी रूट के जरिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# सुख-दुख दुनिया की रीत है



नरेंद्र भारती

कहते हैं की जब सहने वाले को सब्र आ जाये तो दुख देने वालों की औकात दो कोड़ी की रह जाती है यह उक्ति शत प्रतिशत सही है। सब्र में बहुत शक्ति होती है सब्र बहुत कुछ सीखा देता है अंत हर चीज का होता है एक समय ऐसा आ जाता है की तमाम दुखों का अंत हो जाता है लेकिन दुखदायी यादें ताउम्र रहती हैं रिश्तों में वह मिठास नहीं रहती क्यूंकि समय निकल जाता है लेकिन मन में एक टीस रहती है सहनशीलता बहुत जरूरी है दुख देने वाला खुश होता है लेकिन दुख सहने वाला अभ्यस्त हो जाता है नियति मानकर चलता रहता है दुख सदा नहीं रहते हर काली रात के बाद सवेरा जरूर होता है यह शाश्वत सत्य है। किसी को दुख मत दीजिये नफरत छोड़ दीजिये प्रेम कीजिये। गिले शिकवे सदैव नहीं रहते समय बलवान होता है समय परिवर्तनशील है समय अच्छा बुरा चलता रहता है कभी धूप कभी छावं होती है। सुख दुख दुनिया की रीत है जिसने सुख दुख को समझ लिया उसने जग जीत लिया। समय में कई उतार चढ़ाव आते रहते हैं समय बुरा भी आता है अच्छा भी आता है लेकिन फितरती मानव स्वार्थी है स्वार्थ खत्म पहचान खत्म,रिश्ते खत्म कर देता है। खून के रिश्तों को तोड़ देता है। खून के रिश्ते ही काम आते हैं समय एक जैसा नहीं रहता समय एवं परिस्थितियों में बदलाव होता रहता है राजा रंक बन जाते है और रंक राजा बन जाते है। एक पल में सब बदल जाता है। अक्सर देखा गया है की लोग कमजोर व लाचार लोगों को दुख देते हैं लेकिन गरीब लोग हर चीज सहन कर लेता है मगर समय बहुत बुरा होता है चेहरे याद रखता है और गिन गिन कर बदले लेता है। मुश्किल व मुसीबत में एक दूसरे के काम आना चाहिए सहयोग करना चाहिए। समाज एक दूसरे का पूरक है एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए। निस्वार्थ भाव व सच्ची भावना व मन से सबका साथ देना चाहिए। स्वार्थ की उम्र ज्यादा नहीं होती अवसान हो जाता है। अच्छे कर्म कीजिये ताकि समाज सदियों तक याद करे एक मिशाल बनो। समाज की रचना के लिए योगदान दीजिये। दुखों का निराकरण कीजिये। दुनिया में अमर कोई नहीं हुआ मौत का एक दिन मुकर्रर है। मौत एक अटल सच्चाई है। तन,मन,धन से समाज का हित कीजिये अहित मत कीजिये। बुजुर्गो का सम्मान कीजिये उनके पदचिन्हो पर चलिए बुजुर्ग समाज के स्तम्भ होते हैं समाज के दुखी व असहाय लोगों की सहायता कीजिये। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## बोधि वृक्ष



**जब अस्वस्थ हो जाएं तो अपने मन को अशांत किए बिना, जीने के स्वास्थ्यकर नियमों का पालन करें। किसी भी कार्य को करने में अविचलित रहें।**

# दुखों से ऊपर उठना



श्री श्री परमहंस योगानंद

सभी द्वन्द्वों को शान्तिपूर्वक सहन करो, और साथ ही स्वयं को इनकी शक्ति से दूर ले जाने का प्रयत्न करते रहो। नकारात्मक परिस्थितियों में, सकारात्मक एवं रचनात्मक ढंग से सोच कर और कार्य करके 'विपरीतता' का अभ्यास करें। तितिक्षा' का अभ्यास करें, जिसका अर्थ है अप्रिय अनुभवों के आगे झुकना नहीं, बल्कि मानसिक रूप से अशान्त हुए बिना उनका सामना करना है। जब अस्वस्थ हो जाएँ तो अपने मन को अशान्त किए बिना, जीने के स्वास्थ्यकर नियमों का पालन करें। किसी भी कार्य को करने में अविचलित रहें। इस जीवन में चाहे आप कष्ट भोग रहे हों, अथवा समृद्धि और शक्ति से मुस्करा रहे हों, आपकी चेतना में कोई परिवर्तन नहीं आना चाहिए। यदि आप सन्तुलित रह सकें तो आपको कुछ भी कभी दुःख नहीं पहुँचा सकता। सभी महान सन्तों के जीवन यही दशार्ते हैं कि उन्होंने इस आनन्दमय अवस्था को प्राप्त किया है। ध्यान वह विधि है जिसके द्वारा आपको माया से ऊपर उठने तथा अपनी सच्ची प्रकृति को जानने का प्रयत्न अवश्य करना चाहिए। यदि आप इस चेतना को माया के भ्रामक अनुभवों से विचलित हुए बिना, कार्य एवं ध्यान करते समय बनाए रख सकें, तो आप ईश्वर के इस स्वप्न संसार से ऊपर हो जाएँगे। यह स्वप्न आपके लिए समाप्त हो जाएगा। इसीलिए भगवान श्री कृष्णां ने बल देकर कहा है कि यदि आप परमात्मा में मुक्ति चाहते हैं, तो आपको हर परिस्थिति में समचित रहना चाहिए। जो व्यक्ति दुःख एवं सुख में शान्त एवं समचित रहता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आपकी बात

# आत्मा के उन्नयन व उत्कर्ष का महापर्व है पर्युषण

### पर्युषण महापर्व (31 अगस्त से 7 सितंबर 2024) पर विशेष





देवेंद्र ब्रह्मचारी

जैनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है पयुर्षण पर्व। यह पर्व ग्रंथियों को खोलने की सीख देता है। इस आध्यात्मिक पर्व के दौरान कोशिश यह की जाती है कि जैन कहलाने वाला हर व्यक्ति अपने जीवन को इतना मांज ले कि वर्ष भर की जो भी ज्ञात-अज्ञात त्रुटियां हुई हैं, आत्मा पर किसी तरह का मैल चढ़ा है वह सब धुल जाए। संस्कारों को सुदृढ़ बनाने और अपसंस्कारों को तिलांजलि देने का यह अपूर्व अवसर है। इस पर्व में श्वेताम्बर परम्परा में आठ दिन एवं दिगम्बर परम्परा में दस दिन इतने महत्वपूर्ण हैं कि इनमें व्यक्ति स्वयं के द्वारा स्वयं को देखने का प्रयत्न करता है। ये दिन नैतिकता और चरित्र की चौकसी का काम करते हैं और व्यक्ति को प्रेरित करते हैं वे भौतिक और सांसारिक जीवन जीते हुए भी आध्यात्मिकता को जीवन का हिस्सा बनाएं। आत्मोत्थान तथा आत्मा को उत्कर्ष की ओर ले जाने वाले इस महापर्व की आयोजना प्रतिवर्ष चातुर्मास के दौरान भाद्रव मास के शुक्ल पक्ष में की जाती है। इस महापर्व में निरंतर धमार्राधना करने का प्रावधान है। इन दिनों जैन श्वेतांबर मतावलंबी पर्युषण पर्व के रूप में आठ दिनों तक ध्यान, स्वाध्याय, जप, तप, सामायिक, उपवास, क्षमा आदि विविध प्रयोगों द्वारा आत्म-मंथन करते हैं। दिगंबर मतावलंबी दशलक्षण पर्व के रूप में दस दिनों तक इस उत्सव की आराधना करते हैं। क्षमा, मुक्ति, आर्जव, मार्दव, लाघव, सत्य, संयम, तप, त्याग तथा ब्रह्मचर्य इन दस धर्मों के द्वारा अंतमुर्खी बनने का प्रयास करते हैं। जो आदमी के जीवन की सारी गंदगी को अपनी क्षमा आदि दस धर्मरूपी तरंगों के द्वारा बाहर करता है और जीवन को शीतल एवं साफ-सुथरा बनाता है। जब दो वस्तुएं आपस में टकराती हैं, तब प्रायः आग पैदा होती है। ऐसा ही आदमी के जीवन में भी घटित होता है। जब व्यक्तियों में आपस में किन्हीं कारणों से टकराहट पैदा होती है, तो प्रायः क्रोधरूपी अग्नि भभक उठती है और यह अग्नि न जाने कितने व्यक्तियों एवं वस्तुओं को अपनी चपेट में लेकर जला, झुलसा देती है। इस क्रोध पर विजय प्राप्त करने का श्रेष्ठतम उपाय क्षमा-धारण करना ही है। पर्युषण पर्व का प्रथम 'उत्तम क्षमा' नामक दिन, इसी कला को समझने, सीखने एवं जीवन में उतारने का दिन होता है। इसी तरह अहंकार आदमी के अंतःकरण में उठते हैं। इसी अहंकार के कारण आदमी पद और प्रतिष्ठा की अंधी दौड़ में शामिल हो जाता है, जो उसे अत्यंत गहरे गर्त में धकेलती है। पर्युषण पर्व का द्वितीय 'उत्तम मार्दव' नामक दिवस, इसी अहंकार पर विजय प्राप्त करने की कला को समझने एवं सीखने का होता है। जैन मनीषियों ने कहा है कि सुख और शांति कहीं बाहर नहीं, अपने अंदर ही हैं और अपने घर में प्रवेश पाने के लिए वक्रता या टेड़ेपन को छोड़ना परम अनिवार्य है, जैसे सर्प बाहर तो टेड़ा-मेड़ा चलता है, पर बिल में प्रवेश करते समय सीधा-सरल हो जाता है, वैसे ही हमें भी अपने घर में आने के लिए सरल होना पड़ेगा। सरल बनने की ही कला सिखाता है ह्यउत्तम आर्जव धर्म ह्न हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह रूपी पांचों पापों के वशीभूत होकर प्राणी दिन-रात न्याय और अन्याय को भूलकर धन आदि के संग्रह में सत्य को धारण करने वाला हमेशा अपराजित, सम्माननीय एवं श्रद्धेय होता है। दुनिया का सारा वैभव उसके चरण चूमता है। यह सब 'उत्तम सत्य धर्म' की ही महिमा है। जैसे किसी भी वाहन को मंजिल तक सही-सलामत पहुंचाने के लिए नियंत्रण की आवश्यकता होती है, वैसे ही कल्याण के पथ पर चलने वाले प्रत्येक पथिक के लिए संयम की परम आवश्यकता होती है। इंद्रिय एवं मन को जो सुख-इष्ट होता है, वह वैषयिक सुख कहलाता है। जो मीठे जहर की तरह सेवन करते समय तो अच्छा लगता है, पर उसका परिणाम दुःख के रूप में ही होता है। ऐसे दुःखदायक वैषयिक सुख से 'उत्तम संयम धर्म' ही बचाता है। अज्ञानता एवं लोभ-लिप्सा के कारण जीव, धन, संपत्ति आदि को ग्रहण करता है। ये ही पदार्थ दुःख, अशांति को बढ़ाने का कारण बनते हैं। ऐसे पर पदार्थों को छोड़ना ही 'उत्तम त्याग धर्म' कहलाता है। जब कोई साधक क्रोध, मान, माया, लोभ एवं पर पदार्थों का त्याग आदि करते हैं और इनसे जब उनका किंचित भी संबंध नहीं रहता तो उनकी यह अवस्था स्वाभाविक अवस्था कहलाती है। इसे ही 'उत्तम आकिंचन्य धर्म' कहा गया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा को लक्षणात्मक रोग कहाना निंदनीय : उपराष्ट्रपति



डीयू के भारती कॉलेज में विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका पर बोले धनखड़

एजेंसी। नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के कृत्यों को लक्षणात्मक रोग के रूप में संदर्भित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल की निंदा की। धनखड़ की टिप्पणी 21 अगस्त को सिब्बल द्वारा पारित विवादास्पद प्रस्ताव के बाद आई है, जिसमें कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार-हत्या मामले को संबोधित किया गया था। सिब्बल के प्रस्ताव में इस घटना को एक लक्षणात्मक रोग बताया गया था, जिसकी एससीबीए के भीतर और बाहर काफी आलोचना हुई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज में विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका विषय पर छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रस्ताव में की गई टिप्पणियां महिलाओं के खिलाफ हिंसा की गंभीरता को कम करती हैं और उच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की छवि को खराब करती हैं। उन्होंने कहा, मैं आश्चर्यचकित हूं, मैं दुखी हूं और कुछ हद तक चकित हूं कि सर्वोच्च न्यायालय के बार के एक सदस्य और संसद का एक सदस्य ऐसा कहते हैं? लक्षणात्मक रोग और यह सुझाव देते हैं कि ऐसी घटनाएं सामान्य हैं? शर्मनाक! ऐसी स्थिति की निंदा करने के लिए शब्द भी कम हैं। यह उस उच्च पद के साथ सबसे बड़ा अन्याय है। ये बयान महिलाएं और बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाते हैं। उन्होंने कहा, क्या आप पार्टी के हितों या व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ऐसा कहते हैं? आप अपने अधिकार का इस्तेमाल करके इस तरह के घृणित अन्याय को बढ़ावा देते हैं? क्या मानवता के लिए इससे बड़ा अन्याय हो सकता है? हम हमारी बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाया जाये? अब नहीं। उपराष्ट्रपति ने नागरिकों से राष्ट्रपति के बस बहुत हुआ के आह्वान को दोहराने की अपील की और कहा, राष्ट्रपति ने कहा, बस बहुत हुआ! आइए, इसे राष्ट्रीय आह्वान बनाएं। मैं चाहता हूं कि यह आह्वान सभी के लिए हो। चलिए संकल्प लें कि हम एक ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिसमें कोई भी लड़की या महिला पीड़ित न हो।

## महिला अपराधों के खिलाफ अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी : राजनाथ



- बलात्कार जैसे अपराध के लिए कानून का सख्ती से हो पालन
- पिछले दस वर्षों में देश ने कई युगान्तरकारी परिवर्तन देखे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अपराधों को देखते हुए तमाम बदलावों के बावजूद ऐसा लगता है कि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमारी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। कोलकाता में हाल ही में हुई दिल दहला देने वाली घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। हमने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में संशोधन किया है। इस कानून का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। तिरुवनंतपुरम में एक कॉन्क्लेव में राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारे देश ने कई युगान्तरकारी परिवर्तन देखे हैं। आर्थिक सुधारों से लेकर बड़े सामाजिक परिवर्तन तक, सांस्कृतिक पुनरुत्थान से लेकर महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तनों तक कई बड़े बदलाव हुए हैं। इस परिवर्तन में सरकार के साथ-साथ हमारे देश के नागरिकों ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सशस्त्र बलों में महिलाओं के प्रवेश की अनेक बाधाएं दूर की गई हैं। सशस्त्र बलों के तीनों विंग में हमने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है। सैनिक स्कूलों में भी महिलाओं को प्रवेश दिया जा रहा है। कॉन्क्लेव में सिंह ने कहा कि आज भारत ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी आवाज बन गया है। हर देश अब महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत की राय को तवज्जो देता है।

## दुर्गा पूजा समितियों ने सरकार से सहयोग राशि लेने से किया इन्कार

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित सामुदायिक दुर्गा पूजा समिति ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दिए जाने वाले वार्षिक दुर्गा पूजा दान को अस्वीकार कर दिया। समिति ने इस महीने की शुरूआत में राज्य द्वारा संचालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के विरोध में यह कदम उठाया है। कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में अल्पसंख्यक बहुल गार्डन रीच क्षेत्र में संचालित सामुदायिक क्लब मुडियाली अमरा का जन ने एक बयान जारी कर इस संबंध में अपना निर्णय घोषित किया। बयान में कहा गया है, हम इस साल राज्य सरकार द्वारा दिए गए 85,000 रुपये के दान को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। हमने यह निर्णय 9 अगस्त को आरजी कार की एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के विरोध में लिया है।

## दोषियों को ऐसी सजा मिले जिससे नजीर पेश हो

- ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को फिर से लिखा पत्र

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर से पत्र लिखा है। उन्होंने इस बात की जानकारी एक्स पोस्ट में पत्र शेयर करके दी। इससे पहले वह 22 अगस्त को भी प्रधानमंत्री को एक पत्र लिख चुकी हैं। अपने इस पत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने 22 अगस्त के पत्र का हवाला देते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें उनके पत्र का कोई जवाब नहीं मिला है, हालांकि उन्होंने अपने इस पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि उनके इस पत्र का जवाब राष्ट्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की तरफ से दिया गया है।



### बंगाल में 88 एफटीसी और 62 पॉक्सो निर्दिष्ट न्यायालय

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 10 विशेष पॉक्सो न्यायालयों की मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य भर में 88 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों (एफटीसी) और 62 पॉक्सो निर्दिष्ट न्यायालय पूरी तरह से राज्य वित्तपोषण पर कार्यरत हैं। मामलों की निगरानी और इससे निपटना पूरी तरह से न्यायालयों के हाथ में है। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध करती हूं कि बलात्कार और हत्या जैसे घृणित अपराधों पर एक सख्त केंद्रीय कानून और दंड पर विचार करें, जिससे समाज में एक नजीर पेश हो।

## रांची के पूर्व सिटी एसपी रहें आलोक बिहार के डीजीपी बने

नवीन मेल संवाददाता



फाइल फोटो

**पटना।** बिहार के नए डीजीपी के रूप में आलोक राज को मनोनीत किया गया है। गृह विभाग ने शुक्रवार शाम इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। 31 सितंबर को आरएस भट्टी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। उन्हें केंद्र सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के डीजी बनाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सरकार ने भट्टी की जगह आईपीएस अधिकारी आलोक राज को बिहार का डीजीपी बनाने का फैसला लिया है। डीजीपी की रेस में कई अधिकारी शामिल थे। विनय कुमार और शोभा अहोतकर का नाम सबसे आगे चल रहा था, लेकिन सरकार ने योग्यता के साथ साथ वरीयता का ध्यान रखते हुए 1989 बैच के आलोक राज के हाथ में बिहार पुलिस की कमान देने का फैसला ले लिया है। आलोक राज फिलहाल निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के एडीजी के पद पर कार्यरत थे। पिछली बार भी रेस में थे। पिछली बार केंद्र से आने वाले तीन अफसरों की सूची में वह दूसरे नंबर पर थे। पहले नंबर पर मनमोहन थे, जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन, बाजी मार ली थी आरएस भट्टी ने। अब भट्टी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की वजह से आलोक राज को ये बड़ा मौका मिल गया है। आलोक राज एक सुलझे हुए पुलिस अधिकारी माने जाते हैं। बतौर एसपी, डीआइजी और आईजी वे जहां पर भी रहे, अपनी छाप छोड़ते रहे हैं।

## मां ने अपने दो बच्चों को मौत के घाट उतारा, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के देवरी से हैरान करने वाला मामले सामने आया है। यहां एक मां ने बड़ी बेरहमी से अपने ही दो बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह दर्दनाक घटना देवरी गांव के वार्ड संख्या-4 की है। यहां मृतक बच्चे अपने पिता, दादा और अपनी मां के साथ रहते थे। मां ने अपने ही दो मासूम बच्चों की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मां ने बच्चों के शव को जलाने का भी प्रयास किया जिसके चलते घर के बाहर धुआं तेजी से फैलने लगा। तेजी से उठ रहे धुएं की वजह से पड़ोसी घर के अंदर दाखिल हुए तो देखा दो बच्चे लहूलुहान हालत में पड़े हुए हैं। पुलिस ने बताया कि महिला ने अपने बेटे देव (3) और बेटी नैना (5) को कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद महिला के पति ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की जा रही है।

## गाजियाबाद में बढ़ते दुष्कर्म पर अपनी ही सरकार पर भड़के विधायक

एजेंसी। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसके बाद हुई हिंसा को लेकर सियासत गरमा गई है। जिले की लोनी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने बढ़ती रेप की घटना को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, यहां हम पूरी तरह से बारूद की ढेर पर बैठे हैं। रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के साथ यहां स्थानीय मुसलमानों ने मिलकर नरक कर दिया है। यह घटना तो सामने आ गई। ऐसी सैकड़ों घटनाएं हैं, जिनको बहन-बेटियां अपनी इज्जत की वजह से समाज में बता नहीं पाती हैं। यह घटना अगर किसी मुसलमान के साथ हुई होती तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी समेत तमाम विपक्ष के नेता इस पीड़ित परिवार के यहां आ जाते, लेकिन इस मामले पर वे चुप्पी साधे हुए हैं। भाजपा विधायक ने पुलिस-प्रशासन पर भी जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के भीतर रेप के आरोपी के घर नहीं ढहाए गए तो वह खुद बुलडोजर लेकर निकलेंगे, फिर चाहे उन्हें जेल ही क्यों न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ईमानदार हैं, लेकिन पुलिस समाजवादी पार्टी के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में ही पिछले आठ दिन में बलात्कार के चार-पांच केस पाए गए हैं।

## एनएचआरसी ने कोलकाता पुलिस को नोटिस जारी किया

एजेंसी। कोलकाता

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस को नोटिस जारी कर 27 अगस्त को 'नवान्न अभियान' के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस के बल प्रयोग पर स्पष्टीकरण मांगा है। यह अभियान आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में चलाया गया था। सूत्रों के मुताबिक एनएचआरसी ने कोलकाता पुलिस से अगले 14 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग का मानना है कि सोशल मीडिया पर छात्रों के एक समूह द्वारा बुलाए गए नवान्न अभियान में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई ने मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है। इस बीच, इस अभियान का आह्वान करने वालों में से एक सायन लाहिरी ने शुक्रवार को अपने वकील के माध्यम से कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और अपनी रिहाई की मांग की है। उनके वकील ने अपनी याचिका में शहर पुलिस पर उनके मुवक्किल को झूठे आरोपों में गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त की दोपहर को हावड़ा समेत पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों के बाद युद्धक्षेत्र में बदल गए थे। राज्य सचिवालय ने पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करने को कहा था। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस संबंध में कुल 220 गिरफ्तारियां की गईं। इसके अलावा अभियान से पहले 25 लोगों को एहतियात के तौर पर गिरफ्तार किया गया था। शहर पुलिस ने कहा था कि अगर ये एहतियातन गिरफ्तारियां नहीं की जातीं तो स्थिति और खराब हो सकती थी।

## एनआईए की दिल्ली पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली भर्ती के एक मामले में शुक्रवार को चार राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी की है। एनआईए के मुताबिक जांच से पता चला है कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने के साथ-साथ नक्सल विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया है। आरोपितों ने इस एजेंडे के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची। पिछले साल छह सितंबर को एनआईए ने नक्सली नेताओं और भाकपा (माओवादी) के कैडरों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर भी कार्रवाई की थी। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, चंदौली, वाराणसी, देवरिया और आजमगढ़ जिलों में आठ स्थानों पर आरोपितों और संदिग्धों के परिसरों में छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रानिक डिवाइस व आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की।

## 300 अश्लील वीडियो, महिला वॉशरूम से मिला हिडन कैमरा, छात्राओं ने किया बवाल

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से हर तीन घंटे में जांच के बारे में अवगत कराने को कहा

एजेंसी। कृष्णा (आंध्र प्रदेश)



गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिलने से छात्राओं के बीच हड़कंप मच गया। छात्राओं ने बीती रात न्याय की मांग करते हुए विरोध जताया। छात्राओं की निजता से जुड़ा यह ताजा मामला आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले से प्रकाश में आया है। यहां के एसआर गुडलवल्लेरु इंजीनियरिंग कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम से हिडन कैमरा छुपा कर रखा गया था, जिसके मिलने से यहां के छात्राओं में तनाव का माहौल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विजय के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी इसी कॉलेज का छात्र था। पुलिस ने उसके पास से एक लैपटॉप भी बरामद किया है। लैपटॉप खंगालने के बाद पुलिस को 300 अश्लील वीडियो मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी विजय ने यह 300 अश्लील वीडियो कॉलेज के अन्य छात्रों को बेचा है। फिलहाल, आगे की जांच चल रही है। बता दें कि हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा की सूचना एक छात्रा के द्वारा कॉलेज प्रशासन को दी गई थी। जब वह वॉशरूम गई तो उसे कुछ अजीब लगा, इसी दौरान उसने पाया कि यहां पर वीडियो कैप्चर करने के लिए एक कैमरा लगा हुआ था। इस खुलासे के बाद हिडन कैमरे को लेकर परिसर में छात्राओं की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। छात्राओं ने न्याय की मांग की है। छात्रों ने निजता के उल्लंघन और उसके बाद वीडियो के प्रसार के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया है कि वे पूरी जांच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

## विवादित फिल्म इमरजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**कानपुर।** फिल्म 'इमरजेंसी' पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की हैं, जो सिखों के चरित्र को गलत तरीके से चित्रित करती है। उपरोक्त आशय की मांग को लेकर प्रमुख सिख संगठन सन्त लोंगोवाल फाउंडेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कानपुर नगर के जिलाधिकारी से उनके कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सिख विरोधी है और पंजाब विरोधी अभिव्यक्तियों के कारण विवादों में रहने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत ने जानबूझकर सिखों का चरित्र हनन करने के इरादे से बनाई है, जिसे सिख समुदाय बर्दाश्त नहीं कर सकता। प्रमुख सिख नेता एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार हरमिंदर सिंह ने कहा कि जून 1984 के महान शहीदों के बारे में सिख विरोधी कहानी बनाना समुदाय का अपमान करने जैसा घृणित कार्य है।

## अकाल तख्त से सुखबीर बादल तनखैया करार

एजेंसी। चंडीगढ़



15 दिन में अकाल तख्त में पेश होकर मांगेंगे गुनाहों की माफी

अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने शुक्रवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को धार्मिक सजा सुनाते हुए तनखैया करार दिया है। सुखबीर बादल एक सामान्य सिख श्रद्धालु की तरह 15 दिन के भीतर अकाल तख्त साहिब पर पेश होंगे। इस बीच सुखबीर बादल ने अकाल तख्त जत्थेदार के फैसले को कबूल कर लिया है। पंजाब में लोकसभा चुनाव के बाद से ही अकाली दल में फूट पैदा होने के चलते अकाली दल के बागी गुट ने 1 जुलाई को श्री अकाल तख्त साहिब पर पहुंचकर जत्थेदार को माफीनामा दिया था, जिसमें सुखबीर बादल के कार्यकाल में हुई चार गलतियों पर माफी मांगी गई थी। पांचों तख्तों के सिंह साहिबानों की पिछली बैठक में सुखबीर बादल को नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब देते हुए सुखबीर बादल ने अपनी गलतियों को स्वीकार कर लिया था। सुखबीर बादल के जवाब के बाद शुक्रवार को अकाल तख्त साहिब का फैसला आने से पहले उन्होंने अकाली दल अध्यक्ष पद को छोड़ दिया था। अकाली दल प्रधान और डिप्टी सीएम रहते हुए सुखबीर बादल ने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिससे पंथक स्वरूप को नुकसान पहुंचा है।

### तख्त ने इसे माना है गलती

- 1. डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को माफी देने की गलती मानी गई है।
- 2. 2015 में फरीदकोट के बरगाड़ी में बेअदबी की सही जांच न होने का आरोप।
- 3. आईपीएस अधिकारी सुमेध सैनी को डीजीपी बनाने को गलती माना गया है।
- 4. मुहम्मद इजहार आलम की पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट देने को भी गलती मानी गई।



सुखबीर बादल अकाल तख्त में पेश होंगे। उसके बाद उन्हें गुनाह बताए जाएंगे, जिस पर सुखबीर बादल अपना पक्ष रखेंगे। अकाल तख्त से सुखबीर बादल को दोषी करार दिए जाने के बाद उन्होंने ट्वीट करके कहा कि दास अपना सिर झुकाते हुए मिरी पीरी के सबसे ऊंचे स्थान श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को स्वीकार करता है। आदेश के मुताबिक मैं जल्द ही श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होकर क्षमा याचना करूंगा।
दलजीत सिंह चीमा- अकाली दल प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री

## राहुल गांधी की भारत डोजो यात्रा पर मायावती का कटाक्ष

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत डोजो यात्रा को लेकर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और पिछड़ेपन से जूझ रहे उन करोड़ों परिवारों का क्या? जो पेट पालने के लिए दिन-रात कमर तोड़ मेहनत को मजबूर हैं। भारत डोजो यात्रा क्या उनका उपहास नहीं? राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वो बच्चों को मार्शल आर्ट्स के बारे में जानकारी दे रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही वो भारत डोजो यात्रा शुरू करने जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आज तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार दोपहर 12:30 बजे तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस मेरठ-लखनऊ, मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल को रवाना करेंगे। इससे मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन से यात्रियों को दोनों शहरों के बीच 1 घंटे की बचत होगी। इसी तरह, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेनें क्रमशः 2 घंटे और लगभग 1 घंटे 30 मिनट की बचत होगी।

## प्रधानमंत्री आज जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री देश के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे।

## छत्रपति की प्रतिमा ढहने के मामले में चेतन पाटिल गिरफ्तार

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मालवण मे स्थित राजकोट किले में बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में जिन दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें से चेतन पाटिल को सिंधुदुर्ग की पुलिस ने कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया है। मालवण में सिंधुदुर्ग किले के पास राजकोट में बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के बाद शिवाजी को अपना आदर्श मानने वाले लोग अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। साथ ही इस घटना के खिलाफ विपक्षी दलों और शिवाजी प्रेमियों ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। उधर, इस दुर्घटना के सिलसिले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## अब असम में शुक्रवार को नमाज के लिए नहीं रुकेगी विधानसभा कार्यवाही

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लिया। विधानसभा ने अब शुक्रवार को नमाज के लिए ब्रेक को खत्म करने के लिए नियम 11 में संशोधन कर दिया गया। इससे अब से नमाज के लिए विधानसभा में कोई ब्रेक नहीं होगा। एआईयूडीएफ के अधिकांश सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। इस नियम की अनुपालना अगले सत्र से होगी। शुक्रवार को पांच दिवसीय विधानसभा का अंतिम दिन था। दरअसल, असम विधानसभा में कार्यवाही हर शुक्रवार को दिन 11.30 बजे से नमाज के लिए रोक दिया जाता था।

# पेरिस पैरालंपिक : शूटर अवनि को गोल्ड, मनीष को सिल्वर मेडल

## प्रीति पाल को महिलाओं की 100 मीटर (टी35) दौड़ स्पर्धा में कांस्य





मनीष नरवाल



प्रीति पाल

एजेंसी

**पेरिस।** अवनि लेखरा ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। पैरालंपिक शूटर मनीष नरवाल ने 2024 में पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 फाइनल में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 234.9 अंक हासिल किए और कोरिया के जोंगडू जो को कड़ी टक्कर दी, जिन्होंने कुल 237.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। मनीष ने 2020 के टोक्यो पैरालंपिक खेलों में मिश्रित एसएच1 50 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं भारत की युवा पैरा एथलीट प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर (टी35) दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। यह पहला अवसर है जब पैरा एथलेटिक्स में भारत ने पदक जीता है।

**क्या है एसएच1 कैटेगरी :** एसएच1 शूटिंग कैटेगरी में हाथों, निचले शरीर में सीमित मूवमेंट या लिंब की अनुपस्थिति वाले एथलीट शामिल होते हैं। हालांकि, 22 वर्षीय मनीष स्टेज 1 बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। एक समय वह पदक की दौड़ से बाहर दिख रहे थे। मनीष ने फिर स्टेज 2 शुरू होने के बाद शानदार प्रदर्शन किया और अपने अगले 4 शॉट्स में तीन 10+ स्कोर हासिल किए। इसके बाद मनीष ने शानदार लय का प्रदर्शन किया और ओलंपिक रिकॉर्ड धारक व चीन के चाओ यांग को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। हालांकि, मनीष ने अंतिम 8 शॉट्स में केवल एक 10+ स्कोर किया, जिससे कोरिया के शूटर को आगे निकलने का मौका मिल गया। इधर अवनि लेखरा भारत की ऐसी पहली पैरा एथलीट बन गई हैं जिन्होंने दो पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीते हैं। इसके अलावा भारत को एक मेडल एथलेटिक्स में मिला है। भारत की प्रीति पाल ने 14.21 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ ट्रैक इवेंट में पदक जीता। वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय पैरा एथलीट बन गईं।

### **पीएम मोदी** ने पदक विजेताओं को दी बधाई



पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत की निशानेबाज अवनि लेखरा ने शुक्रवार को कमाल किया है। उन्होंने महिलाओं की स्टैंडिंग 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा एसएच-1 में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। इसके अलावा इसी इवेंट में भारत की एक और पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की बेटी अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल के पदक जीतने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने अवनि लेखरा को बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, ''भारत ने पैरालंपिक 2024 में अपना पदक खाता खोला! आर 2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच 1 इवेंट में स्वर्ण जीतने के लिए अवनि लेखरा को बधाई। उन्होंने इतिहास भी रच दिया है क्योंकि वह 3 पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं। उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता है।

# मलखंब खलाड़ियों ने किया अदभुत प्रदर्शन



अकादमी के बालक -बालिकाओं ने पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिग मलखंब एवं पिरामिड पर अपना प्रदर्शन किया।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर -2, धुर्वा, रांची के मलखंब केन्द्र पर झारखंड मलखंब अकादमी रांची के खिलाड़ियों द्वारा अदभुत प्रदर्शन किया गया। अकादमी के बालक -बालिकाओं ने पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिग मलखंब एवं पिरामिड पर अपना प्रदर्शन किया। उस पूर्व झारखंड मलखंब अकादमी, रांची के निदेशक डॉ० अजय झा ने राष्ट्रीय खेल दिवस क्यों मनाया जाता है उस पर विस्तृत चर्चा किए। सभी आगंतुकों का स्वागत झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया, जबकि मंच का संचालन मलखंब खेल के वरीय खिलाड़ी निखिल कुमार ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के प्रशिक्षक संजय कुमार ने किया।

इस अवसर पर सरिता कुमारी,वेद प्रकाश तिवारी,सोमारी उरांव,मंगरू उरांव एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### डूरंड कप फाइनल आज

# मोहन बागान की निगाहें नॉर्थईस्ट युनाइटेड के खिलाफ खिताब पर

एजेंसी



**कोलकाता।** एक रोमांचक और गहन प्रतियोगिता के महीने के बाद, प्रतिष्ठित डूरंड कप अपने चरम पर पहुंच गया है। इस प्रतियोगिता के 133वें संस्करण में, ग्रैंड फिनाले में मोहन बागान एसजी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी चैंपियन बनने के लिए आमने-सामने होंगे। भारत भर के फुटबॉल प्रशंसक उत्सुकता से इस हाई-स्टेक मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं, जो शनिवार, 31 अगस्त को शाम 5:30 बजे कोलकाता के विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। मौजूदा चैंपियन, मोहन बागान एसजी, शनिवार को अंतिम मुकाबले में अपने खिताब की रक्षा करने के लिए तैयार है। रिकॉर्ड 17 बार के डूरंड कप चैंपियन के रूप में, वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे अधिक डूरंड कप खिताब जीतने वाली टीम के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए अपने 18वें खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं। मेरिनर्स ने ग्रुप चरण में अपना दबदबा बनाए रखा और सात गोल करके अपने सभी मैच जीते और एक भी गोल नहीं खाया, जिससे उनका लचीलापन और प्रभुत्व दिखा। वे क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जहां उनका सामना एक रोमांचक मैच में पंजाब एफसी से हुआ, जो निर्धारित समय में 3-3 से बराबरी पर समाप्त हुआ और बागान ने पेनल्टी शूट आउट में जीत हासिल की। सेमीफाइनल में, सामान्य समय में रोमांचक मुकाबला 2-2 से ड्रा रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विशाल कैथ की वीरता ने कोलकाता के दिग्गजों को लगातार दूसरे डूरंड कप फाइनल में जगह दिला दी।

मोहन बागान के आक्रमण की अगुवाई जेसन कमिंग्स, दिमित्री पेट्राटोस और लिस्टन कोलासो कर रहे हैं, जबकि अनिरुद्ध थापा और सहल अब्दुल समद मिडफील्ड में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड में हारकर यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क।** दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और पूर्व चैंपियन कार्लोस अल्काराज गुरुवार देर रात यूएस ओपन के राउंड 2 में डच खिलाड़ी बोटिक वान डी जैंडस्कूल्प के हाथों अप्रत्याशित हार झेलकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। 21 वर्षीय अल्काराज की दुनिया के 74वें नंबर के डचमैन से 6-1, 7-5, 6-4 से हार लगातार चार साल के फ्लशिंग प्रदर्शन में उनका सबसे खराब प्रदर्शन था क्योंकि इसने ग्रैंड स्लैम स्पधार्ओं में स्पैनियार्ड की 15 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ दिया। विंबलडन 2021 के बाद से अल्काराज को किसी मेजर टूनार्मेंट के दूसरे दौर में पहली हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन 2021 में तत्कालीन विश्व नंबर 75 अल्काराज दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव से हार गए थे। 15 बार के टूर-स्तरीय टाइटललिस्ट ने 27 अप्रत्याशित गलतियाँ कीं, जिनमें से 12 उसके फोरहैंड पर आईं, कई बड़ी दूरी से चूक गईं।

# विनेश फोगाट ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

एजेंसी



**अमृतसर।** ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट, जिन्हें पेरिस खेलों में 50 किग्रा के फाइनल मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, ने शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर के नाम से मशहूर सिखों के सबसे पवित्र स्थल हरमंदिर साहिब का दौरा किया और कहा कि उन्होंने ताकत और साहस के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि यहां आकर उन्हें अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, ''मैं एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस कर रही हूं। मैंने वाहेगुरु से मुझे शक्ति और साहस देने की प्रार्थना की। हमारे सभी प्रियजन स्वस्थ रहें, हमारा देश सुरक्षित रहे और प्रगति करता रहे। मैंने वाहेगुरु से हमारा मार्गदर्शन करने और मानवता के लिए सही दिशा में काम करने में मदद करने का आशीर्वाद मांगा है।

# लिवरपूल ने जुवेंटस के इतालवी विंगर फेडेरिको चिएसा के साथ किया करार

**लंदन।** लिवरपूल ने 10 मिलियन पाउंड (13 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की शुरूआती फीस पर जुवेंटस से इतालवी विंगर फेडेरिको चिएसा के साथ करार किया है। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इस गर्मी में आर्ने स्लॉट की टीम में शामिल होने के लिए चार साल का अनुबंध किया है (हालांकि लिवरपूल ने गोलकीपर जियोर्जी ममारदाशविली को भी अनुबंधित किया है।

# पाक-बांग्लादेश दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश में धुला

एजेंसी



**रावलपिंडी।** लगातार बारिश के कारण शुक्रवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन धुल गया। पिछले सप्ताह इसी मैदान पर ऐतिहासिक 10 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। खिलाड़ी और टीम के अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे खेल को रद्द कर दिया, क्योंकि बारिश जारी थी और आउटफील्ड जलमग्न हो गई थी। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग के निचले आधे हिस्से में हैं, जिसमें बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है। पिछले साल शान मसूद को कप्तान बनाए जाने के बाद से लगातार चार टेस्ट मैच हारने वाली पाकिस्तान ने दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से कोई घरेलू टेस्ट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेष चार टेस्ट मैच ड्रॉ रहे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर ही नहीं

# आपस में भी सहयोग करने की जरूरत : पीयूष गोयल

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को घरेलू कंपनियों से एक-दूसरे का समर्थन करने और सामान खरीदने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे उन्हें दीर्घावधि में लाभ होगा तथा वैश्विक महामारी जैसी किसी भी बाधा से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को देश में हाल ही में स्वीकृत 12 औद्योगिक शहरों (टाउनशिप) में कारोबारी अवसर तलाशने का सुझाव भी दिया, क्योंकि इससे विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गोयल ने उद्योग जगत के लोगों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, '' हमें भारत को एक ब्रांड बनाने की जरूरत है।

**2047 तक विनिर्माण क्षेत्र में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं**

हमें एक-दूसरे का समर्थन करने की जरूरत है। उद्योग जगत को न केवल अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ, बल्कि एक-दूसरे के साथ भी भागीदार बनने की जरूरत है। आप सभी को एक-दूसरे का समर्थन करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, '' एक भारतीय कंपनी द्वारा किसी अन्य भारतीय कंपनी से उत्पाद खरीदने से वास्तव में ऐसा परिदृश्य बनाने में मदद मिलेगी, जो किसी भी व्यवधान से दीर्घावधि में खुद को सुरक्षित रखने में मदद करेगा। दो युद्ध, लाल सागर संकट, एमपॉक्स, चारों ओर मंडरा रही एक नई वैश्विक महामारी. हमारे पास विश्व को लेकर चिंतित होने के लिए पर्याप्त बातें हैं।'' मंत्री ने कहा कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) तेज गति से बढ़ रहा है, लेकिन विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि एक स्तर पर ही बनी हुई है।

## मूडीज ने बढ़ाया जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज की ओर से 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 6.8 प्रतिशत था। विकास दर अनुमान में बढ़ोतरी की वजह देश में निजी खपत का तेजी से बढ़ना है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने कहा, "देश में महंगाई में कमी आने के चलते पारिवारिक खपत में बढ़ोतरी हो रही है।

# भारत की सबसे अमीर युवा सेल्फ-मेड महिलाओं की सूची में राधा वेम्बू टॉप पर

गुरुवार को जारी 2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में भारत की सबसे अमीर 10 सेल्फ-मेड महिलाओं के नाम सामने आए। ज़ोहो की राधा वेम्बू 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे आगे हैं। उनके बाद नायका की फाल्गुनी नायर और एरिस्टा नेटवर्क्स की जयश्री उल्लाल हैं, इन दोनों की संपत्ति **32,000 करोड़ रुपये** से ज्यादा है।

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लेंसकार्ट की को-फाउंडर नेहा बंसल को इस लिस्ट में सबसे युवा सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के रूप में चुना गया है। जूही चावला भी इस लिस्ट में शामिल हैं, जिनकी संपत्ति 4600 करोड़ रुपये है। जूही चावला ने न सिर्फ सेल्फ-मेड महिलाओं की लिस्ट में जगह बनाई, बल्कि शाहरुख खान के बाद फिल्मी दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में भी अपना नाम दर्ज किया।सबसे आगे हैं राधा वेम्बू, जो ज़ोहो की को-फाउंडर और सीईओ हैं। ज़ोहो एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी है। 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, वेम्बू ने खुद को भारत की सबसे सफल उद्यमियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है।

नायका की संस्थापक और सीईओ फाल्गुनी नायर ने भारत में ब्यूटी रिटेल इंडस्ट्री को बदल कर रख दिया है। 32,200 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, नायर ने नायका को एक प्रमुख ऑनलाइन ब्यूटी प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है। एरिस्टा नेटवर्क्स की सीईओ जयश्री उल्लाल इस लिस्ट में एक और प्रमुख महिला उद्यमी हैं। 32,100 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, उल्लाल ने एरिस्टा नेटवर्क्स को क्लाउड नेटवर्किंग सॉल्यूशंस का एक लीडिंग प्रोवाइडर बना दिया है।

### भारत की सबसे अमीर सेल्फ-मेड महिलाओं में **राधा वेम्बू** टॉप पर

**नई दिल्ली।** 2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट में भारत की सबसे अमीर 10 सेल्फ-मेड महिलाओं के नाम सामने आए। ज़ोहो की राधा वेम्बू 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे आगे हैं। उनके बाद नायका की फाल्गुनी नायर और एरिस्टा नेटवर्क्स की जयश्री उल्लाल हैं, इन दोनों की संपत्ति 32,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है।



### अन्य प्रमुख महिला उद्यमी



**किरण मजूमदार-शॉ:** बायोकॉन की संस्थापक और कार्यकारी चेयरपर्सन, मजूमदार-शॉ ने बायोटेक्नोलॉजी और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में बड़ा योगदान दिया है।



**नेहा नारखेडे और परिवार:** कॉन्फ्लुएंट की को-फाउंडर, जो एक प्रमुख डेटा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, नारखेडे और उनके परिवार ने टेक्नोलॉजी सेक्टर में बड़ी सफलता हासिल की है।



**जूही चावला:** प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री ने मनोरंजन उद्योग में निवेश कर उद्यमिता में भी कदम रखा है।



**इंद्रा के. नूयी:** हालांकि अब वह भारत में नहीं रहतीं, पूर्व पेप्सिको सीईओ इंद्रा नूयी अब भी बिजनेस जगत की सबसे प्रभावशाली भारतीय महिलाओं में से एक हैं।

# नोकिया बनायेगा दुनिया का सबसे बड़ा फिक्स्ड नेटवर्क टेस्टबेड




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मल्टीनेशनल टेलीकॉम कंपनी नोकिया एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है, जिसके तहत चेन्नई में विश्व का सबसे बड़ा फिक्स्ड नेटवर्क टेस्टबेड स्थापित किया जाएगा। यह टेस्टबेड नोकिया की 10 गीगाबिट (G), 25G, 50G, और 100G पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क्स में तकनीकी नवाचारों का नेतृत्व करेगा। करीब 450 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाला यह केंद्र नोकिया की सबसे बड़ी अनुसंधान और विकास (R&D) प्रयोगशालाओं में से एक होगा। यह फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस, मल्टी-ड्वेलिंग यूनिट सॉल्यूशंस, एक्सेस नेटवर्क्स और होम कंट्रोलर्स पर भी फोकस करेगा।

**तमिलनाडु के सिरुसेरी में बनेगा नोकिया का फिक्स्ड नेटवर्क टेस्टबेड :** इस समझौते पर शुक्रवार सुबह सैन फ्रांसिस्को में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो नए निवेश को आकर्षित करने के लिए अमेरिका की 17 दिवसीय यात्रा पर हैं। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के सत्ता में आने के बाद स्टालिन की पांचवीं विदेश यात्रा है।

**अगली पीढ़ी के नेटवर्क्स के विकास को मिलेगा बढ़ावा :** तमिलनाडु सरकार के उद्योग, निवेश संवर्धन और वाणिज्य मंत्री टी. आर. बी. राजा ने कहा, "आज, तमिलनाडु अनुसंधान और विकास और टेक्नोलॉजी सेवाओं के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में विकसित हो चुका है। नोकिया तमिलनाडु की विकास गाथा में लंबे समय से भागीदार रहा है, और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नोकिया का नया फिक्स्ड नेटवर्क लैब ला रहा है।

# नकदी संकट से जूझ रही स्पाइसजेट, 150 केबिन क्रू सदस्यों को 3 महीने की छुट्टी पर भेजा

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रही स्पाइसजेट (SpiceJet) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने अस्थायी रूप से 150 केबिन क्रू सदस्यों को तीन महीने के लिए छुट्टी पर भेज दिया है। यह कदम "कम यात्रा सीजन और कम हुए बेड़े के आकार" के कारण और एयरलाइन की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन पिछले छह साल से घाटे में चल रही है और अब कर्मचारियों को वेतन देना मुश्किल हो रहा है। यह एयरलाइन विमान पट्टेदारों, इंजन पट्टेदारों, ऋणदाताओं और पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन के बकाया भुगतान को लेकर कानूनी लड़ाई में भी उलझी हुई है।

## रांची की खबरें

### एमबीए के विद्यार्थियों ने औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण

**रांची।** सीआईटी के इंस्टिट्यूशन्स इंडस्ट्री सेल के कोर्डिनेटर डॉ नैयर मुमताज ने कंपनी में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप सम्बन्धी मामलों पर कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एमबीए विद्यार्थियों का इंडस्ट्रियल विजिट किया। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एमबीए सेकंड व फोर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को इंडस्ट्रियल विजिट के तहत बिहार स्टेट मिल्क फेडरेशन के रांची स्थित सुधा डेयरी प्लांट का जायजा लिया। इस दौरान सुधा डेयरी द्वारा मार्केटिंग चीफ तरुण कुमार और काजल ने विद्यार्थियों को मार्केटिंग स्ट्रेटीजी, मिल्क पैकेजिंग,मिल्क प्रोडक्ट आदि के बारे में आवश्यक जानकारी साझा की । इस अवसर पर मौजूद सीआईटी के इंस्टिट्यूशन्स इंडस्ट्री सेल के कोर्डिनेटर डॉ नैयर मुमताज ने कंपनी में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप सम्बन्धी मामलों पर कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की. इंडस्ट्रियल विजिट में संस्थान के एमबीए बिभागाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह, प्रो. पायल चटर्जी, प्रो. नीरव कुमार, प्रो.आनंद मुंडू प्रो. महेश कुमार आदि शिक्षक साथ थे।

### सीएमपीडीआई के चार कर्मचारियों को दी गयी विदाई

**रांची।** सीएमपीडीआई से 4 कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त होने वालों में राजेन्द्र पांड्या, सुभाष विश्वास, प्रवीण कुमार और प्रदीप कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर सम्मानित किया। उनके योगदान की प्रशंसा की गई और उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। निदेशक शंकर नागाचारी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधको और विभागाध्यक्षों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि केबी शिरोमणि, प्रलय भट्टाचार्यी, टुकलाल और सौविक मुखर्जी सीएमओएआई के प्रतिनिधि विक्रांत गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। स्वागत उप महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन सुमन रस्तोगी ने और मंच का संचालन व धन्यवाद उपप्रबंधक राजभाषा अभय मिश्र ने किया।

### आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ने खेल दिवस मनाया

**रांची।** रिजर्व बैंक झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हाल ही में फ्रांस में संपन्न ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली तीरंदाज अंकिता भक्त और भजन कौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थी। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने कहा कि हॉकी का जादूगर कहे जाने वाले और देश के लिए 1928 से 1936 तक लगातार तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक लाने वाले मेजर ध्यानचंद सभी देशवासियों और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा पुंज की तरह है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंकित भक्ति भजन कौर और स्थानीय तीरंदाज कोमालिका बारी जैसी युवा प्रतिभाएं इस धरोहर को आगे बढ़ाएंगी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपने खेल जीवन और ओलंपिक यात्रा के अनुभव साझा किए। युवा ओलंपिक तीरंदाजो अंकित भक्त और भजन कौर ने बताया कि कैसे पश्चिम बंगाल और हरियाणा की अपनी साधारण पृष्ठभूमि से शुरूआत कर मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने तीरंदाजी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने यह भी बताया कि ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच पर साधारण प्रदर्शन करने में किस तरह सफल रही हैं। क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने उनके खेल और आत्म बल्कि सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पुरुष और महिला दोनों संवर्गों में बैडमिंटन टेबल टेनिस चारों और शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित की और विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### छात्राओं को मेंस्ट्रूअल हाइजीन अवेयरनेस पर जानकारी दी गई

**रांची।** सेंट लुइस स्कूल में पढ़ने वाली 450 से अधिक छात्राओं को शुक्रवार को मेंस्ट्रूअल हाइजीन अवेयरनेस पर जानकारी दी गई। यह जानकारी परी सैनिटरी पैड्स के मेंस्ट्रूअल हाइजीन इनीशिएटिव परिवर्तन के झारखंड में विस्तार के तहत दी गई। इसके लिए स्कूल में दो सत्रों का आयोजन किया गया पहले सत्र में उन बालिकाओं के लिए आयोजित किया जो इस वक्त मासिक धर्म से गुजर रही है वहीं दूसरे सत्र में उन बालिकाओं को आमंत्रित किया गया जिनका मासिक धर्म कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है दोनों ही सेशंस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को इसके बारे में जरूरी जानकारी देना और उनमें आत्मविश्वास जागृत करना था। इस दौरान बालिकाओं को 1200 से अधिक सैनिटरी पैड्स भी वितरित किए गए।

### अटल पेंशन योजना की हुई समीक्षा

**रांची।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति और पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अटल पेंशन योजना कि राज्य स्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण प्रधान कार्यालय दिल्ली से पूर्णकालिक सदस्य ममता शंकर शामिल हुई। उन्होंने अटल पेंशन योजना नामांकन में लैंगिक समावेशन के बारे में जानकारी दें और कहा कि झारखंड जैसे राज्य के लिए यह बहुत ही प्रासंगिक होगी जहां महिलाएं और संगठित क्षेत्र में प्रमुख कार्य बल है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक बैंक आफ इंडिया के उपमहा प्रबंधकसीसीएच गोपाल कृष्ण ने सभी जिलों के अग्रणी जिला प्रबंध को और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के अलावा रिजर्व बैंक और नाबार्ड के उच्च अधिकारियों राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयास से वित्त वर्ष 2023 24 में एपी के कुल लक्ष्य के विरुद्ध 158% की उपलब्धि हासिल की। इसके लिए उन्होंने सभी स्टेक होल्डर को बधाई दी। रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक अल्फ्रेड गिरीश तिर्की ने कहा कि अटल पेंशन योजना का उल्लेखनीय पहलू इसकी समावेशित है। उन्होंने कहा कि एपीवाई 18 से 40 वर्ष तक की आयु के सभी नागरिकों के लिए खुली है चाहे उनकी आय का स्टार या रोजगार की स्थिति कुछ भी हो जीएसएलपीएस के मुख्य परिचालन अधिकारी विष्णु चरण परीदा ने कहा कि एपीवाई एक महत्वपूर्ण पहल है। जो झारखंड में लाखों लोगों के जीवन को बदलने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की शक्ति रखती है। इस अवसर पर बताया गया की 30 जून तक राज्य में अटल पेंशन योजना के तहत 2032 578 नामांकन हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25.78 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ते हैं। जून 24 की पहली तिमाही में राज्य में 84941 अटल पेंशन योजना नामांकन किए गए। संस्था की उप महाप्रबंधक प्रियंका गुप्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से बिजनेस समीक्षा द्वारा झारखंड राज्य में बैंक और जिला के प्रदर्शन पर परिचर्चा की गई। यह सब सर पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक स्टेट बैंक बैंक ऑफ इंडिया और कोटक महिंद्रा बैंक को भी अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से पुरस्कृत किया गया धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक संजय कुमार ने दिया।

## स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की बहू होना गर्व की बात: अरूणा शंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में शुक्रवार को स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यक्ष प्रथम महापौर अरूणा शंकर, छात्राओं, प्रिंसिपल ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की प्रतिमा पर माल्यार्पण स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने उनकी याद में प्रार्थना सभा की। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा उन्हें गर्व है कि वह इस परिवार की बहू हैं जिसने समाज को बहुत कुछ दिया है। स्थानीय अस्पताल का टीवी वार्ड, जनता शिवरात्रि कॉलेज, रोटरी स्कूल आनन्द शंकर, सार्वजनिक दुर्गा मंडप एवं कई संस्थान ऐसी है जिसका निर्माण में सहभागिता उनके परिवार की रही है। उन्होंने कहा कि वह अपन ससुर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की जीवनी से बहुत कुछ सिखने का प्रयास करती हूं।

### पतरा खुर्द पंचायत से आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# शिविर के माध्यम से योजना का लाभ पहुंचाना उद्देश्य : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन एवं उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, भूमि सुधार उप समाहर्ता गैराग महतो ने हुसैनाबाद के पतरा खुर्द पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर के माध्यम से योजना का लाभ पहुंचाना उद्देश्य। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। ऐसे में आप सभी अधिकारी टीमवर्क का परिचय देते हुए अधिकाधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े बीडीओ-सीओ को बेहतर समन्वय बनाकर पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में डीसी ने कहा कि आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र व अन्य को लेकर फोकस किया जायेगा.वही डीसी शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद ने प्रखंड स्तर पर मंच के माध्यम से आजिविका सखी मंडल को छह लाख रुपए का चेक एवं छात्राओं को साइकिल वितरण किया। इसके अलावा केसीसी लोन, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस सिलेंडर, सम्मान योजना निधी सहित अन्य योजनाओं को शिविर में अपने हाथों द्वारा वितरण किया । इस मौके पर भुमि सुधार उप समाहर्ता गैराग महतो,बीडीओ रौशन कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र कुमार दुबे, दक्षिणी जिला परिषद रिंकी देवी, पूर्व जिला परिषद मदन पासवान, विनय पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार जिला मुखिया आंचल देवी, कुंदन कुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# फुलवार बगीचा टोला की सड़क गड्ढों में तबदील

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के फुलवार बगीचा टोला का रोड बहुत जर्जर है। ग्रामीणों का चलना दुश्वार हो गया है। वहीं फुलवार बगीचा टोला सड़क पर गहरे गड्ढों में मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। लोगों ने कई बार सड़क बनाने की मांग की, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। पिछले 15 वर्ष से मरम्मत न होने से सड़क जर्जर हो चुकी है। देखने पर यह पता ही नहीं चलता कि इस मार्ग पर सड़क भी था या नहीं। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढा हो गए हैं। बजरी और पत्थर भी उखड़ चुके हैं, जो आवागमन में मुसीबत बन रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बाइक सवारों को होती है। कई बार ई-रिक्शा पलट गया है। इसके बाद भी जर्जर सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। आसपास के ग्रामीण बताते हैं कि पूरे दिन धूल उड़ती रहती है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से जर्जर सड़क का पुनः निर्माण कराने की मांग की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि जल्द ही सड़क का निर्माण होना चाहिए। इस संबंध में सरना समाज के अजय उरांव कहते हैं कि सड़क का नामोनिशान पूरी तरह मिट गया है। लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। सड़क में गड्ढे हो गए हैं। पत्थर भी उखड़ चुके हैं। धूल उड़ती रहती है। जर्जर सड़क की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### स्कूल में शिक्षकों की कमी शिक्षा व्यवस्था चौपट

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद भी शिक्षा में कोई सुधार नहीं हो रहा है। प्रखंड के कई स्कूलों में एक-एक शिक्षक के भरोसे ही प्रथम से अष्टम वर्ग तक कक्षा का संचालन किया जाता है। इसके साथ ही डेली का रिपोर्ट भी तैयार करना पड़ता है। इस संबंध में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरडीह स्कूल के शिक्षिका जोसेफा लकड़ा ने बताया कि इस स्कूल में कुल दो शिक्षक हैं। विद्यालय में 241 छात्र छात्राएं नामांकित हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यहां शिक्षा के नाम पर लीपापोती हो रही है। इस संबंध में वरीय अधिकारी को मंथन करना चाहिए शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को शिक्षा से भी बेदखल किया जा रहा है। सरकार शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव बच्चों ने दिखाया दम

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखाड़ चौक में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नंद किशोर भारती सहित सभी शिक्षकों ने मेजर ध्यानचंद के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच, फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, लंबी दौड़ और टॉफी रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य नंद किशोर भारती ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ किसी भी प्रकार खेल जरूर खेलना चाहिए। आमतौर पर लोग खेलकूद को पढ़ाई के लिए हानिकारक मानते हैं, लेकिन खेलकूद बच्चों की सेहत के साथ पढ़ाई के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। नियमित रूप से खेलने पर बच्चों में स्किल डेवलपमेंट होता है। मौके पर स्कूल कोऑर्डिनेटर काजल ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# जंगली हाथियों के झुंड ने घरों को किया क्षतिग्रस्त, घर में रखे अनाज भी खा गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के द्वारा लगातार आतंक मचाया जा रहा है। जंगली हाथियों के डर से ग्रामीण हमेशा भयभीत रहते हैं। ताजा मामला प्रखंड के माल्हन पंचायत के मरमर गांव की है। जंहा गुरुवार की देर रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में हाथियों की संख्या लगभग 14 से 15 थी। गांव में प्रवेश करने के बाद झुंड ने मसोमात जगनी देवी,माल्हन चटहर के दिलीप गंझू,नेफुल गंझू,महावीर गंझू, बालकेश्वर गंझू,केकराही के छोटेलाल गंझू व दीवाली गंझू के घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही कई ग्रामीणों के फसलों को भी रौंद कर नष्ट कर दिया। हाथियों के झुंड गांव में आने के बाद ग्रामीणों की पूरी रात खौफ के साए में गुजरी। इधर जंगली हाथियों के आतंक से कराह रहे ग्रामीण वन विभाग के कार्य शैली के प्रति खासे नराज भी नजर आ रहे हैं व गोल बंद हो रहे हैं। अगर वन विभाग जल्द हाथियों के आतंक पर लगाम नहीं लगाता है तो ग्रामीण मुखर होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताते चले कि चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन, लाधुप, बरवाटोली, चकला,जमीरा व डुमारो पंचायत के दर्जनों गांव जंगली हाथियों के उत्पात से कराह रहा है व ग्रामीणों की रात खौफ के साए में गुजर रही है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग के अधिकारी व कर्मी चैन की नींद सो रहे हैं। वनरक्षी भी लगभग एक पखवाड़े से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर हैं। जिस कारण वन विभाग का कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ गया है। ऐसे में ग्रामीणों का जीवन पूरी तरह से भगवान भरोसे रह गया है।

**क्या कहते हैं स्थानीय मुखिया :** हाथियों द्वारा उत्पात मचाने की सूचना मिलते ही माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया। मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि बीते कुछ दिनों पहले भी हाथियों के द्वारा गांव में क्षति पहुंचाई गई थी जिसका मुआवजा भी अभी तक वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को नहीं मिल पाया है। अब पुनः जंगली हाथियों के द्वारा क्षति पहुंचाई जा रही है। अगर समय रहते वन विभाग के द्वारा उचित कदम नहीं उठाया गया तो मजबूरन माल्हन पंचायत के ग्रामीण वन विभाग के कार्यालय का घेराव करने को बाध्य होंगे। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अविलंब हाथियो द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

**क्या कहते हैं वन क्षेत्र पदाधिकारी :** मामले को लेकर पूछे जाने पर वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने कहा कि चंदवा ही नही पूरा जिला ही हाथियों के उत्पात से प्रभावित है। मुझे भी कई वन क्षेत्रों का प्रभार है साथ ही वन रक्षी भी हड़ताल पर हैं जिस कारण काम काज बुरी तरह से प्रभावित है। ऐसे में हाथियों के उत्पात पर लगाम लगाना काफी मुश्किल हो गया है।

# आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत तीनों जिले पलामू, गढ़वा व लातेहार के विभिन्न प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया गया। चौथी बार लगाये जा रहे शिविर के पहले दिन प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई पलामू प्रमंडल की ओर से पलामू जिले के तरहसी प्रखंड व लातेहार जिले के प्रखंड कार्यालय लातेहार परिसर में मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। लातेहार में आयोजित मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का उद्घाटन लातेहार के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। आमजनों को इन योजनाओं का लाभ लेकर सशक्त होने संबंधी जानकारी दी गयी।

### विधायक की अनुशंसा पर पांच सड़कों का विधानसभा क्षेत्र को मिला तोहफा

**नीलाबर पीतांबरपुर संवाददाता।** ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने पांकी विधानसभा क्षेत्र की पांच सड़कों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण हो जाने से ग्रामीण क्षेत्रों आवागमन सुविधा पहले के मुकाबले और अधिक बेहतर हो जायेगा। ये बातें विधायक शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि सड़कों को स्वीकृति दिलाने के लिए वह काफी दिनों से प्रयास कर रहे थे। स्वीकृत सड़कों में मध्य विद्यालय जयनगर से पथरही होते हुए टेंगरी लहलहे तक पथ निर्माण लंबाई 2 किलोमीटर, सतबरवा पंचायत धावाडीह के ग्राम किलोमीटर की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन सभी पथ का निर्माण कार्य आजादी के बाद पहली बार होगा।

## पेज एक का शेष

**हेमंत सरकार का...**

योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इसके अलावा महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लोगों से लाभ उठाने की अपील की है। बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, देवघर, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, साहिबगंज, सरायकेला-खरसांवा सहित अन्य जिलों के डीसी ने भी ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट कर जनसंपर्क कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी है। हेमंत सोरेन ने सबसे पहले 15 नवंबर, 2021 को पंचायत स्तर पर लाभार्थियों के लिए शिविर लगाकर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की थी। इस पहल का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करना है ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द लाभ मिलना शुरू हो सके। राज्य में 2021 में कुल 6,867 शिविर आयोजित किये गये और लगभग 35.95 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह 2022 में 5,696 शिविर लगाये गये और लगभग 55.44 लाख आवेदन आये। तीसरे चरण यानी 2023 में कुल 5,496 शिविर आयोजित किये गये और लगभग 58.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए। तीन चरणों में प्राप्त कुल आवेदनों में से लगभग 1.49 करोड़ आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है। कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, सार्वभौमिक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी योजनाओं के लिए आवेदन शामिल हैं।

**हेमंत कैबिनेट में...**

61 वर्षीय रामदास सोरेन भी चंपई सोरेन की तरह संथाल आदिवासी समाज से ताल्लुक रखते हैं और उनकी राजनीति भी कोल्हान प्रमंडल में केंद्रित रही है। वह घाटशिला से दो बार विधायक चुने गए हैं। बता दें कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपई सोरेन सीएम बनाए गए थे। फिर, करीब पांच महीने बाद जब हेमंत सोरेन जमानत मिलने पर जेल से बाहर आए तो उसके छठे दिन 4 जुलाई को ही चंपई सोरेन से इस्तीफा ले लिया गया था और हेमंत सोरेन ने फिर से सीएम पद की शपथ ली थी। हालांकि हेमंत सोरेन की सरकार में चंपई सोरेन मंत्री के रूप में शामिल हुए थे, लेकिन वे नाराज चल रहे थे। 18 अगस्त को उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपनी व्यथा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि उनका अपमान किया गया और गलत तरीके से सीएम पद से इस्तीफा ले लिया गया।

**घुसपैठ से झारखंड...**

लेकिन जवाब दाखिल नहीं हुआ। केंद्र सरकार भी इस मुद्दे पर उदासीन है और अपना जवाब दाखिल नहीं कर रही है। लगता है केंद्र और राज्य सरकार मिलकर ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित कर रहे हैं। यदि सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया तो सरकार पर जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिलों में धर्मांतरण को लेकर डाटा इकट्ठा कर लिया गया है। इस शपथ पत्र के माध्यम से जल्द दाखिल कर दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई पांच सितंबर निर्धारित की है। झारखंड में ट्राईबल्स के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट ने सोमवार की इस जनहित याचिका के साथ बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में प्रवेश रोकने को लेकर दाखिल जनहित याचिका को टैग करते हुए दोनों की सुनवाई में एक साथ करने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य एवं केंद्र सरकार से पूछा था कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राईबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है।

**अपमान से आहत...**

उनसे जिस तरह सीएम पद से इस्तीफा लिया गया, वह बेहद अपमानजनक था। इसके बाद 28 अगस्त की रात उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के पत्र में पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन से अपनी व्यथा जाहिर करते हुए उन्होंने लिखा था, अत्यंत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आपके मार्गदर्शन में जिस पार्टी का सपना हम जैसे कार्यकताओं ने देखा था, एवं जिस के लिए हम लोगों ने जंगलों, पहाड़ों एवं गांवों की खाक छानी थी, आज पार्टी अपनी उस दिशा से भटक चुकी है। झारखंड की राजनीति में कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर रहे 68 वर्षीय चंपई सोरेन सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रहे हैं। पांच महीने तक मुख्यमंत्री रहने के अलावा वह राज्य सरकार में तीन बार मंत्री भी रहे हैं। लगभग 45 वर्षों से झामुमो के साथ राजनीति करने वाले चंपई सोरेन पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन के अनन्य सहयोगी रहे हैं।

**मेरे पीछे जासूस ...**

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि उसने झारखंड में जल-जंगल-जमीन को लेकर आंदोलन करने वालों पर फायरिंग करवाई। गुवा में आदिवासियों पर कांग्रेस ने ही गोली चलवाई। चंपई सोरेन ने अपनी जासूसी कराए जाने पर भी व्यथा का इजहार किया। उन्होंने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि मेरे पीछे जासूस लगाएंगे। दिल्ली तक मेरा पीछा किया गया। मैंने सोचा जिस आदमी ने झारखंड के लिए संघर्ष किया उसकी भी जासूसी कर रहे हैं। उन्होंने जासूसी के लिए आदमी भेजे। उस दिन मैंने सोच लिया किसी भी दल में जाएंगे और जनता की सेवा करेंगे।

**प्रतियोगिता जानलेवा, बहाली...**

उसकी पहचान गोड्डा निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। बहाली करा रहे विभागीय पदाधिकारियों ने बताया कि शाम करीब 3 बजे प्रदीप दौड़ निकाल कर आराम कर रहा था। उसे ओआरएस दिया गया था। शौचालय जाने की बात कही। शौचालय में न जाकर उसके पास में बैठा और लुढक गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत पाया गया। एक की यादाश्त चली गई है। उसकी पहचान बिहार के लखीसराय के सर्वेश यादव के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया है। सारे लोगों में अजीबोगरीब लक्षण देखने को मिल रहे हैं। चर्चा है कि दौड़ में स्टेमिना बनाने के लिए अभ्यर्थी नशीली दवा का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पायी है। डाक्टर जांच के बाद इस संबंध में कुछ भी कहने को तैयार हैं। इस बीच बहाली के चौथे दिन एक दर्जन अभ्यर्थियों को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। पूरा अस्पताल अस्त व्यस्त हो गया है। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जवानों की तैनाती की गई है और पदाधिकारी भी मामले पर नजर रख रहे हैं। जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने स्थिति का जायजा लिया। 27 अगस्त से मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डे में सिपाही पद के लिए अभ्यर्थियों की बहाली हो रही है, जिसमें झारखंड के अलावा अन्य सीमावर्ती राज्यों के युवा भाग ले रहे हैं। अब तक बेहोश होने वाले ज्यादातर युवा बिहार के रहने वाले पाए गए हैं। एमआरएमसीएच के प्रभारी अधीक्षक डॉ आर रंजन ने बताया कि टेस्ट के बाद पता चलेगा कि अभ्यर्थियों के बेहोश होने का क्या कारण है। देखने से स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद ठीक होने पर अभ्यर्थियों को छोड़ा जा रहा है। फिलहाल पांच गंभीर रूप से बीमार अभ्यर्थी इलाजरत हैं। कुछ को रांची रेफर भी करने की तैयारी है। गिरिडीह में 25 से अधिक अभ्यर्थी बेहोशः गिरिडीह न्यू पुलिस लाइन में चल रहे उत्पाद पुलिस बहाली की दौड़ में शुक्रवार को भी 25 से अधिक अभ्यर्थी अचेत होकर गिर पड़े। गुरुवार को 28 अभ्यर्थी दोड़ के दौरान बेहोश होकर गिर गए थे। आनन-फानन में सभी को सदर अस्पताल लाया गया। अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों ने अस्पताल की अव्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। एक ही बेड पर दो से तीन अभ्यर्थियों को सुला दिया जा रहा है और ठीक से इलाज भी नहीं किया जा रहा है। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। पूरा अस्पताल अस्त व्यस्त हो गया है। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जवानों की तैनाती की गई है और पदाधिकारी भी मामले पर नजर रख रहे हैं। गिरिडीह में 25 से अधिक अभ्यर्थी बेहोशः गिरिडीह न्यू पुलिस लाइन में चल रहे उत्पाद पुलिस बहाली की दौड़ में शुक्रवार को भी 25 से अधिक अभ्यर्थी अचेत होकर गिर पड़े। गुरुवार को 28 अभ्यर्थी दोड़ के दौरान बेहोश होकर गिर गए थे।




## अमेरिका ट्रंप को भूलने और नये मार्ग पर चलने को तैयार: हैरिस

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव की गहमागहमी के बीच पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति



कमला हैरिस ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका नये मार्ग पर चलने और डोनाल्ड ट्रंप को भूलने के लिए तैयार है। ट्रंप चुनाव में ऐसा माहौल बना रहे हैं, जो अमेरिकी चरित्र को कमजोर कर रहा है। डोनाल्ड अमेरिका को बांट रहे हैं।'' कमला हैरिस से पूछा गया कि ट्रंप अकसर आपको अति उदारवादी नेता बताते हैं, इस पर आपकी राय क्या है? उन्होंने कहा, '' मैं मध्यमार्गी हूं। अवैध आव्रजन पर मेरा रुख सख्त रहेगा। विवादित तेल गैस फ्रैकिंग तकनीक का वह समर्थन करती हैं और करती रहेंगी। वह अपने उदार मूल्यों को कभी नहीं छोड़ेंगी।'' कमला हैरिस ने साक्षात्कार में गाजा में युद्धविराम का समर्थन करते हुए कहा कि वह इजराइल का समर्थन करेंगी। साथ ही इजराइल को हथियारों की आपूर्ति जारी रखेंगी। उनका रुख साफ है। वह इस पर राष्ट्रपति जो बाइडेन की नीति पर चलेंगी।

## पीएम मोदी अगले सप्ताह करेंगे ब्रुनेई और सिंगापुर का दौरा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) की तरफ से शुक्रवार को बताया गया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह ब्रुनेई और सिंगापुर का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा, प्रधानमंत्री मोदी महामहिम सुल्तान हसनल बोल्किया के निमंत्रण पर 3-4 सितंबर को ब्रुनेई का दौरा करेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। यह यात्रा भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इसके बाद प्रधानमंत्री ब्रुनेई से 4 और 5 सितंबर को प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर सिंगापुर का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को पहले बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जाना था। जो 3-4 सितंबर को बैंकॉक में होने वाला था।

## बांग्लादेशी नेता के शव मिलने की उच्च स्तरीय जांच से किया इन्कार

**शिलांग।** मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के अवामी लीग के नेता इसाक अली खान पान्ना की मौत और शव की बरामदगी मामले की जांच सरकार किसी भी उच्च स्तरीय एजेंसी या एनआईए से नहीं कराएगी। उन्होंने कहा कि शव की बरामदगी के बारे में बांग्लादेश उच्चायोग को सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के नेता की मौत के कारणों का पता फॉरेंसिक जांच के बाद ही चल पाएगा। इसाक के शव मिलने के बाद मेघालय पुलिस ने घटना के सिलसिले में बांग्लादेश के उच्चायुक्त से संपर्क किया है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में भयावह हालात के बीच मेघालय में उन्कियांग में 26 अगस्त की शाम को तमोल बाग में क्षतविक्षत शव मिला था। बाद में नेता की पहचान अवामी लीग के इसाक अली खान पान्ना के रूप में हुई।

# मोदी ने लंबे समय तक सत्ता में रहने का दिया संकेत

### कहा - दसवें ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को भी संबोधित करने आऊंगा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) को संबोधित करते हुए संकेत दिए कि उनका इरादा लंबे समय तक सत्ता में बने रहने का है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, यह पांचवां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट है। मैं दसवें फिनटेक फेस्ट को संबोधित करने के लिए भी यहां आऊंगा। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का फिनटेक इकोसिस्टम भारत के लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवनशैली प्रदान करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत का फिनटेक इकोसिस्टम पूरी दुनिया के जीवन को आसान बनाएगा। हमारा सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। देश में फिनटेक उद्योग द्वारा लाए गए बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने न केवल भारत के तकनीकी मोर्चे को बदल दिया गया है, बल्कि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई को पाटकर व्यापक सामाजिक प्रभाव भी डाला है। मोदी ने आगे बताया कि वही बैंकिंग सेवाएं जो पहले पूरा दिन ले लेती थीं और किसानों और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए बाधाएं पैदा करती थीं, अब फिनटेक की मदद से मोबाइल फोन पर आसानी से उपलब्ध हैं।

**31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश :** प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले 10 साल में फिनटेक स्पेस में 31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हुआ है। 10 साल में हमारे फिनटेक स्टार्टअप में 500 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कोरोना के दौरान पूरे वर्ष 24 गुणा 7 बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए फिनटेक स्टार्टअप्स को श्रेय देते हुए मोदी ने उनसे आग्रह किया कि वे पूरी दुनिया को अधिक आसानी से व्यापार करने में मदद करें और इस प्रकार पूरी दुनिया को बेहतर जीवन जीने में मदद करें।

### वित्तीय सेवाओं के लोकतांत्रीकरण में फिनटेक की भूमिका अहम

प्रधानमंत्री ने कहा कि आसानी से उपलब्ध ऋण, क्रेडिट कार्ड, निवेश और बीमा वित्तीय सेवाओं के लोकतांत्रीकरण के उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि फिनटेक ने ऋण तक पहुंच को आसान और समावेशी बना दिया है। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना का उदाहरण दिया, जिसने स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने और डिजिटल लेनदेन की मदद से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाया है। उन्होंने शेयर बाजारों और म्यूचुअल फंड, निवेश रिपोर्ट और डीमैट खाते खोलने की आसान पहुंच का भी उल्लेख किया। डिजिटल इंडिया के उदय का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दूरस्थ स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल शिक्षा और कौशल सीखने जैसी सेवाएं फिनटेक के बिना संभव नहीं होंगी। मोदी ने कहा, भारत की फिनटेक क्रांति जीवन की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे देश के फिनटेक इकोसिस्टम पर भरोसा है और यह भारतीयों को गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करेगा।

## पाकिस्तान में सैन्य अधिकारी और उनके तीन परिजन टीटीपी के कब्जे में

एजेंसी

**डेरा इस्माइल खान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से गुरुवार को अगवा किए गए एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सहित दो-तीन लोगों के अलग-अलग वीडियो प्रतिबंधित आतंकी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने जारी किए हैं। आतंकवादी इस सैन्य अधिकारी, उनके दो भाइयों और भतीजे को डेरा इस्माइल खान के उनके पैतृक क्षेत्र कलाची तहसील के मोहल्ला खादर खेल की एक मस्जिद से जबरिया उठा ले गए थे। पाकिस्तान आर्मी ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है। अगवा किए गए सैन्य अधिकारी का नाम लेफ्टिनेंट कर्नल खालिद है। आतंकवादी खालिद व उनके दो भाई आसिफ और फहद के अलावा भतीजे अब्राहम को भी साथ ले गए। ऑफिसर अपने पिता की मौत के बाद जनाजे में मिट्टी देने पहुंचे थे।

## लखनऊ में संयुक्त कमांडर सम्मेलन में सेनाओं के एकीकरण पर विमर्श

**नई दिल्ली ।** सशस्त्र बलों के भीतर आंतरिक 'प्रक्रिया सुधार' करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का संयुक्त कमांडर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भारतीय सैन्य बलों का यह संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) 04-05 सितंबर 2024 को लखनऊ के मध्य कमान मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भविष्य के संघर्षों के लिए तैयारी, तीनों सैन्य सेवाओं के बीच संयुक्तता और सेनाओं के एकीकरण पर चर्चा होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह पहला दो दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन है। इसका विषय 'सशक्त एवं सुरक्षित भारतः सशस्त्र बलों का रूपांतरण' है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

## यूक्रेन का एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त टॉप पायटल की मौत



**कीव।** यूक्रेन का एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह लड़ाकू विमान रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। यूक्रेन की वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सेना की तरफ से फेसबुक पर किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि लड़ाकू विमान सोमवार को उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब रूस ने यूक्रेन पर एक बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि कुछ रूसी मिसाइल और ड्रोन को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही एफ-16 विमानों ने मार गिराया।

## पाकिस्तान के साथ बातचीत का युग हो गया है खत्म : एस. जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत का युग खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि 'कार्रवाई के परिणाम होते हैं।' दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन समारोह में जयशंकर ने कहा, पाकिस्तान के साथ वार्ता का युग समाप्त हो चुका है। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, अनुच्छेद 370 खत्म हो चुका है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत पाकिस्तान के साथ रिश्ते को ऐसे ही जारी रखने से संतुष्ट है, उन्होंने कहा, शायद हां, शायद नहीं।

मैं जो कहना चाहता हूं कि हम निष्क्रिय नहीं हैं और चाहे घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक दिशा में जाएं। किसी भी तरह हम प्रतिक्रिया करेंगे। मार्च में अपनी सिंगापुर यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को



लगभग उद्योग-स्तर पर प्रायोजित करने का उल्लेख किया था, लेकिन इस बात पर जोर दिया था कि भारत इस समस्या से मुंह नहीं मोड़ेगा। उनकी टिप्पणियां जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं, जहां दोनों मुख्यधारा की क्षेत्रीय पार्टियों, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने पाकिस्तान के साथ बातचीत और संबंध बहाल करने की बात कही है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध 5 अगस्त 2019 से समाप्त हो चुके हैं, जब भारत ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था।

## दोषियों का साथ देते हैं राहुल व अखिलेश : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों की स्थानीय समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। भाजपा नेता ने हाल ही में फरुर्खाबाद की घटना पर राहुल गांधी के ट्वीट को लेकर उन पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को हापुड़ में हुई घटना दिखाई देती है, उन्हें फरुर्खाबाद दिखाई देता है, लेकिन बंगाल में डॉक्टर बेटी के साथ हुई घटना उन्हें दिखाई नहीं देती। राहुल गांधी और अखिलेश यादव बलात्कारियों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। ये लोग सिर्फ लक्षित मुद्दों पर राजनीति करते हैं। लेकिन बंगाल की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए ये अपना मुंह नहीं खोलेंगे।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग क्षेत्र का एक लोकप्रिय डिसिप्लिन है, जो पूरी तरह से पर्यावरण से सम्बंधित है। एनवायर्नमेंटल इंजीनियर प्रदुषण और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों के उपाय के लिए एनर्जी के नए सोर्स खोजने का काम करता है। वह रुरल और अर्बन क्षेत्र में वेस्ट और वॉटर मैनेजमेंट बेहतर करने के लिए, प्रदूषण से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए डिवाइस बनाते हैं। एनवायर्नमेंटल इंजीनियर, टेक्नोलॉजी में हो रहे विकास से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करते हैं जैसे: ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, वर्षा की कमी, एसिड रेन आदि। एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग में जल और वायु प्रदूषण नियंत्रण, रीसाइक्लिंग, वेस्ट डिस्पोजल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे और साथ ही साथ एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग कानून से संबंधित नॉलेज का अध्ययन शामिल है।

# एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर

**एनवायर्नमेंटल इंजीनियर की जिम्मेदारियां...** एनवायर्नमेंटल इंजीनियर पर पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान कर पृथ्वी और मनुष्य जाति को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी होती है। पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने के प्रति एनवायर्नमेंटल इंजीनियर की कुछ जिम्मेदारियां नीचे दी गई है:

- एनवायर्नमेंटल रिपोर्ट तैयार करना और उसे एनालिसिस करना।
- •पर्यावरण सुरक्षा के लिए योजना बनाना और उसकी डिज़ाइन तैयार करना।
- पर्यावरण प्रदूषण को रोकने वाले प्रोजेक्ट की क्वालिटी और सेफ्टी की जाँच करना।
- एनवायर्नमेंटल इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम की प्रोग्रेस को मॉनिटर करना।
- एनवायरनमेंट इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम, परमिट्स और ऑपरेटिंग प्रोसीजर को अपडेट और मैंटेन करना।



### एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन

- कोस्टल इंजीनियरिंग
- जियोफिजिकल इंजीनियरिंग
- ओसियन इंजीनियरिंग
- सॉलिड वेस्ट इंजीनियरिंग
- इकोलॉजिकल इंजीनियरिंग
- वॉटर रिसोर्स इंजीनियरिंग
- ग्राउंडवॉटर हाइड्रोलॉजी
- एनवायर्नमेंटल केमो डायनामिक्स
- क्लाइमेटोलॉजी
- जियोमोर्फोलॉजी
- कलेक्शन सिस्टम डिज़ाइन
- एनवायर्नमेंटल मैनेजमेंट

### एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के बाद करियर विकल्प

- एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग
- बायोलॉजी
- केमिकल इंजीनियरिंग
- केमिस्ट्री
- सिविल इंजीनियरिंग
- इकोलॉजी
- जियोग्राफी
- जियोलॉजी
- हाइड्रोज्योलोजी
- पब्लिक हेल्थ
- सॉलिड वैस्ट
- वॉटर ट्रीटमेंट
- वैस्ट वॉटर ट्रीटमेंट

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

*भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़ की लिस्ट नीचे दी गई है :*

***सभी आईआईटी***

- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- •इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- •रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- •मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- •विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- •दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- •नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- •एपीजी शिमला विश्वविद्यालय, शिमला
- •नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- •आल इंडिया श्री शिवाजी मेमोरियल सोसाइटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे
- •यूनिवर्सिटी ऑफ़ विग्नन, गुंटूरी
- सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई